रांची, सोमवार | 11 मई 2026 | वर्ष-27, अंक-98, पृष्ठ-12
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 09, संवत 2083 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155
मूल्य 2 रु.
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
www.rastriyanaveenmail.com
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 10





रांची का तापमान

| रांची | कांके |
|---|---|
| अधिक. 33.3° | अधिक. 32.8° |
| न्यून. 16.5° | न्यून. 16.4° |

## दृष्टिपात

### फायरिंग मामले में दो आरोपी हथियार के साथ गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** टेल्को थाना क्षेत्र के मिश्रा बगान में हाल ही में हुई फायरिंग की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से देसी पिस्तौल, जिंदा कारतूस, खोखा और मोबाइल फोन बरामद किया है। मामले में पुलिस अब अन्य फरार आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में सिटी एसपी ललित मीणा ने बताया कि इस संबंध में टेल्को थाना कांड संख्या 68/26 दिनांक 09 मई 2026 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### मेदिनीनगर : छह किलो गांजा और दो लाख रुपए बरामद

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में गांजा और नकदी बरामद की है। इस संबंध में पांकी थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में रविवार को प्रेस रिलीज जारी कर पुलिस की ओर से बताया गया कि नौ मई को पलामू पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि पांकी थाना अंतर्गत ग्राम दुबईया माइन निवासी अनुज सिंह उर्फ अनुज दूबे अपने घर में अवैध रूप से गांजा रखकर उसकी खरीद-बिक्री कर रहा है।

### पांच लाख के इनामी रहे पूर्व माओवादी कमांडर की हत्या

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में एक पूर्व माओवादी कमांडर की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस ने पांडू थाना क्षेत्र के बेलहारा इलाके से शनिवार को एक शव बरामद किया था, जिसकी पहचान रविवार को कुख्यात पूर्व नक्सली जगनारायण यादव उर्फ विशाल यादव के रूप में हुई है। एक समय झारखंड सरकार ने विशाल यादव पर पांच लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विशाल यादव मूल रूप से पलामू के छतरपुर स्थित गुरदी गांव का निवासी था। वह पांडू क्षेत्र में अपने एक रिश्तेदार के यहां वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने गया था।

## करोड़ों की ठगी करने वाले साइबर अपराधी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है। सीआईडी



झारखंड की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में एक साइबर अपराधी को उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को मिर्जापुर पुलिस के सहयोग से पकड़ा गया। सीआईडी के मुताबिक, ठगी का यह मामला साइबर क्राइम थाना कांड संख्या 27/26 के तहत दर्ज किया गया है। वादी की लिखित शिकायत के आधार पर 10 मार्च 2026 को केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि पीड़ित को व्हाट्सऐप के जरिए फॉरेक्स ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का लालच दिया गया।

### व्हाट्सऐप ग्रुप में जोड़कर रचा गया ठगी का जाल

जांच में पता चला कि ठगों ने पीड़ित को एफएक्सपीआरओ ग्रुप - सीसी नाम के एक व्हाट्सऐप ग्रुप से जोड़ा।

शेष पेज 11 पर


### मिर्जापुर से चल रहा था खेल

#### जांच में खुला फर्जी प्लेटफॉर्म का खेल

सीआईडी की जांच में सामने आया कि जिस प्लेटफॉर्म के जरिए निवेश कराया जा रहा था, वह पूरी तरह फर्जी था और साइबर ठगी का माध्यम बनाकर इस्तेमाल किया जा रहा था। पुलिस ने तकनीकी जांच और अन्य साक्ष्यों के आधार पर गिरोह से जुड़े लोगों की पहचान शुरू की। अनुसंधान के दौरान संलिप्तता के आधार पर एक आरोपी बृजेश सिंह को मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके पास से इस मामले से जुड़े मोबाइल फोन, सिम कार्ड, डेबिट कार्ड और चेक बुक बरामद किए हैं।

#### सीआईडी ने लोगों को दी यह सलाह

सीआईडी ने लोगों से अपील की है कि निवेश से जुड़े किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। खासकर व्हाट्सऐप, टेलीग्राम या गूगल विज्ञापनों के जरिए आने वाले निवेश प्रस्तावों से बचें। पुसलाह दी गयी है कि व्हाट्सऐप या टेलीग्राम पर मिले निवेश ऑफर पर भरोसा न करें, किसी अनजान बैंक खाते या यूपीआई आईडी में निवेश के नाम पर पैसे ट्रांसफर न करें, केवल सरकार द्वारा अधिकृत और विश्वसनीय प्लेटफॉर्म पर ही निवेश करें और निवेश से पहले पूरी जानकारी और सत्यापन जरूर करें।




## हादसा : मैजिक और टेंपो की भीषण भिड़ंत में 3 की मौत, डेढ़ दर्जन घायल

नवीन मेल संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर-भवनाथपुर मुख्य मार्ग पर रविवार दोपहर दहेड़िया के समीप मैजिक और टेंपो की आमने-सामने की भीषण टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब डेढ़ दर्जन यात्री घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, केतार थाना क्षेत्र के छाताकुंड गांव से लोग टेंपो पर सवार होकर कुंबा गांव में आयोजित छेका कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही मैजिक ने टेंपो में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर सत्येंद्र नारायण सिंह, जितेंद्र कुमार आजाद तथा उपेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। गढ़वा सदर अस्पताल में इलाज के दौरान अवधेश उरांव, अजय कुमार और मैजिक चालक इंद्रजीत गुप्ता की मौत हो गई। वहीं पांच गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर किया गया है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।


### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आने से बच्ची की मौत

**जामताड़ा।** जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोविंदपुर-साहिबगंज मुख्य मार्ग पर रविवार को एक बेकाबू स्कॉर्पियो ने नौ वर्षीय बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया। इस भीषण सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल मासूम ने अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान कोरीडीह वन गांव निवासी सफाउल अंसारी की पुत्री सजदा खातून के रूप में हुई है। इस घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने करीब तीन घंटे तक हाईवे जाम रखा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सजदा रविवार को एक तालाब में स्नान करने के बाद पैदल अपने घर लौट रही थी।

## आकाशीय बिजली गिरने से बच्चे की मौत, छोटा भाई घायल

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिले के भरनो प्रखंड के सुकुरहटू गांव में आकाशीय बिजली



गिरने से एक 12 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई, जबकि उसका छोटा भाई गंभीर रूप से झुलस गया। मृतक बच्चे की पहचान सुकुरहटू गांव निवासी फुलेंद्र महतो के पुत्र अमन महतो (12) के रूप में हुई है।वहीं उसका छोटा भाई अमित महतो (10) इस घटना में घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार दोनों भाई घर के बगल स्थित खेल मैदान में बकरी चराने गए थे। शाम को बारिश शुरू होने पर दोनों भाई बकरी लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज बारिश और गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने से दोनों भाई इसके चपेट में आ गये। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे तथा दोनों बच्चों को तत्काल वहां से उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद छोटे भाई अमित महतो को खतरे से बाहर बताते हुए छुट्टी दे दी। वहीं बड़े भाई अमन महतो की स्थिति अत्यंत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया।

शेष पेज 11 पर

## एनसीईआरटी की नकली किताबों के कारोबार का भंडाफोड़, तीन दुकानों पर प्राथमिकी दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में नकली एनसीईआरटी किताबों की बिक्री का मामला उजागर होने के बाद जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। प्रशासन ने शहर की तीन पुस्तक दुकानों के खिलाफ कॉपीराइट अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है।

आरोप है कि इन दुकानों में कक्षा 9 की नकली एनसीईआरटी किताबें बेची जा रही थीं। कार्रवाई के बाद शहर के पुस्तक कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। जिन दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, उनमें संगम बुक डिपो, ज्ञान भंडार-वन और ज्ञान भंडार-टू शामिल हैं। जिला प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि इन दुकानों पर एनसीईआरटी के नाम पर फर्जी किताबों की बिक्री की जा रही है। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने मामले की जांच शुरू की। उपायुक्त हेमंत सती के निर्देश पर शुक्रवार शाम करीब पांच बजे जिला प्रशासन की टीम ने तीनों दुकानों पर एक साथ छापेमारी की।

शेष पेज 11 पर

### दुकानदारों पर कॉपीराइट अधिनियम लागू

जांच के दौरान दुकानदारों ने कहा कि वे छात्रों से पुरानी एनसीईआरटी किताबें खरीदकर अन्य छात्रों को बेचते हैं। हालांकि प्रशासन का मानना है कि मामला केवल पुरानी किताबों के पुनर्विक्रय तक सीमित नहीं है, बल्कि नकली किताबों के कारोबार से जुड़ा हो सकता है। छापेमारी के दौरान संदिग्ध किताबों को जब्त कर लिया गया। पूरी कार्रवाई स्थानीय लोगों और गवाहों की मौजूदगी में की गई। इसके बाद संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कॉपीराइट अधिनियम, 1957 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शिक्षा के नाम पर किसी भी तरह की अनियमितता

शेष पेज 11 पर

### जनगणना का दूसरा चरण 16 से, घर-घर होगा सर्वे

**रांची।** जनगणना के दूसरे चरण में मकान सूचीकरण एवं घर-घर गणना कार्य का दूसरा चरण 16 मई से शुरू होगा। यह अभियान 14 जून तक चलेगा। इस दौरान प्रगणक घर-घर जाकर प्रत्येक मकान और परिवार का विस्तृत विवरण जुटाएंगे। सरकार ने लोगों से सहयोग करने और सही जानकारी देने को कहा है। दूसरे चरण में प्रगणक मकान की स्थिति, उपलब्ध सुविधाएं, परिवार की मूलभूत जानकारी सहित अन्य जरूरी विवरण लिखेंगे। अधिकारियों के अनुसार यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी परिवार की जानकारी छूटने न पाए और सभी आंकड़े सही तरीके से संकलित हों।

शेष पेज 11 पर

## दर्दनाक हादसा...



## हजारीबाग के गोरहर में दो सड़क दुर्घटनाएं, दो की मौत, तीन घायल

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के गोरहर थाना क्षेत्र में रविवार को कुछ ही घंटों के भीतर हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। लगातार हुई इन दुर्घटनाओं के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। पहली दुर्घटना रविवार सुबह गोरहर थाना क्षेत्र में हुई।

सब्जियों से लदा एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन अचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी के रूप में की गई है। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। गोरहर थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। वाहन में चालक का शव बुरी तरह फंसा हुआ था, जिसे बाहर निकालने के लिए पुलिस और स्थानीय लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। लंबे प्रयास के बाद शव को बाहर निकाला गया।

शेष पेज 11 पर

### तीखे मोड़ व तेज रफ्तार से हुई दुर्घटना

स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस ने संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव अभियान चलाया। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही गोरहर थाना प्रभारी रवि रंजन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों हादसों में शामिल वाहनों को जब्त कर लिया गया है। सड़क पर यातायात व्यवस्था बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही दुर्घटनाओं के कारणों की तकनीकी जांच भी शुरू कर दी गई है। इधर, लगातार हो रहे सड़क हादसों से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की खराब स्थिति, तीखे मोड़ और तेज रफ्तार वाहनों के कारण यह इलाका अब दुर्घटना संभावित 'ब्लैक स्पॉट' बन चुका है। लोगों का कहना है कि यहां आए दिन हादसे होते रहते हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## गृह मंत्रालय ने की नगर निगम की सराहना

### प्रशंसा पत्र मिला

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** जनगणना 2027 की तैयारियों में बेहतर काम करने पर केंद्रीय गृह मंत्रालय अंतर्गत जनगणना संचालन निदेशालय ने रांची नगर निगम की सराहना की है। आईएएस प्रभात कुमार ने नगर आयुक्त को प्रशंसा पत्र भेजकर निगम की कार्यशैली, सक्रियता और समय पर काम की तारीफ की है।

**एचएलबी जियो-टैगिंग व डिमार्केशन में बेहतर प्रदर्शन :** निदेशालय की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि जनगणना 2027 के पहले चरण में एचएलबी जियो टैगिंग और एचएलबी डिमार्केशन जैसे अहम कार्यों में रांची नगर निगम ने राज्य में बेहतर प्रदर्शन किया है। 27 अप्रैल तक की रिपोर्ट के अनुसार निगम ने लगभग 100 फीसदी काम पूरा कर लिया है। इसे राज्य के अन्य निकायों के लिए भी प्रेरणादायक बताया गया है।

**पूरी जनगणना प्रक्रिया की 'नींव' हैं ये कार्य :** जनगणना निदेशालय ने कहा कि एचएलबी जियो टैगिंग और डिमार्केशन

शेष पेज 11 पर

### जीआईएस मैपिंग पर बेहतर कार्य के लिए झारखंड को मिली 5 करोड़ प्रोत्साहन राशि



**रांची।** रांची नगर निगम द्वारा किए गए जीआईएस आधारित एसेट मैपिंग कार्य के चलते झारखंड राज्य को भारत सरकार से 5 करोड़ की प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई है। यह राशि भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित "स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट 2025-26" योजना के तहत शहरी सुधार के लिए स्वीकृत की गई है। यह उपलब्धि रांची नगर निगम द्वारा नगर निगम परिसंपत्तियों की जीआईएस आधारित मैपिंग और शहरी क्षेत्रों में सरकारी भूमि की डिजिटल इन्वेंट्री तैयार करने के कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद हासिल हुई है। रांची नगर निगम ने यह कार्य झारखंड स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के तकनीकी सहयोग से पूरा किया।

शेष पेज 11 पर

### नकल

### एसएससी जीडी कांस्टेबल परीक्षा, स्क्रीन पर खुद हल हो रहे थे सवाल

## हाईटेक नकल का हुआ पर्दाफाश, छह गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** एसएससी जीडी कांस्टेबल 2026 परीक्षा के दौरान रांची में हाईटेक गड़बड़ी की आशंका ने हड़कंप मचा दिया। परीक्षा के बीच कंप्यूटर स्क्रीन पर कर्सर अपने आप चलने की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और परीक्षा प्रबंधन में अफरा-तफरी मच गई। मामला इतना गंभीर था कि रांची पुलिस ने तुरंत कई टीमों का गठन कर छापेमारी की और 6 अभ्यर्थियों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें बिहार और झारखंड के अभ्यर्थी शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों में मधुबनी के ऋषिकेश कुमार यादव, कोडरमा के आर्यन कुमार, हजारीबाग के राहुल कुमार, गुमला के रवि रंजन कुजूर, पटना के राजकुमार और अरवल की अनु कुमारी शामिल हैं। पुलिस ने परीक्षा केंद्र के सेंटर सुपरिटेंडेंट और आईटी हेड के खिलाफ भी केस दर्ज किया है। इस बात का खुलासा रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने किया है।

सिटी एसपी पारस राणा ने मीडिया को बताया कि यह मामला बीते नौ मई को आयोजित एसएससी जीडी कॉन्सटेबल 2026 परीक्षा से जुड़ा है। रांची के द फ्यूचरिस्टिक ऑनलाइन एग्जामिनेशन सेंटर (सेंटर कोड-160513) में प्रथम पाली की परीक्षा चल रही थी। इसी दौरान लैब-01 के कुछ कंप्यूटर सिस्टम में कर्सर अपने आप मूव करता दिखा। इसके बाद परीक्षा केंद्र प्रबंधन ने स्थानीय पुलिस और प्रतिनियुक्त परीक्षा नोडल पदाधिकारी को सूचना दी।

### सूचना मिलते ही एक्शन में आई पुलिस

मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची पुलिस तुरंत सक्रिय हुई। कोतवाली एएसपी के नेतृत्व में कई टीमों का गठन किया गया। अलग-अलग विभागों के साथ समन्वय बनाकर परीक्षा केंद्र पर जांच शुरू की गई। शुरुआती जांच में तकनीकी छेड़छाड़ और साइबर फ्रॉड की आशंका सामने आने के बाद कार्रवाई तेज कर दी गई। पुलिस ने सुखदेवनगर (पंडरा) थाना में मामला दर्ज किया है। एफआईआर में परीक्षा केंद्र के सेंटर सुपरिटेंडेंट, सेंटर आईटी हेड और 6 अभ्यर्थियों को आरोपी बनाया गया है।

**इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त :** छापेमारी के दौरान पुलिस ने परीक्षा केंद्र से कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए। बरामद सामान ने मामले को और संदिग्ध बना दिया है। बरामदगॉ किये सामानों में 6 कंप्यूटर, 2 सीसीटीवी डीवीआर, 2 फायरवॉल, 1 एयरटेल राउटर, 1 जियो राउटर, 1 सीपीयू, 2 सी-डैक बॉक्स, 6 एडमिट कार्ड, 5 मोबाइल फोन और 1 टैब शामिल हैं। पुलिस अब इन सभी उपकरणों की तकनीकी और फॉरेंसिक जांच कराएगी।

## रोलिंग ब्लॉक का असर, कई ट्रेनें रद्द, कई के बदले रूट

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में इंजीनियरिंग, टीआरडी और सिग्नल एवं टेलीकम्युनिकेशन विभाग रेल पटरी के रखरखाव के



लिए जरूरी मेंटेनेंस कार्य करने वाली है। इसके लिए 11 मई से 17 मई तक संयुक्त रोलिंग ब्लॉक कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिसके चलते कई ट्रेनों परिचालन प्रभावित होंगे।

इस दौरान कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। रेलवे के अनुसार 68079/68080 भोजूडीह-चंद्रपुरा-भोजूडीह मेमू 12 मई, 15 मई और 17 मई को रद्द रहेगी। वहीं 68090/68089 आद्रा-मिदनापुर-आद्रा मेमू 15 मई को और 68077/68078 आद्रा-भागा-आद्रा मेमू 17 मई को रद्द रहेगी। इसके अलावा कुछ ट्रेनों को आंशिक रूप से समाप्त और प्रारंभ किया जाएगा। 68055/68056 आसनसोल-टाटानगर-आसनसोल मेमू 13 मई, 15 मई, 16 मई और 17 मई को आद्रा तक ही चलेगी। इस दौरान आद्रा–टाटानगर–आद्रा खंड में ट्रेन सेवा रद्द रहेगी।

68056/68060 टाटानगर-आसनसोल-बराभूम मेमू 11 मई को आद्रा तक ही संचालित होगी। वहीं 63594/63593 आसनसोल-पुरुलिया-आसनसोल मेमू 14 मई को आद्रा तक ही चलेगी। इस दौरान संबंधित खंडों में ट्रेन सेवा प्रभावित रहेगी।

शेष पेज 11 पर

### बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत को लिखी चिट्ठी, कहा

# धनबाद में चल रहा वर्दी वर्सेस गैंग, एसएसपी को हटाएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान द्वारा विदेश से वीडियो जारी कर धनबाद एसएसपी प्रभात कुमार, पुलिस प्रशासन, कोयला तंत्र और कथित वसूली नेटवर्क को लेकर कई चौंकाने वाले आरोप सामने रखे हैं। इसे लेकर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र के साथ उन्होंने इन वीडियो को डीवीडी के रूप में भी दिया है। पत्र में उन्होंने लिखा कि यह केवल किसी अपराधी का बयान नहीं, बल्कि पूरे प्रशासनिक ढांचे की विश्वसनीयता पर सवाल है। उन्होंने पत्र में मांग रखते हुए कहा है कि धनबाद के एसएसपी को तत्काल हटाया जाए। पूरे मामले की न्यायिक निगरानी में जांच हो। माइनिंग माफिया और वसूली नेटवर्क की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए। पूरे प्रकरण की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से कराई जाए, ताकि निष्पक्षता और जनता का विश्वास बहाल हो सके।

पत्र में उन्होंने कहा कि झारखंड, खासकर धनबाद की स्थिति ऐसी बन गई है जहां पुलिस और अपराधियों के बीच अंतर मिटता नजर आ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर गैंगस्टर का नेटवर्क है, वहीं दूसरी ओर वर्दीधारी तंत्र। दोनों के बीच वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। पत्र में लिखा कि फर्क सिर्फ इतना रह गया है कि एक बिना वर्दी के वसूली कर रहा है और दूसरा वर्दी पहनकर। उन्होंने धनबाद के एसएसपी प्रभात कुमार पर लगे आरोपों का जिक्र करते हुए कहा कि यह किसी एक अधिकारी का मामला नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की साख पर सवाल है। पत्र में कहा कि वीडियो में गरीबों की जमीन कब्जाने, माइनिंग माफिया से गठजोड़ और व्यापारियों पर दबाव बनाने जैसे आरोप बेहद चिंताजनक हैं। उन्होंने लिखा कि आज धनबाद में व्यापारियों और आम नागरिकों के बीच भय का माहौल है।

### कांग्रेस का संवाद सह बीएलए -2 प्रशिक्षण शिविर आयोजित, बोलीं दीपिका पांडेय सिंह

# प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रहना चाहिए : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** महागामा प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा रविवार को महागामा में संवाद सह बीएलए -2 (बूथ लेवल एजेंट) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में प्रखंड के विभिन्न बूथों से बड़ी संख्या में कांग्रेस के बूथ एजेंटों, पंचायत अध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देना और मतदाता सूची में हो रही संभावित अनियमितताओं के प्रति बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को सजग और प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण के दौरान बूथ एजेंटों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने, पात्र मतदाताओं के नाम कटने से रोकने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई।



संगठन और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाए रखना है

इस अवसर पर स्थानीय विधायक एवं झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में हर वोट का अपना महत्व है और प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रहना चाहिए। उन्होंने बूथ लेवल एजेंटों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी सजगता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम किसी भी परिस्थिति में मतदाता सूची से न कटे।

उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से यदि किसी प्रकार की साजिश कर मतदाताओं के अधिकारों को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है, तो उसे बूथ स्तर पर जागरूकता और संगठनात्मक मजबूती के माध्यम से विफल किया जाएगा। इसके लिए कार्यकर्ताओं को प्रक्रिया की सभी बारीकियों को समझना होगा और जरूरत पड़ने पर हर पात्र मतदाता की सहायता करनी होगी।

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि यदि संगठन और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाए रखना है, तो प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ मैदान में उतरना होगा। उन्होंने कहा कि मताधिकार लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और इसे सुरक्षित रखना कांग्रेस पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कार्यक्रम में कांग्रेस महासचिव एवं गोड्डा प्रभारी सुश्री गुंजन सिंह, गोड्डा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष याहया सिद्दीकी, एसआईआर प्रशिक्षक मुद्दसिर खान, महागामा प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मिनहाज आलम, महागामा नगर पंचायत उपाध्यक्ष नीलेश कुमार सिंह सहित बीएलए, पंचायत अध्यक्ष, पंचायत समिति सदस्य, ब्लॉक समिति सदस्य एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण शिविर का सामूहिक संकल्प था कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से न कटे और प्रत्येक नागरिक अपने संवैधानिक मताधिकार का निर्बाध रूप से प्रयोग कर सके। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र और मतदाता अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी मजबूती से कार्य करने का संकल्प लिया।

## संजय सेठ ने हिमंत सरमा को दी बधाई



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने असम में भाजपा की ऐतिहासिक एवं प्रचंड विजय के बाद सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुने जाने पर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री सेठ ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और हिमंत बिस्वा सरमा के दूरदर्शी नेतृत्व में असम विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और समृद्धि की नई ऊंचाइयों को लगातार प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में असम प्रगति, सांस्कृतिक गौरव और जनकल्याण का नया अध्याय लिख रहा है। साथ ही राज्य 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। संजय सेठ ने भाजपा कार्यकर्ताओं और असम की जनता को भी इस ऐतिहासिक जनादेश के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास आधारित राजनीति पर जनता के विश्वास का प्रतीक है।

### यदुवंशी संकल्प महासम्मेलन में उठी ओबीसी के हक की आवाज

# शिक्षा के क्षेत्र में भी हमें आगे बढ़ने की जरूरत है : कैलाश यादव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण विकास परिषद के तत्वावधान में पुराने विधानसभा सभागार में यदुवंशी संकल्प महासम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें राज्यभर से परिषद से जुड़े लोगों ने हिस्सा लिया। इस सम्मेलन में पिछड़ों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ने की बड़ी जवाबदेही अहीर समुदाय के ऊपर होने की बात कही गई है।

सम्मेलन में सेवानिवृत्त अभियंता देवबिहारी यादव, दिवाकर सिंह, नंदन यादव, कैलाश यादव सहित श्री कृष्ण विकास परिषद से जुड़े कई नेता शामिल रहे। इस दौरान यदुवंशी समाज में शिक्षा को लेकर अभी भी उदासीन रवैया पर वक्तताओं ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अगर समाज को आगे ले जाना है तो सामान्य शिक्षा के साथ तकनीकी शिक्षा में भी हमारे बच्चों को आगे आना होगा। श्री कृष्ण विकास परिषद के संरक्षक नंदन यादव ने कहा कि समाज का कल्याण सिर्फ शिक्षा से नहीं बल्कि एक दूसरे को मदद करने से होता है, लेकिन हम धरातल पर



देखते हैं कि यदुवंशी समाज का कोई व्यक्ति अगर आगे बढ़ जाता है तो ज्यादातर मामले में उनकी सोच भी सामंती हो जाती है। नंदन यादव ने कहा कि "सामंती" कोई जाति विशेष नहीं होता बल्कि कई व्यक्ति अपने विचार से सामंती होता है। श्री कृष्ण विकास परिषद के प्रधान संरक्षक और राजद नेता कैलाश यादव ने कहा कि सामाजिक एकता को बढ़ाने के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी हमें आगे बढ़ने की जरूरत है। सामाजिक चेतना से ही समाज आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि आज बहुत खुशी है कि युवा साथी भी यहां पर हैं। जब हमारी नई पीढ़ी समाज में रुचि लेने लगेगी तो हमारे समाज को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकेगा।

उन्होंने कहा कि लालू यादव, मुलायम सिंह यादव, शरद यादव, बीपी मंडल जैसे कई नेता हुए जिन्होंने समाज को दिशा दी है। हमें पढ़ाई लिखाई करना है लेकिन यह नहीं भूलना है कि हमारी उत्पत्ति ही सताए लोगों की रक्षा के लिए हुई है। उन्होंने कहा कि कुछ तो खास होगा जो भगवान ने भी कृष्ण के रूप में हमारे कुल में जन्म लिया। कैलाश यादव ने कहा कि शिक्षा हमारी पहली और अंतिम प्राथमिकता है लेकिन हमारा समाज अपने सामने जुल्म होता नहीं देख सकता।

कैलाश यादव ने कहा कि 25 वर्षों के झारखंड में सिर्फ राज्य में ओबीसी को बांटने और हमारी हकमारी का काम हुआ। हमारी आबादी राज्य में 14% है और कुल ओबीसी की आबादी 60% है। हम कानूनी रूप से 27% आरक्षण के हकदार हैं, लेकिन राज्य के ओबीसी समाज को महज 14% आरक्षण मिल रहा है, जो अन्यायपूर्ण है।

### महेश पोद्दार ने बार कॉउंसिल को भेजा प्रस्ताव

# अधिवक्ताओं के ब्लैक कोट नियम में बदलाव की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार द्वारा देशभर के अधिवक्ताओं के लिए अनिवार्य ब्लैक कोट व्यवस्था की समीक्षा एवं न्यायालयों की आधारभूत संरचना में सुधार को लेकर उठाए गए मुद्दे पर भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय ने संज्ञान लिया है। पूर्व सांसद महेश पोद्दार ने इस संबंध में केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को पत्र लिखकर भारत की विविध जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप अधिवक्ताओं के ड्रेस कोड की समीक्षा करने तथा न्यायालयों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की मांग की थी।

उन्होंने अपने पत्र में कहा था कि अंग्रेजों के समय से चली आ रही अनिवार्य ब्लैक कोट व्यवस्था को वर्तमान भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप पुनर्विचार की आवश्यकता है। विशेषकर भीषण गर्मी वाले राज्यों एवं जिला न्यायालयों में अधिवक्ताओं को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने यह भी सुझाया था कि गर्मी के मौसम में हल्के रंग के एवं मौसम के अनुकूल परिधान विकल्पों पर विचार किया जाना चाहिए। साथ ही जिला न्यायालयों में एयर कंडीशनिंग, पेयजल, बैठने एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है।

इस संबंध में विधि एवं न्याय मंत्रालय की संयुक्त सचिव एवं विधि अधिकारी वर्षा चंद्रा सिन्हा ने पत्र भेजकर सूचित किया है कि यह विषय बार कॉउंसिल ऑफ इंडिया के अधिकार क्षेत्र में आता है। मंत्रालय ने महेश पोद्दार के प्रस्ताव को आवश्यक कार्रवाई हेतु बार काउंसिल ऑफ इंडिया को अग्रसारित कर दिया है। महेश पोद्दार ने केंद्र सरकार द्वारा इस विषय पर सकारात्मक पहल करने के लिए आभार जताते हुए कहा कि न्याय व्यवस्था से जुड़े पेशेवरों के कार्य वातावरण को बेहतर बनाना समय की आवश्यकता है तथा इससे न्यायिक व्यवस्था और अधिक मानवीय एवं आधुनिक बनेगी।

# ओबीसी एकजुटता देशहित के लिए जरूरी, 9 अगस्त से होगा बड़ा आंदोलन : डॉ सूरज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय संपूर्ण क्रांति राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ. सूरज मंडल ने कहा कि पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को उसका संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिए सभी पिछड़ी जातियों और समुदायों की एकजुटता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज की भागीदारी केवल सामाजिक न्याय का प्रश्न नहीं, बल्कि देश के समग्र विकास से भी जुड़ा हुआ मुद्दा है।

राजधानी रांची में आयोजित पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के प्रदेश सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. मंडल ने कहा कि झारखंड राज्य निर्माण में ओबीसी समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका रही, लेकिन राज्य गठन के बाद इस वर्ग के साथ लगातार अन्याय हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड बनने के बाद ओबीसी आरक्षण को 27 प्रतिशत से घटाकर



14 प्रतिशत कर दिया गया, जिससे समुदाय के अधिकारों, नौकरियों और राजनीतिक भागीदारी पर गंभीर असर पड़ा। उन्होंने कहा कि कई जिलों में स्थानीय निकाय चुनावों में भी ओबीसी आरक्षण समाप्त कर दिया गया, जो सामाजिक न्याय की भावना के खिलाफ है। डॉ. मंडल ने बताया कि पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा की प्रमुख मांगों में सरकारी नौकरियों में 36 प्रतिशत आरक्षण, पंचायत चुनावों में ओबीसी आरक्षण तथा निजी क्षेत्र की नौकरियों में भी आरक्षण लागू करना शामिल है।

उन्होंने कहा कि आरक्षण शून्य जिलों में आबादी के आधार पर ओबीसी समुदाय को आरक्षण देने की मांग को लेकर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। सभी जिलों में जल्द जिला कार्यसमितियों का गठन किया जाएगा और आगामी 9 अगस्त, अगस्त क्रांति दिवस से राज्यव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा। डॉ. मंडल ने ओबीसी वर्ग के 146 चयनित आईएएस अभ्यर्थियों की नियुक्ति रद्द किए जाने के मुद्दे पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि क्रीमी लेयर का हवाला देकर अभ्यर्थियों की अर्हता निरस्त करना दुर्भाग्यपूर्ण और समाज के साथ अन्याय है। उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार पर ओबीसी समुदाय की लगातार उपेक्षा करने का आरोप लगाया।

### सूचना का अधिकार अधिनियम पर कार्यशाला

# 102 वर्षीय समाजसेवी कृष्ण लाल अग्रवाल हुए सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हमर अधिकार मंच द्वारा लोहरदगा के राणा चौक स्थित अग्रसेन भवन में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 विषय पर निःशुल्क कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यशाला में झारखंड के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रख्यात आरटीआई एक्टिविस्ट एवं आरटीआई रिसोर्स पर्सन दीपेश निराला ने उपस्थित लोगों को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की बारीकियों और उसके प्रभावी उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आरटीआई आम नागरिकों को सशक्त बनाने का एक मजबूत माध्यम



है, जिसके जरिए पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकती है। इस अवसर पर लोहरदगा के 102 वर्षीय वयोवृद्ध समाजसेवी कृष्ण लाल अग्रवाल को उनके उत्कृष्ट सामाजिक योगदान के लिए "उत्कृष्ट सेवा सम्मान" से सम्मानित किया गया। कृष्ण लाल अग्रवाल ने जिले में खेल एवं युवा विकास को बढ़ावा देने के लिए ललित नारायण स्टेडियम हेतु अपनी जमीन दान दी थी। इसके अलावा उन्होंने जगन्नाथ स्वामी के मौसीबाड़ी मंदिर निर्माण के लिए भी भूमि दान की। कार्यक्रम में बताया गया कि वे अब तक करीब 75 लाख बार श्रीराम का नाम लिख चुके हैं और सवा करोड़ श्रीराम नाम लिखने का संकल्प लिया है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए हमर अधिकार मंच के केंद्रीय सचिव शकील अख्तर ने कहा कि संगठन का विस्तार झारखंड के सभी प्रमंडलों और जिलों में किया जाएगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष दीपेश निराला, महासचिव उमाशंकर सिंह, उपाध्यक्ष रेणुका तिवारी, नवल किशोर लाल, मीना कुमारी, प्रदीप राणा, सचिव चंद्रदेव कुमार वर्णवाल, शकील अख्तर, सूर्य प्रकाश, सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

### प्रोत्साहन
### द्वितीय रांची जिला पेंचक सिलाट चैंपियनशिप 2026-27 का सफल आयोजन, आदित्य मल्होत्रा ने कहा

# पेंचक सिलाट आत्मरक्षा व एकाग्रता का उत्कृष्ट माध्यम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मोरहाबादी स्थित इंडोर स्टेडियम में द्वितीय रांची जिला पेंचक सिलाट चैम्पियनशिप 2026-27 का भव्य आयोजन रांची जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन के तत्वावधान में किया गया। प्रतियोगिता में टांडिंग, तुंगल, गंडा, रेगु एवं सोलो इवेंट्स में लगभग 170 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मौके पर उन्होंने



कहा कि पेंचक सिलाट जैसे खेल आत्मरक्षा, एकाग्रता एवं अनुशासन का उत्कृष्ट माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को आत्मरक्षा की तकनीक आनी चाहिए, जो इस खेल के माध्यम से संभव है। यह खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाता है। उन्होंने यह भी कहा कि फुटबॉल और क्रिकेट जैसे खेलों की चर्चा अधिक होती है, किन्तु पेंचक सिलाट जैसे खेल समाज में आत्मविश्वास एवं सजगता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस खेल के प्रचार-प्रसार हेतु वे सरकार से वार्ता करेंगे तथा इसे गांव-गांव तक पहुंचाने के प्रयास किए जाएंगे। साथ ही एसोसिएशन के लिए स्वयं का भवन उपलब्ध कराने के प्रयास का भी उन्होंने उल्लेख किया। इसलिए अवसर पर चैंबर अध्यक्ष ने एसोसिएशन की ओर से गुजरात के आनंद में आयोजित पेंचक सिलाट के नेशनल टूर्नामेंट में झारखंड से शामिल बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

रांची जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि अब झारखंड के बच्चे इस खेल में भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने गुजरात के आनंद में आयोजित नेशनल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 खिलाड़ियों ने कांस्य (ब्रॉन्ज), 1 खिलाड़ी ने स्वर्ण (गोल्ड) एवं 1 खिलाड़ी ने रजत (सिल्वर) पदक प्राप्त कर राज्य का नाम रोशन किया है।

कार्यक्रम के अंत में एसोसिएशन की सचिव डॉली सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए चैंबर ऑफ कॉमर्स से अनुरोध किया कि खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु आवागमन में सरकारी सहयोग दिलाने में मदद करें। उन्होंने प्रशिक्षकों को भी आवश्यक सहयोग प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर अंजन थापा, सूरज कुमार, लायंस क्लब के द्वितीय राज्यपाल सुजीत कुमार, राजू मुंडा, एसोसिएशन के पदाधिकारी, प्रशिक्षक किरण सिंह, अब्दुल कादिर, अमित पाठक, प्रशिक्षक विजय कुमार लिंबू, सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

## दृष्टिपात

### बढ़ते अपराध और खराब होती कानून व्यवस्था पर भाजपा ने उठाया सवाल



**रांची।** झारखंड में बढ़ते अपराध और कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर भाजपा ने हेमंत सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि राज्य में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है और सरकार प्रशासनिक रूप से पूरी तरह विफल साबित हो रही है। प्रतुल शाहदेव ने नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के 2024 के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि प्रति लाख आबादी पर हत्या के मामलों में झारखंड देश में शीर्ष पर पहुंच गया है। उनके अनुसार राज्य में वर्ष 2024 के दौरान 1472 हत्या के मामले दर्ज हुए और हत्या का अनुपात 3.7 प्रति लाख आबादी रहा, जबकि राष्ट्रीय औसत 1.9 है। उन्होंने कहा कि झारखंड अब अपराध प्रभावित राज्यों में तेजी से शामिल हो चुका है। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि पिछले साढ़े छह वर्षों में राज्य में 10 हजार से अधिक दुष्कर्म, 11 हजार से ज्यादा अपहरण और 9250 से अधिक हत्याएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं से साफ है कि अपराधियों में कानून का भय समाप्त हो गया है। प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर प्रशासनिक लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जुलाई 2022 में नियुक्त 39 डीएसपी ने अक्टूबर 2023 में प्रशिक्षण पूरा कर लिया था, लेकिन अब तक उनकी पोस्टिंग नहीं हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब राज्य अपराध से जूझ रहा है, तब प्रशिक्षित अधिकारियों को जिम्मेदारी क्यों नहीं दी जा रही। उन्होंने कहा कि सरकार इन अधिकारियों के वेतन और भत्तों पर करोड़ों रुपये खर्च कर चुकी है, लेकिन तैनाती नहीं होना सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है। भाजपा ने सरकार से कानून व्यवस्था सुधारने और अपराध नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### भाजपा राज्य की छवि खराब करने में लगी है : लाल किशोर



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे राज्य की छवि खराब करने वाला झूठा प्रोपेगेंडा करार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को एनसीआरबी के आंकड़ों को अपनी सुविधा के अनुसार तोड़-मरोड़ कर पेश करने की आदत हो गई है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि राज्य सरकार के कार्यकाल में अपराधी सलाखों के पीछे हैं। भाजपा शासित राज्यों की तरह यहां अपराधियों को माला नहीं पहनाई जाती। हमारी पुलिस मुस्तैदी से काम कर रही है, यही कारण है कि बड़े-बड़े कांडों का उद्भेदन महज कुछ घंटों में हो जाता है। भाजपा जिस उत्तर प्रदेश मॉडल की बात करती है, वहां हाथरस और लखीमपुर जैसी घटनाएं पूरी दुनिया ने देखी हैं। प्रतुल शाहदेव के 14 करोड़ के खर्च और पोस्टिंग वाले आरोप पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि प्रशासनिक प्रक्रियाओं का अपना एक तय समय और मापदंड होता है। भाजपा को चिंता करने की जरूरत नहीं है, सरकार जल्द ही पूरी पारदर्शिता के साथ नियुक्तियां और पदस्थापन करेगी। हमारी सरकार में ट्रांसफर-पोस्टिंग उद्योग नहीं चलता, बल्कि योग्यता और सेवा के आधार पर फैसले होते हैं। भाजपा अपने शासनकाल को याद करे जब नियुक्तियां सालों तक अदालतों में लटकी रहती थीं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि जैसे-जैसे राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं मंईयां सम्मान योजना और बिजली बिल माफी धरातल पर उतर रही हैं, भाजपा की हताशा बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि रहमान डकैत जैसे शब्दों का प्रयोग कर भाजपा समाज में भय और ध्रुवीकरण का माहौल बनाना चाहती है, जिसमें वह कभी सफल नहीं होगी।

### कांग्रेस के अंदरूनी कलह पर मंथन 20 को

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के भीतर इन दिनों जारी अंतर्कलह राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। पार्टी संगठन और सरकार के बीच बढ़ती असहजता को लेकर कांग्रेस नेतृत्व अब सक्रिय हो गया है। इसी कड़ी में 20 मई को प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अहम बैठक बुलाई गई है, जिसमें संगठन के भीतर उभरे विवादों को सुलझाने और नेताओं के बीच समन्वय स्थापित करने पर मंथन होगा। दरअसल, हेमंत सोरेन सरकार में कांग्रेस कोटे से मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा संगठन के खिलाफ लिखे गए पत्र ने पार्टी के अंदर हलचल तेज कर दी है। मंत्री ने प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए प्रदेश प्रभारी के. राजू को शिकायत पत्र भेजा है। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश कांग्रेस कमेटी की "जंबो कमेटी" पर भी सवाल खड़े किए हैं। राधाकृष्ण किशोर ने विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस द्वारा किए गए वादों को भी याद दिलाया है। उन्होंने खास तौर पर 450 रुपए में एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराने की घोषणा का जिक्र करते हुए सिलेंडर पर 200 रुपए की सब्सिडी लागू करने की मांग उठाई है। उनके इस बयान को संगठन और सरकार दोनों पर दबाव बनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। पार्टी के भीतर बढ़ते मतभेदों का असर राज्य सरकार की कार्यशैली पर भी दिखाई देने लगा है। कांग्रेस नेतृत्व इस बात को लेकर चिंतित है कि अंदरूनी विवाद का सीधा असर गठबंधन सरकार की छवि पर पड़ सकता है। यही कारण है कि प्रदेश प्रभारी आगामी बैठक में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों और पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर संगठनात्मक एकजुटता मजबूत करने की कोशिश करेंगे।

### पंडरा के विद्यानगर में बहू ने ससुर की तकिये से दबाकर कर दी हत्या, गिरफ्तार



**रांची।** पंडरा ओपी क्षेत्र स्थित विद्यानगर में बहू ने ससुर की हत्या कर दी। हत्या तकिए से दबाकर की गई। मामले की जानकारी होने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही मामले की गहन जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, विद्यानगर निवासी बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना पुलिस को मिली थी। शुरुआती जांच और घर के सदस्यों के बयानों में विरोधाभास पाए जाने पर पुलिस का शक बहू की ओर गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर यह बात सामने आई कि बहू और ससुर के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। घटना के वक्त घर में कहासुनी इतनी बढ़ गई कि आवेश में आकर बहू ने अपने ससुर पर हमला कर दिया और तकिए से उनका मुंह दबा दिया। जिससे दम घुटने के कारण बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है।

### झारखंड की मूल भाषाएं नहीं है भोजपुरी, अंगिका और मगही: राजेंद्र प्रसाद



**रांची।** झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) निमावली से जुड़े भाषा विवाद को सुलझाने के लिए वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को समन्वयक बनाए जाने पर झारखंड आंदोलनकारी सह मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जो झारखंड की भाषा कभी नहीं रही है उसको क्षेत्रीय भाषा में शामिल करने की मांग किया जा रहा है। उन्हीं को सरकार ने समन्वयक बना दिया। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि जो भी मंत्री भोजपुरी, मगही और अंगिका भाषा को पक्ष मांग कर रहे हैं ऐसे में इन्हीं लोगों को कमिटी में शामिल करने का मतलब है झारखंड की जनता को मूर्ख बनाना। कहा भाषा विवाद पर मूलवासी सदान और जनजाति से आने वाले मंत्रियों को ही कमेटी में रखा जाना चाहिए। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि हर क्षेत्र में झारखंड और झारखंडी की अस्तित्व और इतिहास को मिटाने का प्रयास किया जा रहा है ,जो दुर्भाग्य है। प्रसाद ने कहा कि भोजपुरी, अंगिका और मगही झारखंड की मूलभाषाएं नहीं है। राजेंद्र ने कहा है कि ये भाषाएं शहर के एकादुका जिलों में बोली जाती हैं जबकि गांवों और दूरदराज के इलाकों में इनका प्रचलन नहीं है। कहा इसे क्षेत्रीय भाषा नहीं बनाया जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि झारखंड की असली मूल भाषाएं मुंडारी, संथाली, हो जैसी जनजातीय भाषाएं हैं साथ ही नागपुरी , पंचपड़गानिय, खोरठा, और कुरमाली जैसी क्षेत्रीय भाषाएं भी राज्य की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड की भाषा -संस्कृति को शक्ति से लागू करने और इसे बचाने की जिम्मेदारी सीएम और उनकी सरकार की है।

## मातृ दिवस पर अग्रसेन भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन



● 80 लोगों ने किया रक्तदान

**रांची।** मातृ दिवस पर अग्रसेन पथ स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में अग्रवाल युवा सभा एवं मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल थे साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष पवन पोद्दार एवं अशोक नार्सरिया उपस्थित थे। अग्रवाल युवा सभा के अध्यक्ष रोहित सरावगी एवं मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की अध्यक्ष शुभा अग्रवाल ने इस अवसर पर हेल्थ प्वाइंट हॉस्पिटल के ब्लड बैंक, बारियातू रोड से आए सभी स्वास्थ्य कर्मियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। ब्लड डोनेशन कैंप कार्यक्रम में दोनों संस्थाओं के सदस्यों एवं उनके साथियों ने रक्तदान किया तथा सभी रक्त दाताओं को प्रस्सति प्रमाण पत्र, जूस एवं मिल्टन की झारी देकर सम्मानित कर उनका आभार व्यक्त किया। अग्रवाल युवा सभा के रक्तदान प्रभारी श्रेय जालान, तरुण सराफ, आलोक बजाज एवं मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा कि रक्तदान प्रभारी हेमा पोद्दार ने पूरी व्यवस्था को बहुत ही सुसज्जित तरीके से कार्यक्रम संयोजक राहुल अग्रवाल एवं कोमल पोद्दार के देखरेख में सजाया।

### जेपीएससी बैकलॉग पीटी परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

# रांची के 15 केंद्रों पर 7 हजार अभ्यर्थी हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा आयोजित झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा (बैकलॉग) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 रविवार को राजधानी रांची सहित राज्यभर में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई।

रांची जिला में बनाए गए 15 परीक्षा केंद्रों पर करीब 7 हजार अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरे दिन अलर्ट मोड में रहा। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जबकि दूसरी पाली अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक चली। परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही अभ्यर्थियों की भीड़ देखने को मिली। कई अभ्यर्थी निर्धारित समय से पहले ही केंद्रों पर पहुंच गए थे। केंद्रों के बाहर सुरक्षा जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया।

**पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जबकि दूसरी पाली अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक चली**



कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारी की थी। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री और वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के संयुक्त आदेश पर सभी केंद्रों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। परीक्षा केंद्रों के आसपास लगातार गश्ती और निगरानी की व्यवस्था भी की गई थी।

इसी क्रम में सदर अनुमंडल दंडाधिकारी कुमार रजत द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के तहत सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर दायरे में निषेधाज्ञा लागू की गई थी। यह आदेश रविवार सुबह 7 बजे से रात 8 बजे तक प्रभावी रहा। निषेधाज्ञा के तहत पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग, हथियार लेकर चलने और किसी भी प्रकार की सभा आयोजित करने पर रोक लगाई गई थी। प्रशासन की सख्ती के कारण परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। रांची के जिन प्रमुख परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित हुई उनमें डोरंडा कॉलेज, ऑफ टेक्नोलॉजी सहित अन्य संस्थान शामिल रहे।

### परीक्षा का पैटर्न बेहतर था

परीक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यर्थियों के चेहरे पर संतोष नजर आया। कई अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र को संतुलित और सामान्य स्तर का बताया। अभ्यर्थियों का कहना था कि परीक्षा का पैटर्न बेहतर था और सवाल सिलेबस के अनुसार पूछे गए थे। अभ्यर्थी राकेश ने कहा कि प्रश्नपत्र का स्तर ठीक था, सामान्य अध्ययन और करंट अफेयर्स से जुड़े सवाल पूछे गए थे। उम्मीद है कि आयोग इस बार समय पर रिजल्ट जारी करेगा।वहीं अभ्यर्थी मुकेश ने कहा कि परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में हुई। केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था अच्छी थी और किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। अब उम्मीद है कि चयन प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से आगे बढ़ेगी। अभ्यर्थी श्रेया ने कहा कि पेपर बैलेंस था और तैयारी के अनुसार सवाल आए। आयोग अगर समय पर रिजल्ट जारी करता है तो अभ्यर्थियों को काफी राहत मिलेगी। प्रशासन की ओर से भी परीक्षा के शांतिपूर्ण संचालन पर संतोष जताया गया है। अधिकारियों के अनुसार कहीं से किसी अप्रिय घटना या अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली। सदर अनुमंडल दंडाधिकारी कुमार रजत ने परीक्षा के शांतिपूर्ण संचालन पर संतोष जताया है। उन्होंने कहा कि कहीं से किसी अप्रिय घटना या अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली है।

● परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में हुई। केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था अच्छी थी और किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई।

### राधे-राधे जपो चले आएंगे बिहारी

## श्री राधा-कृष्ण मंदिर में भक्ति, भजन व अन्नपूर्णा महाप्रसाद का हुआ वितरण

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** पुंदाग स्थित श्रीराधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का भव्य एवं भक्तिमय आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्री राधा-कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंदिर में श्री राधा रानी जी का दिव्य एवं अलौकिक श्रृंगार आकर्षक आभूषणों एवं मनोहारी पुष्पों से किया गया। दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडेय द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ महाप्रसाद का भोग लगाया गया। इसके पश्चात शिव भगवान अग्रवाल के सौजन्य से मसालेदार वेजिटेबल खिचड़ी, जलजीरा शर्बत एवं सत्तू पानी का वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित लगभग 1500 से अधिक श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक महाप्रसाद ग्रहण किया। भक्ति रस से ओत-प्रोत भजन संध्या कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी ने प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान श्री राधा-कृष्ण की आराधना की। वातावरण पूरी तरहआध्यात्मिक ऊर्जा एवं भक्तिरस से सराबोर हो उठा।ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा तथा लगभग 3 हजार से अधिक भक्तों ने भगवान के दर्शन किए।

## ताइक्वांडो में सरला बिरला चैंपियन, शारदा ग्लोबल दूसरे स्थान पर

**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल में आयोजित दो दिवसीय 12वीं रांची जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। इसमें सरला बिरला पब्लिक स्कूल की टीम ओवरऑल विजेता रही, जबकि मेजबान शारदा ग्लोबल स्कूल दूसरे और ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। विभिन्न श्रेणियों में आचार्यकुलम, आइडियल इंटरनेशनल, ऑक्सफोर्ड पब्लिक और कैरली स्कूल ने बाजी मारी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि शारदा ग्लोबल स्कूल की डाइरेक्टर एकेडेमिक्स डॉ. रंजना स्वरूप, प्राचार्या जसमीत कौर व अनुज रंजन ने विजेता खिलाड़ियों को पदक व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

## मोहिनीअट्टम, भरतनाट्यम, ओडिशी, कथक में दिखी देश की संस्कृति



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** खेलगांव स्थित स्टेट म्यूजियम सभागार में रविवार को भारत की विविध संस्कृति एक मंच पर उतरी। मोहिनीअट्टम, भरतनाट्यम, ओडिशी, कथक आदि नृत्यों में झारखंड के अलावा अन्य राज्यों से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्ततियों से सभी का मन आनंद से भर दिया। समस्कृतिकी और नृत्यशाला की ओर से यहां इंडिया इंटरनेशनल डांस फेस्टिवल का आयोजन किया गया था। इस फेस्टिवल में भारत के हर कोने से 160 नर्तकों ने अपनी प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि झारखंड के कमर्शियल टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रीतम कुमार लाला समारोह का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरुआत कलामंडलम सृजा कृष्णन की मोहिनीअट्टम से हुई। भगवान विष्णु के मोहिनी अवतार का इसमें वर्णन हुआ, जो स्त्री सौंदर्य, उनकी कोमलता और भक्ति को मोहिनीअट्टम शैली में प्रस्तुत किया गया। इसके बाद गीतांजलि डांस इंस्टीट्यूशन की डॉ चंद्र शालिनी कुजूर, रेशमा तिर्की, अंशिका घोष, नम्रता विश्वास, आयुषी सिंह, रिंकू कुमारी, अपराजिता करण, अदिति मिंज ने बिहू का प्रदर्शन किया। इसके बाद बारी आई भरतनाट्यम की प्रस्तुति की। सुष्मिता सेन बिस्वास, मैमोनी मंडल, स्तुति केडिया आदि ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति की।

नृत्यशाला के विधार्थियों ने अलग-अलग ग्रुप में कथक नृत्य की तीन प्रस्तुतियां दीं। इनमें भगवान राम के कृपालु स्वभाव का वर्णन तो था ही, उनके दिव्य सौंदर्य और रक्षक रूप का भी वर्णन किया गया। शिव को दयालु रक्षक मानकर, संसार के दुखों से मुक्ति पाने के प्रयास को कथक के विभिन्न रुपों में दर्शाया गया। कृतशाला डांस अकादमी ग्रुप, कलाक्षेत्र डांस इंस्टीट्यूट ग्रुप ने सरस्वती वंदना, ठुमरी का प्रदर्शन किया। अरिंजिता चटर्जी, राजनंदनी, लारिसा पटनायक, साईं नम्या, युक्ति ओरान, इशिता रॉय का सोलो परपार्मेंस हुआ। जमशेदपुर की युवा नर्तक कश्यपि ने स्केटिंग के माध्यम से अद्भुत नृत्य कर दर्शकों का मन मोह लिया।

समापन सत्र के मुख्य अतिथि संस्कृति निदेशालय के निदेशक आसिफ एकराम ने कलाकारों को सम्मानित किया।

## दृष्टिपात

### एक्वा वर्ल्ड की प्रतियोगिता में खुशबू बनीं बेस्ट मदर




**रांची।** एक्वा वर्ल्ड, मछली घर में रविवार को मदर्स डे पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाम माताओं के सम्मान और मनोरंजन के नाम रही। विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। खुशबू ने बेस्ट मदर का खिताब अपने नाम किया, जबकि रजनी और नूपुर क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहीं। सांत्वना पुरस्कार स्नेहा, आकृति, मधुलिका, बेबी और नूर को मिला। अतिथि पूजा रे ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में बच्चों और माताओं की टीमों के बीच रोचक प्रश्न-उत्तर राउंड और 'मां' थीम पर आधारित गीतों पर कैटवॉक का आयोजन हुआ। इससे पूर्व दीपांजलि और स्वस्तिका के ग्रुप ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

### अग्रवाल सभा महिला समिति का समर कैंप 29 से



**रांची।** अग्रवाल सभा महिला समिति के द्वारा 23 वें समरकैंप का आयोजन 29 मई से 31 मई तक किया जा रहा है। बच्चों के व्यक्तित्व विकास एवं उनके अंदर छुपी हुई प्रतिभा को पहचान कर उनकी रुचि को जागृत करना और प्रशिक्षण देना ही मुख्य उद्देश्य है। आयोजन की विस्तृत जानकारी के लिए पोस्टर का विमोचन किया गया। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, मंत्री अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, कौशल राजगढ़िया रमाशंकर बगड़िया और साथ ही महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल ,अलका सरावगी, अनुसूया नेवटिया, गीता डालमिया, रीना सुरेका , बबीता नारसरिया, प्रीति पोद्दार, छाया अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, सुनीता सरावगी उपस्थित थीं ।

### समर्पण शाखा ने जूस का किया वितरण



**रांची।** रांची समर्पण शाखा द्वारा अध्यक्ष शुभा अग्रवाल के नेतृत्व में चलाए जा रहे 'प्यार बांटते चलो' स्लोगन के अंतर्गत प्रार्थना हाइट्स, रातू रोड में जूस वितरण का सफल आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य के अंतर्गत शाखा सदस्य कविता सोमानी द्वारा श्रद्धालुओं एवं राहगीरों के बीच जूस का वितरण किया गया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए यह सेवा लोगों के लिए अत्यंत राहतदायक सिद्ध हुई। उपस्थित जनों ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए मंच के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अध्यक्ष शुभा अग्रवाल, शायरी अग्रवाल, वर्षा धानुका, कविता सोमानी, डॉली बंसल, पायल जैन सहित अन्य सदस्याओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह जानकारी मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया ने दी।

### कामगारों की मांगों पर प्रबंधन से वार्ता करेगी हटिया मजदूर यूनियन

**रांची।** एचईसी की मान्यता प्राप्त हटिया मजदूर यूनियन इस सप्ताह मजदूरों की लंबित मांगों को लेकर निदेशकों के साथ बैठक करेगी। यूनियन की रविवार को हुई बैठक में अध्यक्ष भवन सिंह ने कहा कि 2018 व 2023 में नियुक्त तकनीकी कामगारों के लंबित प्रमोशन पर प्रबंधन से सहमति बनाने का प्रयास किया जाएगा। सप्लाई मजदूरों के वेतन, लंबित डीए व एरियर का शीघ्र भुगतान व केंद्रीय वेतनमान की मांग उठाई जाएगी। बैठक में बंद पड़ी कैंटीन को चालू कराने, पीएफ लोन की सुविधा देने, 12वीं कक्षा तक बच्चों की फीस माफी पर पहल करने व 2018 में नियुक्त तकनीकी मजदूरों को हाउस रेंट भुगतान कराने की मांग उठाई गई। यूनियन ने आरोप लगाया कि पिछले आंदोलन के समय कुछ नवोदित नेताओं की वजह से मजदूरों को मिले कई अधिकार समाप्त हो गए।यूनियन ने सभी कामगारों से उत्पादन कार्य में बाधा नहीं डालने की अपील करते हुए कहा कि नियमित वेतन भुगतान का एकमात्र विकल्प उत्पादन बढ़ाना है। साथ ही नए श्रम संहिता का हवाला देते हुए यूनियन सदस्यता लेने की अपील की गई। यूनियन ने कहा कि एचईसी के आधुनिकीकरण एवं अन्य मुद्दों को लेकर जल्द दिल्ली जाकर पहल की जाएगी, जिसके लिए मजदूरों के सहयोग और सदस्यता की आवश्यकता है।

## रांची में अगले 5 दिन बदला रहेगा मौसम

**रांची।** झारखंड में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। राज्य के कई जिलों में बारिश, तेज हवा और वज्रपात की गतिविधियां बढ़ गई हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक मौसम खराब रहने की संभावना जताई गई है। राजधानी रांची में शनिवार को ओलावृष्टि भी दर्ज की गई, जिससे तापमान में गिरावट महसूस की गई। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। सबसे ज्यादा 21.2 मिमी वर्षा बोकारो थर्मल में रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा जमशेदपुर में 20.2 मिमी, सिमडेगा के बानो में 19 मिमी और चाईबासा में 15.1 मिमी बारिश दर्ज की गई। तापमान की बात करें तो पलामू जिले के डालटनगंज में सबसे अधिक 39.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं रांची के कांके इलाके में न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री सेल्सियस रहा। राजधानी रांची में अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री और न्यूनतम 16.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## चलती ट्रेन से गिर रही महिला की आरपीएफ जवान ने बचाई जान

**रांची।** राजधानी रांची के रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की एक महिला कांस्टेबल की सतर्कता और बहादुरी ने बड़ा हादसा होने से बचा लिया। आरपीएफ की महिला सिपाही साविता गारी ने अपनी सूझबूझ से एक महिला यात्री की जान बचाकर मानवता और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश की हैं। जानकारी के अनुसार, रांची-बनारस एक्सप्रेस स्टेशन से खुल चुकी थी। इसी दौरान एक यात्री अपनी पत्नी और छोटे बच्चे के साथ चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहा था। ट्रेन की रफ्तार बढ़ने के बीच महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह हादसे का शिकार होने वाली थी। ऐसे में मौके पर ड्यूटी में तैनात आरपीएफ महिला कांस्टेबल साविता गारी ने स्थिति को भांपते हुए तुरंत साहस दिखाया और महिला को पकड़कर सुरक्षित बाहर खींच लिया। उनकी त्वरित कार्रवाई से महिला की जान बच गई और एक बड़ा हादसा टल गया।

### आज / कल




## पहाड़ी मंदिर प्रबंधन में अनियमितता पर जनहित याचिका दायर करेगी समिति



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पहाड़ी मंदिर विकास संघर्ष समिति की बैठक रविवार को मंदिर परिसर में हुई। समिति ने निर्णय लिया कि मंदिर प्रबंधन में अनियमितता पर जल्द ही हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की जाएगी। इस बीच सात मुख्य मुद्दों पर चर्चा कर समाधान की मांग की गई। निर्णय लिया गया कि मंदिर की 26 एकड़ 13 कड़ी जमीन की नापी के बाद ही बाउंड्रीवॉल का निर्माण हो। संघर्ष समिति ने विकास समिति से 1992 से आय व्यय का ब्योरा उपलब्ध कराने की मांग की। बाबा की आरती व श्रृंगार केवल सुबह शाम और पहाड़ी मंदिर के सुंदरीकरण के लिए पर्यटन विभाग से मिली राशि के खर्च का विवरण मांगा।

संघर्ष समिति ने पहाड़ी मंदिर के संरक्षण के साथ यहां से नशेड़ियों को भगाने की मांग की। बैठक में लाल ऋषिनाथ शाहदेव, सुजीत सिंह, निशांत यादव, सुनील साहू, संजय तिवारी, अजय जायसवाल, रवि सिन्हा, पूनम सिंह, विवेक सिंह, विपुल मिश्रा आदि मौजूद थे।

# एफटीएस युवा ने शबरी बस्ती के बच्चों संग मनाया मातृ दिवस

● मां के सम्मान का दिया संदेश

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** फ्रेंड्स ऑफ ट्राइबल सोसायटी (एफटीएस) की युवा इकाई एफटीएस युवा रांची द्वारा एकल अभियान के अंतर्गत शनिवार को अपर बाजार स्थित महेश्वरी भवन में संचालित "शबरी बस्ती" के बच्चों के साथ मातृ दिवस का भावपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को मातृत्व के महत्व, मां के त्याग, प्रेम और संस्कारों के प्रति जागरूक करना था। "शबरी बस्ती" एफटीएस युवा रांची की एक विशेष पहल है, जिसके माध्यम से बस्ती के बच्चों तक शिक्षा, संस्कार और सामाजिक जागरूकता पहुंचाने का कार्य किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बताया गया कि एक मां अपने परिवार और बच्चों के लिए निःस्वार्थ भाव से प्रेम, देखभाल और समर्पण करती है तथा बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में उनकी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

इस अवसर पर बच्चों को मातृ दिवस के इतिहास और उसके महत्व की भी जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि विश्वभर में मातृ दिवस मनाने की शुरुआत कैसे हुई और इसका सामाजिक एवं भावनात्मक महत्व क्या है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपनी माताओं के लिए हाथों से ग्रीटिंग कार्ड, संदेश और आकर्षक ड्रॉइंग्स तैयार कीं। बच्चों की बनाई गई चित्रकृतियों के लिए लकी ड्रॉ गतिविधि भी आयोजित की गई, जिसमें सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**गोष्ठी** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मातृ शक्ति प्रमुख जान गोष्ठी में वक्ताओं का संदेश

# परिवार और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला मातृ शक्ति

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) रांची महानगर द्वारा चिन्मय मिशन परिसर में "मातृ शक्ति प्रमुख जान गोष्ठी" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी परिपूर्णानंद ने की। गोष्ठी में परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण में मातृ शक्ति की भूमिका पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में स्वामी परिपूर्णानंद ने कहा कि वर्तमान समय में परिवारों के सामने कई प्रकार की चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। ऐसे में परिवार को मजबूत बनाने के लिए गृहिणियों और मातृ शक्ति का जागरूक एवं सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को मोबाइल की लत से बचाने और उनमें संस्कार, सेवा तथा त्याग की भावना विकसित करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति केवल अपने लिए नहीं, बल्कि दूसरों के लिए जीना सिखाती है। त्याग और समर्पण से ही परिवार मजबूत बने रहते हैं। स्वामी जी ने हिंदू समाज में बढ़ती तलाक की प्रवृत्ति को चिंता का विषय बताते हुए भारतीय परिवार व्यवस्था और संस्कारों को सुरक्षित रखने की आवश्यकता बताई। मातृ दिवस के अवसर पर उन्होंने सभी मातृ शक्तियों के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के झारखंड प्रांत प्रचारक गोपाल जी ने संघ की स्थापना और उसके उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना वर्ष 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य से की गई थी और वर्ष 2025 में संघ ने अपने 100 वर्ष पूर्ण किए हैं।

उन्होंने कहा कि डॉ. हेडगेवार का जीवन राष्ट्रभक्ति, संगठन शक्ति और समाज जागरण का प्रेरणादायी उदाहरण है। उनका मानना था कि केवल राजनीतिक स्वतंत्रता पर्याप्त नहीं, बल्कि समाज का संगठित, संस्कारित और चरित्रवान होना भी जरूरी है। इसी उद्देश्य से संघ की स्थापना की गई, जिसका मूल लक्ष्य व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण करना है।

गोपाल जी ने कहा कि भारतीय संस्कृति प्रत्येक जीव में शिव का भाव देखती है और प्रकृति को देवत्व के रूप में सम्मान देती है। उन्होंने हिंदू समाज को संगठित और जागरूक बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और मूल्यों को पुनः समाज के केंद्र में लाना समय की मांग है। उन्होंने मैकाले की शिक्षा पद्धति की आलोचना करते हुए कहा कि इसने भारतीयों के मन में अपनी संस्कृति और शिक्षा व्यवस्था के प्रति अविश्वास पैदा किया। इसके बावजूद संत समाज और मजबूत कुटुंब व्यवस्था के कारण भारतीय संस्कृति आज भी सुरक्षित है।

### बुंडू गांव में मंडा पूजा की तैयारी तेज, आयोजन समिति का गठन

# 28 को फूल खुन्दी और 29 मई को झूलन एवं रात्रि में भव्य आर्केस्ट्रा कार्यक्रम होगा आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**



**पिपरवार।** पिपरवार क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम बुंडू में आगामी मंडा पूजा को लेकर देवी मंडप प्रांगण में ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया तुलसी तुरी ने की, जबकि संचालन विश्वनाथ गंझू ने किया। बैठक में मंडा पूजा को पारंपरिक एवं भव्य रूप से संपन्न कराने को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में मंडा पूजा के सफल संचालन हेतु एक कमेटी का गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष पद पर अरुण साहू को मनोनीत किया गया। वहीं उपाध्यक्ष के रूप में लक्ष्मण मंडल, जितेंद्र साहू, ईश्वर राम, गणेश बंसल, राजू तुरी, मोहन करमाली, छोटू शर्मा, शिवम साहू, वसंत गुप्ता, अशोक गंझु एवं जय सागर साह को जिम्मेदारी सौंपी गई। सचिव पद पर विश्वनाथ गंझू एवं सह सचिव के रूप में रंजीत यादव, अर्जुन प्रजापति, राजेश कुमार साहू, सूरज साहू, मैनेजर साहू एवं नरेश साहू को चुना गया। वहीं कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भोला यादव को दी गई, जबकि सह कोषाध्यक्ष के रूप में कमलेश ठाकुर को मनोनीत किया गया।

कार्यकारिणी समिति में विक्की कुमार साहू, कृष्ण गंझु, विजय गंझु, चितरंजन यादव, अर्जुन यादव, नागेश्वर यादव, बबलू यादव, विकास करमाली, रोहित तुरी, सुनील तुरी, पवन तुरी, राजेंद्र तुरी, भोला साव, रविंद्र कुमार, रवि, शिवनाथ तुरी, अनिल कुमार गंझु, जितेंद्र राम, सूरज राम, धनंजय राम, सुरेश राम, सुरेश करमाली, दीपक करमाली, ईश्वर करमाली, राजेश शाह, सुभाष साहू एवं संतोष यादव सहित कई लोगों को शामिल किया गया। इसके अलावा संरक्षक मंडली में मुखिया तुलसी तुरी, पंचायत समिति सदस्य रंजीत तुरी, शिव शंकर साह, गजेंद्र तुरी, डॉ. नारायण साहू, सोमनाथ साहू, जगदीश तुरी, हेमा यादव, लक्ष्मण शाह, विजय शाह, अशोक साह, राजेंद्र गुप्ता, विनोद शर्मा एवं जयप्रकाश शाह को शामिल किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 28 मई 2026 को फूल खुन्दी तथा 29 मई 2026 को पारंपरिक झूलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही 28 मई की रात्रि में भव्य आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। ग्रामीणों ने एकजुट होकर मंडा पूजा को श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाने का संकल्प लिया।

## खलारी के भाजपा नेता शशिभूषण सिंह का निधन



**खलारी।** भाजपा खलारी मंडल के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता शशिभूषण सिंह (60 वर्ष) का शनिवार अपराह्न करीब तीन बजे रांची स्थित मेडिका हास्पिटल में निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। तबीयत अधिक बिगड़ने पर करीब दस दिन पूर्व उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन की खबर फैलते ही खलारी कोयलांचल में शोक की लहर दौड़ गई। भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं शुभचिंतकों ने उनके निधन को संगठन और समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। मूल रूप से बिहार के मधेपुरा निवासी शशिभूषण सिंह ने खलारी को अपनी कर्मभूमि बनाया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक रहे शशिभूषण 90 के दशक में भाजपा से सक्रिय रूप से जुड़े और संगठन के मजबूत स्तंभ के रूप में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने मंडल महामंत्री, मंडल अध्यक्ष समेत ग्रामीण जिला भाजपा के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों का दायित्व निभाया। पार्टी नेतृत्व ने उन्हें कई जिलों का प्रभार भी सौंपा था, जिसका उन्होंने सफलतापूर्वक निर्वहन किया। खलारी क्षेत्र में भाजपा संगठन को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती रही है। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में एक बड़ी कमी महसूस की जा रही है। निधन के बाद उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए ओरमांझी स्थित जिराबार आवास पर रखा गया, जहां पूर्व सांसद रामटहल चौधरी सहित कई बड़े नेताओं एवं खलारी से पहुंचे दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

बाद में उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव मधेपुरा ले जाया गया, जहां उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## दृष्टिपात

### ट्रक में लदा 50 बोरा डोडा जब्त, चालक और खलासी मौके से हुआ फरार



**खूंटी।** खूंटी-गुमला जिले के सीमावर्ती क्षेत्र भालूटोली के पास रनिया पुलिस ने रविवार तड़के बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध डोडा से लदे एक ट्रक को जब्त किया। पुलिस ने ट्रक से 50 बोरा डोडा बरामद किया है। हालांकि कार्रवाई के दौरान ट्रक चालक, खलासी और डोडा खरीददार मौके से फरार होने में सफल रहे। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब चार बजे खूंटी पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग को गुप्त सूचना मिली थी कि भालूटोली क्षेत्र में अवैध डोडा की बड़ी खेप पहुंचाई गई है। सूचना मिलते ही तोरपा एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में रनिया थाना प्रभारी श्यामल कुंभकार पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने जब इलाके में घेराबंदी कर छापेमारी शुरू की तो संदिग्ध लोग पुलिस को देखकर भाग निकले। जांच के दौरान सड़क किनारे झाड़ियों में छिपाकर रखा गया डोडा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से एक ट्रक भी जब्त किया, जिसमें भी डोडा लदा हुआ था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि डोडा की खेप कहां से लाई गई थी और इसे कहां भेजा जाना था, इसकी जांच की जा रही है। ट्रक के नंबर और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपितों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। फरार चालक, खलासी और अन्य संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही मामले में शामिल सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कल गुलजारबाग में होगा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ



**खलारी।** गुलजारबाग स्थित हनुमान चबूतरा में 12 मई को आयोजित होने वाले सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ को लेकर सर्व हिंदू समाज की बैठक बाबू देवेंद्र सिंह चौक के समीप आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रंजनसिंह बिट्टू ने की। बैठक में आगामी आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजन समिति के सदस्यों ने सभी सनातन धर्म प्रेमियों से 12 मई की शाम छह बजे आयोजन स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखर वक्ता भैरव सिंह उपस्थित रहेंगे। उनके साथ रांची भगवा रक्षक के सदस्य भी शामिल होंगे। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद स्वरूप खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। बैठक का संचालन जगेश्वर राम ने किया। मौके पर रंजनसिंह बिट्टू, दिनेशपांडेय घंटु, मोनू रजक, विकेशसिंह विक्की, जितेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, पवन चंद्रवंशी, सुनील कश्यप बड़े, धर्मेंद्र सिंह, बलवंत सिंह, अशोक रावत, विकास सिंह, ब्रजेश सिंह, गोलू कुमार, सुरजीत सिंह, बबलू सिंह, सत्येंद्र खरवार, धीरज बहादुर, प्रिंस सिंह, सुशांत सिंह, मयंक सिंह, आयुष सिंह छोटू आदि उपस्थित थे।

### पिठोरिया क्षेत्र में भारी ओलावृष्टि से किसानों की उम्मीदें जमींदोज

# कर्ज के बोझ तले दबे अन्नदाता

**नवीन मेल संवाददाता**



**पिठोरिया।** राजधानी रांची सटे पिठोरिया और आसपास के ग्रामीण इलाकों में बीते दिनों आँधी तूफान और ओलावृष्टि ने आम जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया। ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दिया है।खेतो में लगे हरी सब्जियां छतिग्रस्त हुआ है।जिससे ज्यादा नुकसान कांके प्रखंड के पिठोरिया,कोंनकी, पिरुटोला, कोकदोरो,बाढू सेमरटोला में ओलावृष्टि के फसलो को नुकसान हुआ है।

किसान सबीर अंसारी ने कहा कि लगभग तीन से चार एकड़ में महाजन से कर्ज लेकर फूलगोभी यह सोच कर लगाए थे की बेटी के शादी में लिया हुआ कर्ज भी फूलगोभी बेचकर अदा करेंगे , लेकिन ओलावृष्टि ने पूरी तरह से फसल और उम्मीद दोनो को चूर चूर कर दिया है, सनाउल अंसारी ने कहा कि हमलोगों का जीवन यापन खेती पर ही आश्रित है,खाद गोबर,वीज, कर्ज लेकर खेती करते है लेकिन फसल बर्बाद होने से पूरी तरह से टूट गए है। स्कूल का फीस और जीवनयापन पूरी तरह से प्रभावित हो जाएगा।सिकन्दर अंसारी ने कहा कि बेमौसमी बारिस और ओलावृष्टि ने खेतो में लगे फसल को पूरी तरह से छतिग्रस्त किया है। किसान क्रेडिट कार्ड से कर्ज लेकर खेती इस उम्मीद से लगाए थे की मुनाफा होगा लेकिन मुनाफे से पहले ही बर्फबारी ने फसल को क्षतिग्रस्त कर दिया।

## शिक्षण संस्थान में धूमधाम से मनाया गया मदर्स डे

**खूंटी।** श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में रविवार को मदर्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपनी माताओं के सम्मान में केक काटकर खुशियां साझा कीं और आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड बनाकर उन्हें समर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मां के प्रति अपने प्रेम, सम्मान और भावनाओं को व्यक्त किया। कई छात्रों ने कविता, भाषण और संदेशों के माध्यम से मां के त्याग, स्नेह और प्रेरणा को याद किया। छात्रा अंजलि, रचना और रिया ने अपने भाषण के माध्यम से मां के महत्व का बखान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्रों ने मातृत्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां का स्थान जीवन में सबसे ऊंचा होता है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक-सह-शिक्षक सकलदीप भगत ने कहा, मां हमारे जीवन की पहली गुरु होती हैं।

### एसीसी उच्च विद्यालय खेलाड़ी में मदर्स डे पर माताओं को किया गया सम्मानित



**खलारी।** एसीसी उच्च विद्यालय, खलारी में मदर्स डे को लेकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह व प्राचार्या अर्चना उपाध्याय ने मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की माताओं तथा विद्यालय की शिक्षिका स्वरूप माताओं का अभिनंदन किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मां की ममता, त्याग और महानता का भावपूर्ण चित्रण प्रस्तुत किया। मंच पर प्रस्तुति देने वालों में रितिका कुमारी, अर्चना कुमारी, उर्मिला कुमारी, अनुष्का कुमारी, सृष्टि कुमारी, निकिता कुमारी, रिमझिम कुमारी, जीविका कुमारी, श्रुति कुमारी, चांदनी कुमारी, प्रीति कुमारी, वाणी कुमारी, अमर कुमार एवं वेदांत कुमार समेत अन्य छात्र-छात्राएं शामिल रहे। बच्चों ने मां पर आधारित एकांकी की प्रस्तुति भी दी। वहीं वर्ग एक एवं दो के बच्चों ने मां पर आधारित गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों को कार्यक्रम के लिए तैयार करने में शिक्षिका पूजा, शर्मिला व शिक्षक इकबाल का सराहनीय योगदान रहा। प्राचार्या ने मातृशक्ति के त्याग व तप की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए धन्यवाद दिया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित थे।

## पेयजल और बिजली संकट पर कल भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन




**खूंटी।** भारतीय जनता पार्टी ने जिले में पेयजल एवं बिजली समस्या को लेकर 12 मई को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष आक्रोश प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया है। यह निर्णय रविवार को भाजपा जिला कार्यालय, खूंटी में आयोजित जिला संगठनात्मक मासिक बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद कुमार ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष गीता कोड़ा मौजूद रहीं, जबकि सह प्रभारी के रूप में रांची के पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय उपस्थित थे। बैठक में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा, तोरपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा, नगर पंचायत अध्यक्ष रानी टूटी, पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो, जिला महामंत्री निखिल कंडुलना व संदीप आनंद समेत कई पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही 23 एवं 24 मई को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। पार्टी नेताओं ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और जनसमस्याओं को लेकर लगातार आंदोलन चलाने की रणनीति पर काम किया जा रहा है।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ मुंडा, कोषाध्यक्ष अनुप कुमार साहू, मंत्री लीलावती देवी, मदन मोहन गोप, दिनेश कुमार महतो सहित विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अलग-अलग सड़क हादसों में पांच घायल, एक गंभीर, सदर रेफर

**खूंटी।** तोरपा थाना क्षेत्र में रविवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में पांच युवक घायल हो गए। इनमें एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया है। पहली घटना कारो नदी के पास हुई। जानकारी के अनुसार एक यामाहा एफजेड बाइक पर सवार दो युवक खेरखई से तोरपा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में खेरखई निवासी 25 वर्षीय इशाक होरो और 23 वर्षीय अजय केरकेट्टा घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद इशाक होरो की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद तोरपा पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं दूसरी घटना दियांकेल पेट्रोल पंप के पास हुई। बताया गया कि चुरगी से एक स्कूटी पर सवार तीन युवक तोरपा लौट रहे थे।

### 30 वर्षों की सेवा के बाद गांव लौटे जेसीओ का स्वागत

# 30 वर्षों तक समर्पण, अनुशासन और निष्ठा के साथ सेवा दी : सत्येन्द्र

**नवीन मेल संवाददाता**



**बुढ़मू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बाड़े में उस समय गर्व और उत्साह का माहौल देखने को मिला, जब भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होकर अपने पैतृक गांव पहुंचे जेसीओ सत्येंद्र नाथ सिंह का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गांववासियों ने उनका अभिनंदन कर देशसेवा के प्रति सम्मान प्रकट किया।

स्व. मनबहाल सिंह के सबसे छोटे पुत्र सत्येंद्र नाथ सिंह ने भारतीय सेना में लगभग 30 वर्षों तक समर्पण, अनुशासन और निष्ठा के साथ सेवा दी। अपने सैन्य जीवन के दौरान उन्होंने वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध, 2017 के डोकलाम विवाद, गलवान घाटी से जुड़े संवेदनशील अभियानों तथा ऑपरेशन सिंदूर जैसे महत्वपूर्ण सैन्य अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाई। इसके अलावा उन्होंने पंजाब, लेह-लद्दाख, जैसलमेर और नागालैंड सहित देश के कई दुर्गम एवं विषम परिस्थितियों वाले क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देकर राष्ट्र रक्षा में अहम योगदान दिया। गांव पहुंचने पर आयोजित स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। लोगों ने श्री सिंह के साहस, त्याग और देशभक्ति की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। ग्रामीणों ने कहा कि उनकी उपलब्धियां गांव और क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर सत्येंद्र नाथ सिंह ने युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होकर देशसेवा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं को सेना भर्ती की तैयारी के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और बुनियादी प्रशिक्षण देने का भी आश्वासन दिया। समारोह के दौरान ग्रामीण एकता और भारतीय सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। यह आयोजन न केवल एक सैनिक के सम्मान का प्रतीक बना, बल्कि देशभक्ति और सामाजिक गौरव का संदेश भी दे गया।

### निर्मल महतो चौक व हुटाप जंगल में ट्रकों को जलाने के मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार



**खलारी।** खलारी थाना पुलिस ने निर्मल महतो चौक के पास हाइवा डंपरों में आगजनी तथा हुटाप जंगल में स्लरी लदे टर्बो ट्रक में आग लगाने के मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त खलारी गुलजारबाग लालाधौड़ा निवासी बबलू तुरी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 29 नवंबर 2024 की रात निर्मल महतो चौक के पास तीन हाइवा डंपरों में आग लगाने की घटना हुई थी। इस मामले में आलोक जी उर्फ राहुल तुरी एवं अन्य के खिलाफ खलारी थाना में दर्ज किया गया था। वहीं 28 नवंबर 2024 की रात हुटाप जंगल में स्लरी लदे ट्रक में आगजनी तथा चालक-खलासी के साथ मारपीट की घटना में भी राहुल तुरी एवं अन्य के खिलाफ खलारी थाना में प्राथमिकी दर्ज है। पुलिस ने बताया कि दोनों मामलों में अब तक छह अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र समर्पित किया जा चुका है। शेष बचे अभियुक्त बबलू तुरी को लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेव टोला से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### पुंडीदीरी बाबाजी टोला राधारानी मंदिर में अखंड हरिणाम संकीर्तन का हुआ समापन



**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र क़े पुंडीदीरी बाबाजी टोला राधारानी मंदिर मे भक्तिमय वातावरण मे त्रिदिवसीय अखंड हरिणाम संकीर्तन संपन्न हुआ। गांव मे तीन दिन मांस, मदिरा वर्जित था। पुरे गांव मे भक्तिमय वातावरण था। इस महायज्ञ गांव के सभी समुदाय के लोगों ने बढ़ चढ़ भाग लिया साथ ही दिल खोलकर दान दक्षिणा भी किया। इस आयोजन को सफल बनाने मे गांव के सभी समुदाय क़े लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### खूंटी में कांग्रेस की विशेष बैठक, संगठन विस्तार और जनहित के मुद्दों पर हुआ मंथन

**खूंटी।** सांसद कालीचरण मुंडा के आवासीय जिला कार्यालय में रविवार को खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने की। बैठक में खूंटी लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी राजेश गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने तथा क्षेत्र की जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। नेताओं ने कहा कि पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करना समय की आवश्यकता है और इसके लिए कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।

### इटकी प्रखंड के मैट्रिक और इंटर टॉपर हुए सम्मानित

# लक्ष्य आईएएस- आईपीएस बनना रखें, सफलता जरूर मिलेगी : नौशाद आलम

**नवीन मेल संवाददाता**




**इटकी ।** प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस आरिफ रजा की ओर से इटकी प्रखंड के मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीआईजी नौशाद आलम ने समारोह की सराहना करते हुए अपने संबोधन में कहा कि अभी से अपना लक्ष्य आईएएस आईपीइस बनना रखे, सफलता ज़रूर मिलेगी। इटकी एक प्रतिभाशाली गाँव है, यहा के छात्रों को अगर सही मार्गदर्शन मिले तो वे प्राशासनिक सेवा में ज़रूर जा सकते हैं।

समारोह में मैट्रिक, इंटर साइंस, कॉमर्स एवं आर्ट्स संकाय के टॉपर्स को साइकिल देकर सम्मानित किया गया। मैट्रिक में तस्मिया परवीन 97.8% लाकर प्रखंड टॉपर बनी जबकि इंटर साइंस में शिबा फलक 90.40%, कॉमर्स में नगमा परवीन 77.2% एवं आर्ट्स में ममता कुमारी 88.6% लाकर प्रखंड टॉपर रहीं | साथ ही 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बैग एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया, जबकि 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दो अखबार वितरक (हॉकर) भाइयों को भी DIG नौशाद आलम के हाथों डायरी, मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। मौके पर इस्लाहुल इराकीन के सचिव हाजी मोइन, रांची ग्रामीण महाबीर मंडल अध्यक्ष अजीत केसरी, कामेश बर्मन, मुर्तज़ा आलम, शहाब हमज़ा, डॉ नैय्यर मुमताज, अहमद अंसारी, फिरदौस इदरीस, अब्दुल रहमान, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद शमशाद, पप्पू हाशमी, ओमैश इम्तियाज सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## धर्म मानव जीवन में सुख-शांति और खुशहाली का मार्ग करता है प्रशस्त : कालीचरण मुंडा



**खूंटी।** मुरहू प्रखंड के डौगड़ा गांव में 16 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय सरना धर्म प्रार्थना सभा रविवार को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हो गई। समारोह में बड़ी संख्या में सरना धर्मावलंबियों ने भाग लिया और आगामी जनगणना में सामाजिक एवं धार्मिक एकता के लिए अधिक से अधिक लोगों से सरना धर्म दर्ज कराने का आह्वान किया । कार्यक्रम में धर्मगुरु सोमा कंडीर, धर्मगुरु बगरय मुंडा एवं धर्मगुरु भैयाराम ओड़ेया की अगुवाई में सरना स्थल पर भगवान सिंगबोंगा की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान समाज में सुख, शांति एवं खुशहाली की कामना की गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद कालीचरण मुंडा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक राम सूर्या मुंडा, धर्मगुरु विद्यासागर केरकेट्टा एवं जिला परिषद के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। धर्मगुरु विद्यासागर केरकेट्टा ने कहा कि सरना प्रकृति आधारित मानव सभ्यता का प्राचीनतम धर्म है, जिसकी अपनी धार्मिक परंपराएं, जीवन शैली और दर्शन हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 की जनगणना में 50 लाख से अधिक लोगों ने सरना धर्म दर्ज कराया था और आगामी जनगणना में इसे दो करोड़ से अधिक तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से सामाजिक और धार्मिक एकता बनाए रखने के लिए जनगणना में सरना धर्म दर्ज कराने का संकल्प लेने की अपील की। मुख्य अतिथि सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि धर्म मानव जीवन में सुख, शांति और खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करता है।

### हजारीबाग में बनेगा राज्य का पहला मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

# खिलाड़ियों को दिया जाएगा बेहतर प्लेटफॉर्म

- **नगर निगम ने अत्याधुनिक मॉडल स्पोर्ट्स सेंटर स्थापित करने का प्रस्ताव भी दिया है**




**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग खेल के क्षेत्र में बेहतर कर रहा है। आए दिन यहां के खिलाड़ी सुर्खियों में रहते हैं। ऐसे में खिलाड़ियों के लिए एक बेहद सुकून देने वाली खबर सामने आई है। झारखंड सरकार राज्य के कुछ खास जिलों में मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण करने जा रही है। संभवतः हजारीबाग पूरे राज्य का पहला जिला होगा। जहां मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण होगा। इस कॉम्प्लेक्स में खिलाड़ियों को एक छत के नीचे ही खेल के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगा। कहा जाए तो बैडमिंटन, बास्केटबॉल, लॉन टेनिस, स्विमिंग, राइफल, शूटिंग समेत अन्य खेल को एक ही परिसर में विकसित किया जाएगा।

हजारीबाग पहुंचे कला एवं पर्यटन विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने जिला के उपायुक्त और खेल पदाधिकारी से इस बाबत प्रस्ताव मांगा है कि किस क्षेत्र को मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के रूप में विकसित किया जा सकता है। नगर निगम ने अत्याधुनिक मॉडल स्पोर्ट्स सेंटर स्थापित करने का प्रस्ताव भी दिया है। नगर निगम के महापौर अरविंद राणा ने एक बताया कि हजारीबाग में दो ऐसी जगह है, जिसे विकसित किया जा सकता है। जिसमें एक स्टेडियम और दूसरा डीवीसी चौक के पास मौलाना अब्दुल कलाम आजाद ऑडिटोरियम इंदौर स्टेडियम है। इस परिसर में स्केटिंग रिंक, योग एवं ध्यान केंद्र , मल्टी-एक्टिविटी एरिया, ओपन जिम एवं रनिंग ट्रैक जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती है। उन्होंने बताया कि एक साथ प्रशिक्षण एवं प्रतिभा विकास केंद्र स्थापित किए जा सकते हैं। जहां अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण दिया जा सकता है। यह केंद्र राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन में भी सक्षम होगा। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार डीवीसी चौक के पास मौलाना अब्दुल कलाम आजाद ऑडिटोरियम सह इंडोर स्टेडियम को लेकर प्लानिंग चल रही है। बहुत जल्द सरकार को विस्तृत रिपोर्ट भी सौंप जाएगी।

## अब्दुल कलाम चिल्ड्रेन पार्क निर्माण कार्य का विधायक ने लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** स्थानीय विधायक सह झाविस लोक लेखा समिति के सभापति मनोज कुमार यादव ने प्रखंड परिसर स्थित अब्दुल कलाम चिल्ड्रेन पार्क में चल रहे सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जानकारी लेते हुए संबंधित लोगों को किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि पार्क को आम लोगों की सुविधा और मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जा रहा है। पार्क बनने के बाद बच्चों को खेलने, युवाओं को घूमने तथा बुजुर्गों को बैठने के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा। उन्होंने कहा कि पार्क में लोगों की जरूरत के अनुसार सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। पार्क के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि यह लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सके। निरीक्षण के दौरान विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, मुखिया विजय यादव, पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, टिंकू आलम, रामचन्द्र साव आदि उपस्थित थे।

## दृष्टिपात

### सिक्स लेन सड़क चौड़ीकरण को लेकर प्रशासन ने शुरू की तैयारी, नोटिस जारी



**बरकट्ठा।** जीटी रोड सिक्सलेन सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य कराने को लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दिया है। इसको लेकर बरकट्ठा अंचल अधिकारी नवीन भूषण कुल्लू ने वजरिऐ नोटिस जारी किया है। नोटिस के माध्यम से आम आवाम को सूचित किया है कि एनएच दो के अंतर्गत मौजा बरकट्ठा एवं परबत्ता के केसरे हिन्द एवं रैयती भूमि पर अवस्थित संरचना द्वारा अतिक्रमण किया गया है, उन रैयतों को अग्राह किया जाता है कि 13 मई तक अपने-अपने संरचना अतिक्रमण को स्वता हटा लें, अन्यथा 14 मई से प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए बलपूर्वक आपकी संरचना अतिक्रमण को हटा दी जाएगी। जिसमें किसी भी तरह की क्षति, नुकसान की जिम्मेवारी आपकी स्वयं की होगी। इसे अतिआवश्यक समझें। जानकारी हो कि बरकट्ठा में सिक्सलेन सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य वर्षों से आजतक अधूरा पड़ा है। जिसपर संज्ञान लेते हुए हजारीबाग उपायुक्त ने बरही एसडीओ और डीएसपी को पत्र भेजकर कहा है कि परियोजना निदेशक राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से समन्वय स्थापित करते हुए अंचल-चौपारण, बरही एवं बरकट्ठा में अवस्थित अवरोधित अतिक्रमण संरचना को नियमानुसार हटाने हेतु दण्डाधिकारी एवं समुचित संख्या में पुलिस बल (महिला बल सहित) प्रतिनियुक्त करने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

### मातृत्व दिवस पर स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित, माताओं को किया गया सम्मानित




**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।ज्ञात हो यह दिन उन सभी महिलाओं को समर्पित है, जिन्होंने हमें इस दुनिया में लाया। जिसने जिंदगी को जीना सिखाया,जो जीवन की पहली गुरु बनीं ।वहीं कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी व प्रमुख रेनू देवी के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यालय निर्देशक आई पी भारती ने कहा कि मां सिर्फ एक रिश्ता नहीं, बल्कि ऐसा एहसास है जो हमारी हर खुशी, सफलता और मुश्किल में बिना शर्त साथ खड़ी रहती है। मां की ममता, त्याग और प्यार को यदि शब्दों में बयां करना पड़े तो यह दुनिया का सबसे मुश्किल काम होगा। हर साल मई के दूसरे रविवार को मनाया जाने वाला मदर्स डे मां के प्रति सम्मान और प्यार जताने का खास मौका होता है। प्राचार्य सायन मुखर्जी ने कहा कि एक मां का स्नेह, त्याग और आशीर्वाद ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। इसके साथ उन्होंने समस्त मातृशक्ति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईश्वर से उनकी प्रार्थना है कि सभी माताएं सदैव स्वस्थ, सुखी और सम्मानित रहें।कहा कि मातृशक्ति का सम्मान और उनका आशीर्वाद ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। इस अवसर उपस्थित सभी माताओं को विद्यालय परिवार के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक और बच्चे उपस्थित थे।

### महायज्ञ स्थल पर गूंजा शिव महिमा का संदेश

## शिव केवल देवता नहीं बल्कि जीवन जीने की एक दिव्य चेतना हैं : कामेश्वर सिंह



- **शिव की आराधना से मनुष्य के जीवन में शांति, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है**

**नवीनं मेल संवाददाता**

**बरही।** प्राचीन भगवती मंदिर स्थित महायज्ञ स्थल पर आयोजित शिव चर्चा कार्यक्रम में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गुरु बहनें, गुरु भाई एवं श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान शिव के स्वरूप, उनके तत्व एवं जीवन दर्शन के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

शिव चर्चा के दौरान वक्ताओं ने भगवान शिव को सृष्टि का आधार बताते हुए कहा कि शिव अजन्मा, शाश्वत और परम सत्य हैं। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को शिव भक्ति, मानव कल्याण और आध्यात्मिक जीवन के महत्व के बारे में बताया गया। इस अवसर पर शिव चर्चा के मुख्य वक्ता गुरुभाई कामेश्वर सिंह ने कहा कि भगवान शिव आदि और अनंत हैं। वे सृष्टि के कण-कण में विद्यमान हैं तथा शिव की आराधना से मनुष्य के जीवन में शांति, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि शिव केवल एक देवता नहीं बल्कि जीवन जीने की एक दिव्य चेतना हैं। कार्यक्रम के दौरान भक्ति गीतों और शिव नाम संकीर्तन से पूरा महायज्ञ स्थल भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ शिव चर्चा में भाग लिया। आयोजन समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। मौके पर कई श्रद्धालुओं ने भी भगवान शिव को गुरु स्वीकार किया ।

### रजरप्पा मंदिर के पुनर्विकास कार्यों को लेकर उपायुक्त ने किया निरीक्षण, कहा-

# श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुनर्विकास किया जाएगा

- **मंदिर परिसर के समुचित व्यवस्था, सुरक्षा एवं बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज द्वारा शनिवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत चितरपुर प्रखंड स्थित मां छिन्नमस्तिका सिद्ध पीठ रजरप्पा मंदिर का दौरा किया गया। यह दौरा रजरप्पा मंदिर के प्रस्तावित पुनर्विकास कार्यों के संबंध में किया गया। इस दौरान उपस्थित सदस्यों के साथ रजरप्पा मंदिर परिसर में प्रस्तावित विकास योजनाओं की रूपरेखा साझा करते हुए आने वाले समय में किए जाने वाले कार्यों पर विस्तार से चर्चा की।सदस्यों द्वारा विभिन्न समस्याएं एवं सुझाव भी रखे गए, जिन्हें उपायुक्त ने गंभीरतापूर्वक सुना तथा उनके यथोचित निराकरण के लिए आवश्यक आश्वासन दिया। उपायुक्त ने रजरप्पा मंदिर परिसर का विस्तृत स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रस्तावित बस स्टैंड, प्रवेश द्वार (एंट्री गेट), निकास द्वार (एग्जिट गेट), घाट निर्माण, दुकानों के निर्माण सहित अन्य आधारभूत संरचनाओं के लिए चिन्हित स्थलों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि रजरप्पा मंदिर के पुनर्विकास कार्य को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर योजनाओं को मूर्त रूप देने का निर्देश दिया। माननीय उच्च न्यायालय झारखंड द्वारा पारित आदेश के आलोक में रजरप्पा मंदिर परिसर से अतिक्रमण हटाया गया है जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि जिन दुकानों को हटाया गया है उन्हें खाली जगहों पर स्थापित किया जाए इसके लिए जगह चिंहितिकरण का कार्य किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि रजरप्पा मंदिर झारखंड का एक प्रमुख आस्था केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में मंदिर परिसर के समुचित विकास, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा एवं बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि पुनर्विकास योजना के तहत सभी आवश्यक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ अनुराग कुमार तिवारी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, अंचल अधिकारी चितरपुर सहित अन्य उपस्थित थे ।

### लोगों की समस्याओं का समाधान करना ही जनता दरबार का उद्देश्य : धनंजय कुमार पुटूस



**रामगढ़।** भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस द्वारा आरबीएसएस कार्यालय में 38वाँ जनता दरबार आयोजित किया गया। जनता दरबार में बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग अपनी समस्याओं एवं सुझावों को लेकर पहुंचे। रविवार को जनता दरबार में मुख्य रूप से पेंशन, पानी, बिजली एवं सफाई से संबंधित समस्याएं सामने आईं। धनंजय कुमार पुटूस ने सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों से संपर्क कर समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका त्वरित समाधान करना है। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही उनकी प्राथमिकता है और वे लगातार क्षेत्रवासियों के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करते रहेंगे। जनता दरबार में विभिन्न पंचायतों एवं वार्डों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। कार्यक्रम के दौरान आरबीएसएस के अजय कुमार,अमर बोदरा व अन्य कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

### आरएसएस ने संस्कार और संगठन विस्तार पर किया मंथन

## संघ किसी पार्टी विशेष के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित : अद्वैत

**नवीन मेल संवाददाता**




**बरही।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बरही अनुमंडल द्वारा नगर भवन में प्रमुख नागरिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य, कोलकाता के अद्वैत चरण उपस्थित रहे। वहीं सह वक्ता के रूप में त्रिवेणी साहू (क्षेत्रीय सेवा प्रमुख) एवं दयानंद चौरसिया (जिला सह संचालक) शामिल हुए। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में संघ, विहिप कार्यकर्ता एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता श्री चरण ने आरएसएस के उद्देश्यों और कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र निर्माण, सेवा और संस्कार का संगठन है। संघ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने तथा युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संघ किसी पार्टी विशेष या व्यक्ति विशेष के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित संगठन है। इसका स्वर्णिम इतिहास इसकी कार्यशैली और योगदान का साक्षी है।

कार्यक्रम में स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद सदस्या प्रीति गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता गणेश यादव, मलकोको मुखिया विजय यादव एवं धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया और संघ के इतिहास एवं विचारों को जाना। गोष्ठी में राजेश केसरी (जिला व्यवस्था प्रमुख), प्रभु राणा (जिला सह शारीरिक प्रमुख), सुबोध पांडेय (जिला बौद्धिक प्रमुख), रजनीश कुमार पांडेय (जिला बौद्धिक टोली सदस्य), राजू कुमार (खंड सेवा प्रमुख), संतोष प्रजापति (खंड कार्यवाह), सुनील कुमार सोनी (खंड सह कार्यवाह), राजीव कुमार (कुटुंब प्रबोधन प्रमुख), सुभाष प्रसाद (शाखा कार्यवाह), कुंदन साव (मुख्य शिक्षक), मंडल प्रमुख पिंटू केसरी, सुरेश यादव एवं धर्मेंद्र कुमार पंडित उपस्थित रहे। वहीं राष्ट्र सेविका समिति की जूली कुमारी, राखी पांडेय, रश्मि कुमारी, रखी महतो, विजेता कुमारी, ममता कुमारी, प्रियंका कुमारी एवं पुष्पलता कुमारी के साथ विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष नंद किशोर, निरंजन केसरी, मिथिलेश श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य लोग व प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

### दुलमी प्रखंड में संगठन विस्तार को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक

**दुलमी।** दुलमी प्रखंड के बाजार टांड़ में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से झामुमो ने एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में विभिन्न पंचायतों से आए कार्यकर्ताओं और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुरेश भारती ने की, जबकि संचालन छटू गंझू ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय सदस्य चित्रगुप्त महतो विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक बूथ पर 5 महिला और 5 पुरुष एजेंटों का गठन किया जाएगा। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि वे मतदाता सूची का गहन सत्यापन करें और हर परिवार तक पहुंच बनाकर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें। केंद्रीय सदस्य चित्रगुप्त महतो ने कहा कि संगठन कि मजबूती के लिए जमीनी स्तर पर काम करना आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से हर गांव और टोले तक पहुंचकर लोगों को संगठन से जोड़ने की अपील की। बैठक में उपस्थित प्रमुख कार्यकर्ताओं में सागर अंसारी, यशोदा देवी सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बरही मछली बाजार बना ताजी मछलियों का हब

## स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिल रही नई रफ्तार, मत्स्य पालकों की आमदनी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** स्थानीय मछली बाजार इन दिनों ताजी और विभिन्न प्रजातियों की मछलियों के लिए लोगों की पहली पसंद बनता जा रहा है। सुबह होते ही बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ती है, जहां तिलैया डैम सहित स्थानीय तालाबों, नदियों और आसपास के क्षेत्रों से लाई गई ताजी मछलियां बिक्री के लिए सजाई जाती हैं। रोहू, कतला, मंगुर, ग्रास कार्प समेत कई प्रकार की मछलियां यहां आसानी से उपलब्ध हो रही हैं। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार पहले लोगों को मछली खरीदने के लिए बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था, लेकिन अब बरही मछली बाजार में ही बेहतर गुणवत्ता की ताजी मछलियां उचित कीमत पर मिल रही हैं। इससे ग्राहकों का भरोसा लगातार बढ़ा है। बाजार में प्रतिदिन हजारों रुपये का कारोबार हो रहा है, जिससे मछली विक्रेताओं और मत्स्य पालकों की आमदनी में भी वृद्धि हुई है। मछली व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है कि सरकार द्वारा मत्स्य पालन को बढ़ावा दिए जाने तथा स्थानीय स्तर पर तालाबों के विकास से उत्पादन में वृद्धि हुई है। इसका सीधा लाभ बाजार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिल रहा है। कई युवा भी अब मत्स्य पालन और मछली व्यापार से जुड़कर रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। स्थानीय मछली विक्रेताओं की माने तो उचित बाजार स्थल के अभाव में उनका रोजगार प्रभावित हो रहा है । साथ हीं हमेशा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है । इस दिशा में स्थानीय शासन और प्रशासन को गंभीरता दिखानी चाहिए, क्योंकि मछली बाजार हीं मल्लाहों का मुख्य रोजगार है ।

### 13वें अंचल निरीक्षक अनिल कुमार ने दिया योगदान, कर्मियों ने किया स्वागत



**बरही।** अंचल निरीक्षक कार्यालय में 13वें अंचल निरीक्षक के रूप में अनिल कुमार ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान अंचल निरीक्षक चन्द्रशेखर कुमार से कार्यभार लिया। श्री कुमार 94वें बैच के पुलिस पदाधिकारी हैं और इससे पूर्व एसटीएफ प्रभारी हजारीबाग में पदस्थापित थे। पदभार ग्रहण के अवसर पर निवर्तमान अंचल निरीक्षक एवं अंचल कार्यालय कर्मियों ने बुके देकर उनका स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। ज्ञात हो कि निवर्तमान निरीक्षक श्री कुमार का तबादला हजारीबाग सदर थाना प्रभारी के रूप में हो चुका है। नव पदस्थापित अंचल निरीक्षक ने कहा कि उनके कार्यक्षेत्र में विधि-व्यवस्था एवं शांति बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता की सहयोगी है और आम लोग बिना किसी संकोच के अपनी समस्याएं पुलिस तक पहुंचाएं। हर मामले में निष्पक्षता के साथ सहयोग किया जाएगा।

### कॉपर वायर की चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**रामगढ़।** विगत 5 फरवरी 2026 को पीवीयूएनएल पतरातु प्लांट के कैंपस से कॉपर वायर की चोरी करने के आरोप में पतरातु थाना कांड संख्या- 33/26 दिनांक- 05.02.2026, धारा- 305(e)/317(2)/317(4)/329(3)/61(2)(b)/112(2) बीएनएस के प्राथमिकी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पतरातु थाना पुलिस द्वारा तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर विभिन्न स्थानों पर छापामारी कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त : सद्दाम अंसारी, अरमान अंसारी उर्फ लाला उर्फ सैफ, रंजन कुमार शामिल हैं।

**आस्था**

### कैथा में मंडा पूजा 24 मई को धूमधाम से आयोजित किया जाएगा

# मंडा पूजा पर बंगाल के छऊ कलाकार देंगे प्रस्तुति : वार्ड पार्षद

- **सभी ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों से इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में शामिल होने की अपील की**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** रविवार को कैथा महादेव मंडा परिसर में कैथा मंडा समिति एवं ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष कैथा में मंडा पूजा 24 मई को हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडा समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार महतो ने जबकि संचालन समिति के कोषाध्यक्ष सह वार्ड पार्षद देवधारी महतो ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए समिति अध्यक्ष राजेश कुमार महतो ने कहा कि ग्राम में मंदिर निर्माण कार्य के चलते पिछले दो वर्षों से मंडा पर्व का आयोजन नहीं हो पाया था। अब मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण होने एवं मंदिर में भव्य एवं ऐतिहासिक यज्ञ के सफल आयोजन के बाद इस वर्ष पुनः भव्य एवं ऐतिहासिक मंडा पूजा एवं मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई जाएगी। वहीं समिति के कोषाध्यक्ष सह वार्ड पार्षद देवधारी महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष मंडा पूजा को विशेष रूप से आकर्षक बनाया जाएगा। कार्यक्रम में बंगाल के मशहूर कलाकारों द्वारा रंगारंग छऊ नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होंने सभी ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों से इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में शामिल होने की अपील की। बैठक में सर्वसम्मति से मंडा पर्व के कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। जिसके अनुसार 19 मई 2026 को धूमैल, 20 मई को विश्वकर्मा पूजा, 21 मई को उतरी, 22 मई को पाटभंगी, 24 मई को उपवास तथा 25 मई को फुलखुंदी एवं मुंडन संस्कार का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से समिति अध्यक्ष राजेश कुमार महतो, सचिव राजकुमार महतो, कोषाध्यक्ष देवधारी महतो, संरक्षक सुदर्शन महतो,सचिन महतो, मुकेश महतो, जितेंद्र महतो,राधा महतो, नितेश तिवारी,चुन्नीलाल महतो,ईश्वर ओहदार, राम प्रकाश महतो, जितेंदर रविदास ,संजय करमाली,बिगिया महतो, जयधन महतो, सरवन कुमार, अजय आस्था, संजय कुमार,पंकज कुमार उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा को लेकर डीटीओ ने बानो प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का किया निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के उद्देश्य से जिला परिवहन पदाधिकारी संजय बाखला ने शुक्रवार को बानो प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क के कर्व टर्निंग, वाई टर्निंग एवं दुर्घटना संभावित स्थलों का जायजा लेकर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। साथ ही सड़क किनारे मौजूद सूखे एवं जर्जर पेड़ों को भी चिन्हित किया गया, ताकि भविष्य में किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।निरीक्षण के दौरान डीटीओ ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक स्थानों पर रोड ब्रेकर निर्माण, चेतावनी संकेतक बोर्ड लगाने तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े अन्य जरूरी कार्य शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन लगातार गंभीरता से कार्य कर रहा है और लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।डीटीओ संजय बाखला ने स्थानीय ग्रामीणों एवं राहगीरों से बातचीत कर सड़क संबंधी समस्याओं और सुझावों की जानकारी भी ली। लोगों ने कई स्थानों पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण एवं संकेत बोर्ड लगाने की मांग रखी। निरीक्षण के दौरान अजीत कुमार, चंदन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## चाईबासा, खूंटी एवं सिमडेगा में 22 नए मंदिरों के निर्माण को मिली स्वीकृति

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** विश्व कल्याण समीज आश्रम आनंदपुर के जगतगुरु शंकराचार्य जी महाराज के मार्गदर्शन में चाईबासा, खूंटी एवं सिमडेगा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 22 नए मंदिरों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस संबंध में आयोजित बैठक में मंदिर निर्माण की रूपरेखा, समिति गठन एवं आगामी कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई।आश्रम की ओर से बताया गया कि सभी मंदिरों का निर्माण चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण को बढ़ावा मिलेगा। मंदिर निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद श्रद्धालुओं में हर्ष का माहौल है। बैठक में ब्रह्मचारी महाराज जी, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष बानो सह आश्रम सदस्य बालमुकुंद सिंह सहित तीनों जिलों से आए श्रद्धालु एवं मंदिर निर्माण समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## उपायुक्त ने टॉपरों को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के टॉपर विद्यार्थियों को जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने अपने आवास पर कार्यक्रम आयोजित कर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के टॉपर छात्रों के साथ केक काटा तथा सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने सभी छात्रों से एक-एक कर बातचीत की और उनके भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मेधावी छात्रों की आगे की पढ़ाई में जिला प्रशासन हरसंभव सहयोग करेगा। डीसी ने बताया कि इस वर्ष इंटर वाणिज्य संकाय में सिमडेगा ने राज्य स्तर पर टॉपर देकर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि जिले की शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पंचायत स्तर पर सुसज्जित लाइब्रेरी की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही सभी शिक्षकों को निर्देश दिया गया है कि नियमित पढ़ाई के साथ विद्यार्थियों का विशेष मार्गदर्शन भी करें।उन्होंने विश्वास जताया कि खेल नगरी के रूप में पहचान रखने वाला सिमडेगा आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में भी नई पहचान बनाएगा और यहां के बच्चे पढ़ाई में भी अपना परचम लहराएंगे।

# अवैध शराब निर्माण के खिलाफ उत्पाद विभाग और पुलिस की संयुक्त छापेमारी

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सायपुर गांव में रविवार को अवैध शराब निर्माण के खिलाफ उत्पाद विभाग और सदर पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की। लंबे समय से प्रशासन को इस क्षेत्र में अवैध रूप से महुआ शराब बनाने और बेचने की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों के सत्यापन के बाद उत्पाद विभाग एवं पुलिस की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से गांव में छापेमारी अभियान चलाया।छापेमारी के दौरान टीम ने गांव के कई घरों में अवैध शराब निर्माण का कार्य होते पाया। मौके पर भारी मात्रा में शराब बनाने में प्रयुक्त सामग्री बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान लगभग 200 किलोग्राम जावा महुआ और 100 किलोग्राम पचवई को नष्ट किया गया।

इसके अलावा 15 लीटर तैयार अवैध शराब भी जब्त की गई। अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब निर्माण से क्षेत्र में कानून व्यवस्था और स्वास्थ्य संबंधी खतरे उत्पन्न हो रहे थे, जिसे रोकने के लिए यह अभियान चलाया गया।उत्पाद विभाग ने अवैध शराब निर्माण में संलिप्त 15 घरों के मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध शराब निर्माण और बिक्री के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी प्रशासन को दें।

## अक्षय सिन्हा क्लासेस ने किया टॉपर छात्रों को सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अक्षय सिन्हा क्लासेस के संस्थापक राज आनन्द सिन्हा द्वारा संस्थान के टॉपर छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन सभी विद्यार्थियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, जिन्होंने जिला के टॉप टेन में स्थान प्राप्त करने के साथ-साथ संस्थान के टॉप टेन में भी अपनी जगह बनाई है। सम्मान समारोह एक विशेष स्थल पर आयोजित किया गया, जहां सभी टॉपर्स विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को भरपेट भोजन कराया गया और अंत में उनका मुंह मीठा कराकर इस खुशी के पल को और भी खास बनाया गया।इस अवसर पर शिक्षक राज आनन्द सिन्हा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाइयां दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है, और उन्हें आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहना चाहिए।कार्यक्रम का माहौल उत्साह और प्रेरणा से भरा रहा, जहां छात्रों की खुशी और गर्व का भाव देखने को मिला।

## अमृत भारत योजना से बदली बानो रेलवे स्टेशन की तस्वीर

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** झारखंड के प्रसिद्ध नागपुरी गायक एवं कवि किशन के गीतों में बानो रेलवे स्टेशन का जिक्र वर्षों पहले ही सुनने को मिलता था। शायद उन्हें पहले से आभास था कि एक दिन बानो स्टेशन रांची-राउरकेला रेलखंड का एक खूबसूरत और महत्वपूर्ण स्टेशन बनेगा। अपने लोकप्रिय गीत में उन्होंने लिखा था प्रेम कर चलावे मिशन, सेलेम रे चइल आबे बानो टिशन"। आज वही बानो स्टेशन आधुनिक सुविधाओं और आकर्षक भवन के कारण लोगों के बीच विशेष पहचान बना चुका है।अमृत भारत योजना के तहत बानो रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया गया है। स्टेशन भवन को आधुनिक डिजाइन और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है, जो यात्रियों को आकर्षित करता है। यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन परिसर में कैंटीन, बैठने की व्यवस्था और प्लेटफॉर्म तक पहुंचने के लिए लिफ्ट जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए आरपीएफ और जीआरपी के जवान लगातार तैनात रहते हैं।बानो स्टेशन की पहचान केवल रेलवे सुविधा तक सीमित नहीं है। बाहर से आने वाले यात्री इसे फलों के लिए भी जानते हैं, क्योंकि यहां हर मौसम में ताजे फल उपलब्ध हो जाते हैं। यह स्टेशन रांची-राउरकेला रेलखंड का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका निर्माण 1960-70 के दशक में हुआ था। यह मार्ग बोकारो, हटिया स्थित एचईसी और राउरकेला जैसे औद्योगिक क्षेत्रों को दक्षिण भारत से जोड़ने वाला प्रमुख रेल मार्ग है।आज बानो स्टेशन से दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, जम्मू तवी, गोरखपुर और धनबाद जैसे बड़े शहरों के लिए यात्रा संभव है।

## तिनसोंगड़ा मांझी टोली में नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** बानो प्रखंड के सोय पंचायत अंतर्गत तिनसोंगड़ा मांझी टोली गांव में 25 केवीए क्षमता वाले नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। यह ट्रांसफार्मर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया की पहल पर लगाया गया। उद्घाटन ग्रामीण बुजुर्ग लांगू पाहन, विद्युत विभाग प्रतिनिधि तनवीर हुसैन, सोय मुखिया सोमवारी कैथवार, पंचायत समिति सदस्य नामलेन जड़िया, झामुमो पंचायत अध्यक्ष संदीप समद एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में फीता काटकर किया गया।सोय मुखिया सोमवारी कैथवार ने बताया कि पिछले कई महीनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण गांव में बिजली आपूर्ति बाधित थी, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। ग्रामीणों की मांग पर विधायक सुदीप गुड़िया के निर्देश से नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया।विधायक प्रतिनिधि तनवीर हुसैन ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

## कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक संपन्न, संगठन मजबूती पर जोर

**कोलेबिरा।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य मंडल कमिटी, पंचायत कमिटी, महिला मोर्चा, सेवादल एवं बीएलए एजेंटों के माध्यम से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाना था।बैठक में संगठन विस्तार, पंचायत एवं मंडल स्तरीय कमिटियों के गठन, एसआईआर, पेसा कानून और मनरेगा से जुड़े विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। जिला महासचिव सह प्रखंड प्रभारी तिलका रमण ने संगठन की मजबूती और एकजुटता पर बल देते हुए कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया।अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष राशेल लकड़ा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की विचारधारा पर काम करती है। वहीं विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता और आपसी समन्वय पर निर्भर करती है।बैठक में सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, निलय प्रेम तिर्की, तजमुल अहमद, जोसेफ सोरेंग समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दुमकी में पेसा नियमावली 2025 के तहत ग्राम सभा आयोजित

## सहायक सचिव व कोषाध्यक्ष का चयन



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले के ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत दुमकी पंचायत के दुमकी गांव में पेसा नियमावली 2025 एवं झारखंड सरकार पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान किरण बाः ने की। ग्राम सभा में गांव के विकास, स्वशासन और समितियों के गठन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में मुख्य रूप से भारत आदिवासी पार्टी के जिला अध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की, अधिवक्ता सह पेशा एसएलएमटी अलेक्स जॉनसन केरकेट्टा, सुशील सोरेंग एवं जॉन एलविस कुल्लू उपस्थित रहे। ग्राम सभा के दौरान सर्वसम्मति से राजेश डुंगडुंग को सहायक सचिव तथा निर्मला टोप्पो को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही ग्राम विकास समिति, शिक्षा समिति, कृषि समिति, बाजार समिति एवं श्रमिक समिति सहित विभिन्न स्थायी समितियों का गठन किया गया।ग्राम सभा में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक बैठक में महिलाओं एवं पुरुषों की कम से कम एक-तिहाई उपस्थिति अनिवार्य होगी। मौके पर अमृत चिराग तिर्की ने कहा कि पेसा नियमावली आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा का मजबूत माध्यम है। वहीं अलेक्स जॉनसन केरकेट्टा ने ग्रामीणों से ग्राम सभा में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

## खरवा टोली में झामुमो ने बनाई बूथ कमेटी, जनसमस्याओं पर हुई चर्चा



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा नगर क्षेत्र के खरवा टोली में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से बूथ कमेटी का गठन किया गया। कार्यक्रम में झामुमो नगर अध्यक्ष अनस आलम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर क्षेत्र की जनसमस्याओं पर भी चर्चा की गई।ग्रामीणों ने बताया कि इलाके का चापानल खराब होने से पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है, जिसे जल्द ठीक कराने की मांग की गई। इसके अलावा गरीब एवं मजदूर परिवारों को आवास योजना से जोड़ने, वृद्धा पेंशन और राशन कार्ड उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई। लोगों ने कहा कि बरसात के दिनों में रहने में काफी परेशानी होती है।नगर अध्यक्ष अनस आलम ने कहा कि सभी समस्याओं को प्रशासन और सरकार तक पहुंचाकर समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार गरीब, मजदूर और जरूरतमंद लोगों के हित में लगातार कार्य कर रही है।

## जलडेगा थाना में शांति समिति की बैठक सह मिलन समारोह

नवीन मेल संवाददाता



**जलडेगा।** जलडेगा थाना परिसर में रविवार को शांति समिति एवं मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। इस दौरान नवपदस्थापित थाना प्रभारी सकलदेव महतो का बुके भेंट कर स्वागत किया गया तथा उन्हें शुभकामनाएं दी गईं।बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को थाना प्रभारी के समक्ष रखा। लोगों ने विशेष रूप से क्षेत्र में बढ़ते नशापान, गांजा कारोबार एवं हब्बा-डब्बा जैसे अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, नियमित गश्ती बढ़ाने तथा दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही।ग्रामीणों ने कहा कि जलडेगा क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का भरोसा भी दिलाया। वहीं थाना प्रभारी सकलदेव महतो ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अवैध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें, ताकि समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।मौके पर एसआई किशोर महतो, सआई रोहित कुमार रजक, जागेश्वर बिंझीया, बिश्वनाथ साहू, कालिंद्र बड़ाईक, अवध साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सिमडेगा की नई जिला कमेटी गठित

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा नगर भवन में रविवार को आयोजित क्षत्रिय मिलन समारोह के दौरान अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, जिला इकाई सिमडेगा की पुरानी कमेटी को भंग कर सर्वसम्मति से नई जिला कमेटी का गठन किया गया। कार्यक्रम में समाज के कई गणमान्य लोग एवं सदस्य उपस्थित रहे।नई कमेटी में दीनदयाल सिंह को प्रधान संरक्षक बनाया गया। वहीं जगदीश सिंह को जिलाध्यक्ष, नवीन सिंह को जिला महासचिव तथा अनुज सिंह को जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला प्रवक्ता के रूप में अभय सिंह का चयन किया गया। इसके अलावा कई सदस्यों को संरक्षक, जिला उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, संगठन सचिव, मीडिया प्रभारी एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जिम्मेदारी दी गई।कानूनी सलाहकार के रूप में अधिवक्ता शिवराज सिंह एवं अधिवक्ता शैलेश सिंह को मनोनीत किया गया। संगठन को मजबूत करने एवं समाज को एकजुट करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में समाजहित, युवाओं की भागीदारी और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ाने पर भी चर्चा हुई।नई कमेटी का कार्यकाल 10 मई 2026 से 10 मई 2029 तक निर्धारित किया गया है।

# सिमडेगा में 'चल संगी झारखंड' शॉर्ट फिल्म का टीजर लॉन्च

- **यह फिल्म 15 मई को एम सीरीज नागपुरी यूट्यूब चैनल पर रिलीज की जाएगी**

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जिले के आरोन रेस्टोरेंट में रविवार को बहुप्रतीक्षित शॉर्ट फिल्म "चल संगी झारखंड" का टीजर लॉन्च किया गया। इस अवसर पर अभिनेता एवं निर्देशक सत्य महतो अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान फिल्म का पोस्टर भी विमोचित किया गया।मौके पर सत्य महतो ने बताया कि इस फिल्म के माध्यम से झारखंड की संस्कृति, सभ्यता, प्राकृतिक सुंदरता और पलायन जैसे गंभीर मुद्दों को एक साथ प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म 15 मई को एम सीरीज नागपुरी यूट्यूब चैनल पर रिलीज की जाएगी।फिल्म के कैमरामैन आतिफ अकाब ने बताया कि पूरी टीम ने कड़ी मेहनत और लगन के साथ इस फिल्म की शूटिंग की है। इसमें मनोरंजन के साथ-साथ झारखंड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों के खूबसूरत दृश्यों को शामिल किया गया है।

वहीं म्यूजिक कंपोजर अनिकेत मिंज ने कहा कि झारखंड की पारंपरिक धुनों और लोक संस्कृति को ध्यान में रखते हुए लंबे समय तक मेहनत कर संगीत तैयार किया गया है।फिल्म में झारखंड के कई चर्चित कलाकारों और सांस्कृतिक हस्तियों को शामिल किया गया है। इनमें कवि किशन संगम, दिव्या मिलोना बसुमत्री, इमानुएल महतो, सुभाष महतो, आनंद, मनीष, बसंत आरती, सुशांत, संदीप पुतुल, तनवीर, जयंत, अल्मा चावर पाइका और नृत्य गुरु सहित अन्य लोग शामिल हैं।फिल्म में सत्य महतो गायक, गीतकार और अभिनेता की भूमिका में नजर आएंगे।

कैमरा संचालन आतिफ अकाब एवं अरुण कुमार ने किया है, जबकि कैमरा असिस्टेंट के रूप में रामचंद्र और कामेश्वर ने सहयोग दिया। म्यूजिक रिकॉर्डिंग सिमडेगा के औपमा म्यूजिक स्टूडियो में हुई है। संगीत निर्देशन अनिकेत मिंज, बैकग्राउंड म्यूजिक संजय बाबू एवं के साइन स्टूडियो द्वारा तैयार किया गया है।

# मेहरमा प्रखंड को मिली 2.21 करोड़ रुपए की तीन सड़क योजनाओं की सौगात

● सड़क बनने से गोड्डा के मेहरमा प्रखंड के अनेक गांवों में आवागमन सुगम व सुरक्षित होगा

नवीन मेल संवाददाता




**गोड्डा।** महागामा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मेहरमा प्रखंड में ग्रामीण आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में रविवार को तीन महत्वपूर्ण पथ सुदृढ़ीकरण योजनाओं का शिलान्यास किया गया। झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह ने इन योजनाओं का विधिवत शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को बेहतर सड़क संपर्क की सौगात दी। शिलान्यास की गई योजनाओं में LO28 PWD मुख्य सड़क से बेनीदास भुस्का तक 3.230 किलोमीटर लंबी पथ सुदृढ़ीकरण योजना शामिल है, जिसकी स्वीकृत लागत 96 लाख रुपये है। इसके अतिरिक्त LO52 घोरीचक से कुमारडीहा तक 1.800 किलोमीटर लंबी सड़क योजना का शिलान्यास किया गया, जिसकी लागत 53 लाख रुपये है। वहीं LO27 आर.ई.ओ. रोड से बासकीकित्ता तक 1.600 किलोमीटर लंबी पथ सुदृढ़ीकरण योजना का भी शुभारंभ किया गया, जिस पर 72 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इन तीनों योजनाओं पर कुल 2 करोड़ 21 लाख रुपये की लागत आएगी। परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद मेहरमा प्रखंड के अनेक गांवों में आवागमन अधिक सुगम एवं सुरक्षित होगा।

किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सहूलियत मिलेगी, विद्यार्थियों को शिक्षा संस्थानों तक बेहतर पहुंच प्राप्त होगी तथा स्थानीय व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि महागामा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक गुणवत्तापूर्ण सड़क एवं अन्य आधारभूत सुविधाएं पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनता से किए गए वादों को लगातार पूरा किया जा रहा है और विकास कार्यों की यह निरंतर यात्रा क्षेत्र के समग्र विकास के संकल्प को सशक्त बना रही है।

## ब्राउन शुगर के बड़े नेटवर्क का खुलासा, पांच गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम।** पुलिस ने शहर में सक्रिय ब्राउन शुगर के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से कुल 175 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद की है, जिसका कुल वजन 26.84 ग्राम और अनुमानित बाजार मूल्य करीब 3.50 लाख रुपये बताया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपितों में बर्मामाइन्स, गोविंदपुर और मानगो क्षेत्र के कथित सप्लायर और पेडलर शामिल हैं। कार्रवाई को जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है। रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में एसएसपी पीयूष पांडेय ने बताया कि उन्होंने बताया कि 09 मई की शाम में गुप्त सूचना मिली थी कि बर्मामाइन्स थाना क्षेत्र के गांधी नगर बस्ती निवासी संतोष सिंह कपाली इलाके से बड़ी मात्रा में ब्राउन शुगर लेकर आया है और अपने घर से उसका कारोबार कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय-01) ऋषभ त्रिवेदी के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया।

### कोयला मंत्री किशन रेड्डी से मिलीं विधायक रागिनी सिंह

# केंदुआ भू-धंसान पीड़ितों के पुनर्वास पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**धनबाद।** झरिया विधायक रागिनी सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री किशन रेड्डी से मुलाकात कर झरिया विधानसभा क्षेत्र की कई अहम समस्याओं को उनके सामने रखा। उन्होंने विशेष रूप से केंदुआ और आसपास के खनन प्रभावित इलाकों में भू-धंसान, गैस रिसाव, विस्थापन और क्षतिग्रस्त धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग के मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई की मांग की।

**असुरक्षित माहौल में रहने को मजबूर प्रभावित परिवार**

बैठक के दौरान रागिनी सिंह ने बताया कि केंदुआ क्षेत्र में लगातार हो रही भू-धंसान और गैस रिसाव की घटनाओं ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। प्रभावित परिवार असुरक्षा के माहौल में रहने को मजबूर हैं। इसके अलावा कतरास के सोनारडीह क्षेत्र में भी जमीन धंसने की घटनाओं ने लोगों के सामने गंभीर संकट खड़ा कर दिया है।

**मार्ग बंद होने से हजारों लोगों का जीवन प्रभावित: विधायक**

उन्होंने आगे बताया कि धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग बंद होने से हजारों लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। स्कूली बच्चों, मरीजों, नौकरीपेशा लोगों और व्यापारियों को लंबा वैकल्पिक रास्ता अपनाना पड़ रहा है, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त खपत हो रही है। विधायक ने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वे कराया जाए और भू-धंसान तथा गैस रिसाव से प्रभावित परिवारों के सुरक्षित स्थानांतरण, पुनर्वास, वैकल्पिक आवास और बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था जल्द सुनिश्चित की जाए।

## झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सचिव बनीं रंजीता करमाली



**भुरकुंडा।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व झारखंड प्रभारी के राजू के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष कमलेश महतो ने भुरकुंडा करमाली टोला निवासी रंजीता करमाली को प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। साथ ही आशा व्यक्त किया है पूरी ईमानदारी और लगन से संगठन की मजबूती और विस्तार के लिये काम करेंगी। प्रदेश सचिव मनोनीत होने पर रंजीता करमाली ने उक्त नेता के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही उनकी आशाओं पर खरा उतरने का काम करेंगी। बधाई देने वालो में जिलाध्यक्ष सह विधायक ममता देवी, राष्ट्रीय सचिव सह पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू जोशी, मीना रॉय सहित रामगढ़ जिला व पतरातू प्रखंड के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुये बधाई दी है।

### मदर्स डे: देवघर की कुछ ऐसी माताएं जो अपने बच्चों से अलग रहने को मजबूर

# वृद्धाश्रम में माएं गुजार रहीं एकांत जीवन, नहीं मिल रहा प्यार

● वृद्धाश्रम में रहने वाली अन्य बुजुर्ग महिलाओं ने मदर्स डे पर लोगों से माता-पिता का सम्मान करने की अपील की

नवीन मेल संवाददाता



**देवघर।** 10 मई देश भर में मदर्स डे मनाया जा रहा है। मां को समर्पित इस खास दिवस पर जगह-जगह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कोई गिफ्ट दे रहा है तो कोई मां की ममता और त्याग को नमन कर उनका सम्मान कर रहा है। भारत में मां को भगवान के ऊपर का दर्जा प्राप्त है, लेकिन आज भी कई ऐसी मां हैं जो अपने से दूर वृद्धाश्रम में रहने को मजबूर हैं। देवघर के चांदडीह स्थित वृद्धाश्रम में भी कई ऐसी माताएं रह रही हैं जो अपने घर की ममता से काफी दूर हैं। मदर्स डे के दिन वह अपने बेटे बेटियों के प्यार को यादकर उनकी आंखें भींग जाती हैं और कहती हैं आज मुझे भी घर वाला प्यार बांटता है लेकिन मुझे नसीब नहीं है।

**वृद्धाश्रम में रहने वाली माताओं का दर्द**

इस क्रम में वृद्धाश्रम में रह रहीं बुजुर्ग महिला सरस्वती देवी ने बताया कि बेटे ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। इस कारण आज वह वृद्धाश्रम में रहने को मजबूर हैं। वहीं एक अन्य बुजुर्ग महिला ने कहा कि उनकी एक बेटी हैं, लेकिन वह बेटी के साथ नहीं रहती हैं। इस कारण वह वृद्धाश्रम में रह रही हैं। वहीं वृद्धाश्रम में रहने वाली अन्य बुजुर्ग महिलाओं ने मदर्स डे पर लोगों से माता-पिता का सम्मान करने की अपील की। इस संबंध में देवघर की समाजसेवी ललिता देवी कहती हैं कि माता-पिता पर बेटा और बेटी दोनों का समान अधिकार और माता-पिता के प्रति जिम्मेदारी होती है, लेकिन कई बार यह देखने को मिलता है कि जिन माता-पिता के पुत्र नहीं हैं ऐसे माता-पिता अपनी बेटी के घर रहने के लिए तैयार नहीं होती। इस परंपरा को भी समाप्त करने की जरूरत है। माता-पिता अपनी बेटी के घर में भी अधिकार के साथ रह सकते हैं। वहीं मदर्स डे पर वृद्धाश्रम पहुंचे स्थानीय रोहित यादव ने कहा कि माता-पिता से बढ़कर कोई संपत्ति नहीं होती, इसलिए आज उन्होंने अपना वेडिंग एनिवर्सरी देवघर के वृद्धाश्रम में रह रही माताओं के बीच मनाने का निर्णय लिया, ताकि मदर्स डे के मौके पर माताओं के चेहरे पर मुस्कान आ सके।

**माता-पिता के प्रति संतान का दायित्व**

वहीं वृद्धाश्रम के सहायक पूरण कुमार ने कहा कि आज असहाय और एकांतवास का जीवन व्यतीत कर रहे बुजुर्गों को देखकर काफी दुख होता है। हर संतान की जिम्मेदारी है कि वह अपने माता-पिता का ख्याल रखे और बुढ़ापे में उनका सहारा बने। लेकिन कई लोग इस बात को नहीं समझते हैं।

## टाटा स्टील की 'सीआईएसएमए' परियोजना से ग्रीन स्टील उत्पादन को मिलेगा बढ़ावा

**पूर्वी सिंहभूम।** टाटा स्टील नीदरलैंड-यूरोप की महत्वाकांक्षी शोध परियोजना 'सीआईएसएमए' में सक्रिय भूमिका निभा रही है। इस परियोजना का उद्देश्य पूरी तरह स्क्रैप आधारित और इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) तकनीक के जरिए उच्च गुणवत्ता वाले स्टील का उत्पादन विकसित करना है, ताकि स्टील उद्योग को अधिक टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा सके। यह पहल यूरोप में सर्कुलर इकोनॉमी को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। परियोजना के तहत ऐसे आधुनिक तकनीकी समाधान विकसित किए जा रहे हैं, जिनसे स्टील उत्पादन में कार्बन उत्सर्जन को बड़े स्तर पर कम किया जा सके। परियोजना से जुड़े शोधकर्ता डॉ. राधाकांत राणा ने रविवार को बताया कि इस संयुक्त शोध प्रयास से प्राप्त तकनीकी ज्ञान और अनुभव भविष्य में ग्रीन स्टील उत्पादन को नई दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील पहले से ही उच्च गुणवत्ता वाले स्टील निर्माण में स्क्रैप के उपयोग को लगातार बढ़ावा दे रही है और सीआईएसएमए परियोजना इस दिशा में बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी।

## गिरिडीह में हाथियों का आतंक, महिला को कुचलकर मार डाला

नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक जंगली हाथी ने एक महिला को कुचलकर मार डाला। पुलिस के अनुसार, यह घटना बिरनी पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंगराकला गांव के पास के वन क्षेत्र में घटी। मृत महिला की पहचान राजिया देवी (50) के रूप में हुई, जो उसी गांव की निवासी थीं।

बिरनी पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी आकाश कुमार ने बताया कि जंगल में एक हाथी के हमले में पीड़िता की मौत हो गई। पीड़िता के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गिरिडीह के सदर अस्पताल भेजा गया है। वन अधिकारी ने बताया कि अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृत महिला के परिवार को तत्काल राहत के तौर पर 50,000 रुपये का चेक दिया, जबकि शेष मुआवजा राशि कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद दी जाएगी। झारखंड सरकार हाथी के काटने से हुई मौत के मामले में चार लाख रुपये का मुआवजा देती है।

झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले के कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत तिरुलडीह और सपारूम गांव के जंगल में आज एक जंगली हाथी का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। प्रारंभिक जांच में हाथी की मौत का कारण हाई वोल्टेज बिजली के तारों की चपेट में आना बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस और वन विभाग को सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए तिरुलडीह पुलिस एवं वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाने में जुट गई है।

ग्रामीणों के अनुसार, बीते कुछ दिनों से तिरुलडीह और सपारूम के जंगलों में हाथियों का एक झुंड सक्रिय था। जंगल क्षेत्र से गुजरने वाले लटकते बिजली के तार वन्यजीवों के लिए खतरा बने हुए हैं। आशंका जताई जा रही है कि इन्हीं तारों के संपर्क में आने से हाथी की मौत हुई है।

वन विभाग ने हाथी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। डीएफओ सबा आलम अंसारी ने कहा कि यदि जांच में किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बैठक में पूजा समिति ने लिया निर्णय

# डागर कार्यक्रम के साथ मंडा पूजा शुरू

● ग्रामीण और समिति सदस्य सामूहिक रूप से आयोजन को भव्य एवं आकर्षक बनाने में जुटे हैं

नवीन मेल संवाददाता



**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र अंतर्गत हफुआ गांव में पारंपरिक मंडा पूजा एवं मंडा मेला की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूजा समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों ने भाग लेकर पूजा और मेले को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष आयोजित होने वाले मंडा पूजा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रौशन लाल चौधरी होंगे। बैठक में बताया गया कि मंडा पूजा को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है तथा मंदिर के रंग-रोगन सहित पूजा से जुड़ी सभी आवश्यक तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं। ग्रामीणों और समिति सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से आयोजन को भव्य एवं आकर्षक बनाने में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में गुरुवार को गांव के पाहन द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार 'डागर' कार्यक्रम भी संपन्न कराया गया, जिसे मंडा पूजा की शुरुआत का महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान माना जाता है। ग्रामीणों ने पूजा स्थल पर पहुंचकर सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार 19 मई की रात्रि 8:00 बजे फूलखूंदी अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद रात्रि 10:00 बजे झारखंड की प्रसिद्ध सांस्कृतिक लोककला छऊ नृत्य की भव्य प्रस्तुति होगी, जिसे देखने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। वहीं 20 मई की सुबह 7:00 बजे पारंपरिक बनस झूलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से मनिलाल महतो, देवेंद्र कुमार संगम, सुरेश महतो, रामकुमार महतो, सत्येंद्र शर्मा, गांगो महतो, लगन महतो, दीपक शर्मा, किशुन शर्मा, कामेश्वर कुमार, युगेश्वर महतो, रविंद्र महतो एवं अर्जुन महतो सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रोजेक्ट बदलाव के तहत 75 संकुल संगठनों में सखी दिवस आयोजित

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में नवाचार के तहत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के माध्यम से संचालित 75 संकुल संगठनों में प्रोजेक्ट बदलाव के तहत संकुल स्तरीय सखी दिवस कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम में सीएलएफ और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्त मनीष कुमार और पोड़ाहाट-चक्रधरपुर अनुमंडल पदाधिकारी श्रुति राज लक्ष्मी शामिल हुए। दोनों अधिकारियों ने दीदियों को संबोधित करते हुए मातृत्व दिवस की बधाई दीं और प्रत्येक माह आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रमों में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रोजेक्ट बदलाव के तहत संचालित विशेष गतिविधियों की जानकारी दी गई। साथ ही रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लेने और रक्तदान के लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया।

### लेबर कोड लागू करने के खिलाफ कोयला मजदूरों में आक्रोश

# सीटू ने तीनों पालियों में प्रदर्शन और श्रम संहिताओं की प्रतियां जलाने का किया आह्वान

● प्रदर्शन श्रम संहिताओं की प्रतियां जलाकर सरकार से इसे वापस लेने की मांग की जाएगी

नवीन मेल संवाददाता



**भुरकुंडा।** केंद्र सरकार द्वारा श्रम संहिताओं (लेबर कोड्स) को लागू करने के खिलाफ कोयला उद्योग में कार्यरत मजदूर संगठन आरपीडब्ल्यू यूनियन (सीटू) ने 11 मई को सभी कोलियरियों में विरोध दिवस मनाने की घोषणा की है। इस दौरान तीनों पालियों में कार्यस्थलों पर प्रदर्शन किया जाएगा और श्रम संहिताओं की प्रतियां जलाकर सरकार से इसे वापस लेने की मांग की जाएगी। यूनियन के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आरपी सिंह चंदेल ने कहा कि केंद्र सरकार ने 8 मई को श्रम संहिताओं को लागू करने संबंधी अधिसूचना जारी कर श्रमिक अधिकारों पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कॉरपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से मजदूर विरोधी नीतियां लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि सीटू समेत विभिन्न केंद्रीय श्रमिक संगठनों ने पहले भी देशव्यापी आंदोलन और 12 फरवरी को अखिल भारतीय औद्योगिक हड़ताल कर इसका विरोध किया था। लेकिन सरकार ने मजदूर संगठनों की मांगों को नजरअंदाज कर दिया। ऑल इंडिया कोल वर्कर्स फेडरेशन (सीटू) के निर्देश पर 11 मई को देशभर की कोयला कंपनियों और खदानों में विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। आरपीडब्ल्यू यूनियन ने सभी संबद्ध यूनियनों और मजदूरों से आंदोलन में भाग लेकर श्रम संहिताओं को रद्द करने की मांग को मजबूत करने की अपील की है।

## जेकेएआई झारखंड चाईबासा ब्रांच की कराटे बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा संपन्न

**पश्चिमी सिंहभूम।** जापान कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया (जेकेएआई) झारखंड के तत्वावधान में रविवार को एक दिवसीय जूनियर कलर बेल्ट और सीनियर ब्राउन बेल्ट कराटे ग्रेडिंग परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा में लगभग 175 कराटेकारों ने भाग लिया। ग्रेडिंग परीक्षा में किहोन, काता, कुमीते, शारीरिक और मौखिक परीक्षा ली गई। परीक्षा का संचालन जेके एआई झारखंड के मुख्य कराटे प्रशिक्षक और परीक्षक सेंसाई पंकज कुमार सिंह (ब्लैक बेल्ट 6वीं डॉन जापान) ने किया। परीक्षा को सफल बनाने में सेंपाई अर्थव भगत, अंशु विश्वकर्मा, सावन कुमार मोहंती, रवि मछुवा, जोशिना तुवीड, भावनी कुमारी, सरस्वती तीयू सहित अन्य प्रशिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ग्रेडिंग परीक्षा में संत जेवियर कल्याण केंद्र चाईबासा, संत विवेका स्कूल, आरबीएस स्कूल असुरा एवं बाल मंडली नीमडीह ब्रांच के कराटेकार शामिल हुए।

### नशा मुक्ति | महिलाओं ने शराब के विरुद्ध खोला मोर्चा, थाना पहुंचकर की कार्रवाई की मांग

# शराब बंदी पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज करेंगी महिलाएं

● महिलाओं ने कहा- घर-घर जाकर लोगों को शराब से होने वाले नुकसान के बारे में समझाया गया लेकिन कोई असर नहीं

नवीन मेल संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम।** जिले के पोटका प्रखंड अंतर्गत मानपुर गांव में अवैध शराब और हड़िया की बिक्री के खिलाफ ग्रामीण महिलाओं का आक्रोश खुलकर सामने आया। रविवार को बड़ी संख्या में महिलाएं ग्राम प्रधान गोपाल चंद्र मुर्मू के नेतृत्व में पोटका थाना पहुंचीं और गांव में पूर्ण शराबबंदी लागू कराने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने पुलिस प्रशासन से शराब और हड़िया बेचने वालों के खिलाफ कड़ी और त्वरित कार्रवाई करने की अपील की। थाना पहुंची महिलाओं ने बताया कि गांव में लंबे समय से खुलेआम शराब और हड़िया की बिक्री हो रही है। इसके कारण गांव का सामाजिक और पारिवारिक वातावरण लगातार बिगड़ता जा रहा है। महिलाओं का कहना था कि शराब के नशे में कई पुरुष घर लौटकर पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट करते हैं, जिससे परिवारों में तनाव और भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक परेशानी महिलाओं और बच्चों को झेलनी पड़ रही है। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि कुछ दिनों पहले गांव में शराबबंदी को लेकर जागरूकता रैली भी निकाली गई थी। इस दौरान महिलाओं ने घर-घर जाकर लोगों को शराब से होने वाले नुकसान के बारे में समझाया था और अवैध बिक्री बंद करने की अपील की थी। बावजूद इसके शराब बेचने वालों पर कोई असर नहीं पड़ा। महिलाओं का आरोप है कि शराब कारोबार से जुड़े लोग अब खुलेआम धमकी दे रहे हैं कि जो करना है कर लो, शराब और हड़िया की बिक्री बंद नहीं होगी। ग्राम प्रधान गोपाल चंद्र मुर्मू ने कहा कि गांव की महिलाएं अब सामाजिक बुराइयों के खिलाफ संगठित होकर आगे आ रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते अवैध शराब कारोबार पर रोक नहीं लगाई गई तो गांव का माहौल और अधिक खराब हो सकता है। वहीं सुहागी मुर्मू और पद्मावती भकत ने कहा कि शराब की वजह से कई परिवार आर्थिक और मानसिक संकट से गुजर रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और घरेलू विवाद लगातार बढ़ रहे हैं। महिलाओं ने प्रशासन से मांग की कि गांव में नियमित छापेमारी अभियान चलाया जाए, अवैध शराब कारोबारियों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए और गांव में स्थायी रूप से शराबबंदी सुनिश्चित की जाए। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि शराब शीघ्र बंद नहीं किया जाता है और नशा के खिलाफ आन्दोलन को और तेज किया जाएगा ताकि इस लत से घर और समाज को बताया जा सके। शराब घर और बच्चों की जिंदगी की तबाही का सबसे बड़ा कारण होता है। इससे देर रहने की जरूरत है।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों के बीच भोजन का किया वितरण




**भुरकुंडा।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने रविवार को भुरकुंडा साप्ताहिक बाजार में दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन और पत्तल बेचने आने वाले महिला, पुरुष एवं बच्चों के बीच भोजन का वितरण किया। संस्था द्वारा जरूरतमंदों को पाव-भाजी खिलाकर सेवा कार्य किया गया। मंच के सदस्यों ने बताया कि संस्था पिछले 10 वर्षों से जन सहयोग के माध्यम से लगातार भोजन सेवा चला रही है। बाजार और आसपास के क्षेत्रों में आने वाले गरीब व जरूरतमंद लोगों को नियमित रूप से भोजन उपलब्ध कराया जाता है। कार्यक्रम में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, लालू उरांव, शुक्रा करमाली, गौरी शंकर महतो, सरिता देवी, रेणुका दास, लखन राम सहित अन्य समाजसेवी मौजूद थे।

**विचार प्रवाह** भलाई करने में कभी-कभी हमें पीड़ा सहनी ही होगी। ईश्वर को पाने हेतु हमें कष्ट सहने के लिए तैयार होना ही चाहिये। ब्रह्म की अनंत शांति प्राप्त करने के लिए शरीर का कष्ट या मन का संयम सहन करना है ही क्या? क्राइस्ट का आनंद इतना अधिक था कि वे प्रभु के लिए अपना शरीर त्यागने को तैयार थे। जीवन का उद्देश्य ही उस परम आनंद को प्राप्त करना है - ईश्वर को प्राप्त करना है। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

**राष्ट्रीय नवीन मेल**

# रफ्तार से उजड़ते घर परिवार और भीड़ का उग्रवाद

**इंडिया**



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

नई दिल्ली-कोलकाता (जीटी रोड) फोरलेन पर झारखंड के गिरिडीह जिले में निमियाघाट थाना क्षेत्र में इसरी बाजार पुल के पास कोयला लदे अनियंत्रित ट्रक ने 13 वाहनों को रौंद दिया जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई एवं कई लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बगोदर की ओर से आ रहे ट्रक ने सबसे पहले एनएचएआइ के कुलगो टोल प्लाजा के पास एक बाइक को टक्कर मारी। इसके बाद तेज गति से इसरी की ओर भागने लगा। इसी दौरान इसरी पुल से पहले ट्रक ने एक बाइक और टाटा मैजिक को टक्कर मार दी। इसके बाद सड़क किनारे खड़ी दो कार समेत कई वाहनों को रौंदते हुए एक चहारदीवारी तोड़कर बिजली के पोल से जा टकराया। मैजिक वाहनों को रौंदते हुए बंद पड़े हिरा लाल जैन के पेट्रोल पंप में जा घुसा। कई वाहनों में फंसने के बाद ट्रक रुक गया। इसके बाद चालक भाग निकला। इसके मूल कारण में जाएंगे तो नशापान है जिसपर कोई रोक नहीं और बेरोकटोक शराब या नशे की अन्य सामग्री की आसानी से उपलब्धता है।दूसरा बड़ा कारण भीड़ का डर है जो घायलों का इलाज कराने के बजाय गाड़ियों में आग लगाने और तोड़-फोड़ में आगे रहती जिस कारण ड्राइवर जान बचाकर भागा इसे एक खतरनाक संकेत माना जाना चाहिए और इसपर रोक के प्रभावी उपाय सोचना चाहिए। शायद ही कोई दिन हो जब हम किसी दर्दनाक सड़क दुर्घटना की खबर नहीं पढ़ते पर फिर यह भूल जाते हैं कि ऐसी ही घटना हमारे साथ भी हो सकती चाहे हम कोई भी हों हमारा परिवार समाज इस तरह खतरे में पड़ सकता है ।सड़क दुर्घटना कभी भी किसी के साथ घट सकती है यदि हमने लापरवाही की तो अनहोनी हो सकती है।भारत की सड़कों पर हर दिन लगभग 470 लोग अपनी जान गंवाते हैं। यह किसी युद्ध से कम नहीं। अंतर इतना है कि यहां दुश्मन बाहर नहीं, हमारे भीतर बैठा हुआ है, जिसे हरा देना भी सरल है। अगर हम मानें तो,हेलमेट न पहनना, सीट बेल्ट को बोझ समझना, गति सीमा की लापरवाही, शराब पीकर ड्राइविंग, फोन से बातें करते हुए गर्दन टेढ़ी कर दुपहिया वहां चलाना या सड़क पार करना, गलत दिशा में गाड़ी दौड़ाना या पैदल चलना, जबरन खतरनाक ढंग से ओवरटेक करना,गलत लेन में चलना, लाल बत्ती की अनदेखी करना, ये सब हमारी आदत का हिस्सा बन चुके हैं। सरकार ने नियम बनाए, जुर्माने लगाए, जागरूकता अभियान चलाए। फिर भी, हम सुधरने को तैयार क्यों नहीं हैं? क्योंकि समस्या जानकारी की कमी की नहीं, हमारी मानसिकता है। सड़क दुर्घटनाओं में ओवरस्पीडिंग लगभग 70 फीसदी मामलों में दुर्घटना का कारण बनती है। यह सरकारी आंकड़े हैं। दोपहिया चालकों की मौतों में बड़ी संख्या बिना हेलमेट वालों की होती है। जहां एक ओर लोग नियमों का पालन नहीं करते, वहीं दूसरी ओर चेकिंग व चालान करने में ट्रैफिक नियमों का पालन करने में ढिलाई बरती जाती है। सड़क डिजाइन, और संकेतों की अनदेखी करना भी दुर्घटना का कारण बनते हैं। कई जगहों पर लेन मार्किंग, साइन बोर्ड, और स्पष्ट दिशा-निर्देश ही नहीं होते। कहीं तो, मुख्य सड़कों और हाईवे पर दूर-दूर तक गति-सीमा की चेतावनी बोर्ड नहीं लगे होते। सरकारी तंत्र भी जैसे कोई नवाचार नहीं ढूंढते। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन ही तो सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है। गांव से लेकर शहरों तक एक ही जवानी है। अगर हम और प्रशासन सच में बदलाव चाहते हैं, तो कुछ सख्त निर्णय लेने होंगे। पहले, आदतन कर, उनका रिकॉर्ड बनाया जाए। उन पर भारी जुर्माना लगाया जाए, उनका लाइसेंस निलंबित हो, और उनकी अनिवार्य काउंसलिंग हो। एआई कैमरे, ऑटोमेटेड चालान, और 'नो-एस्केप' सिस्टम लागू हों, ताकि गलती की कोई गुंजाइश न बचे। सड़क इंजीनियरिंग को प्राथमिकता दें। रचनात्मक संकेत, सड़क पर विजुअल मैसेज, और व्यवहार को प्रभावित करने वाले उपाय खोजें और लागू करें। स्कूलों से लेकर हर गांव, शहर में सड़क सुरक्षा की विशेष ट्रेनिंग हो। निवासीय संस्थाओं, एनजीओ और बेरोजगार युवाओं को सड़क सुरक्षा अभियान में शामिल किया जा सकता है। बीजेपी जिंदाबाद हैऔर बाकी मुर्दागाद।। छिटपुट स्थानों पर तैनात एक-दो पुलिस के सिपाही, चारों ओर फैले अनुशासनहीनता से कैसे जूझ पाएंगे! प्रवर्तन पर कई गुना अधिक बल देने पर ही सड़क सुरक्षा के प्रति डर, और व्यवहार में बड़ा परिवर्तन आ सकता है। यह विषय जीवन-मृत्यु का विषय है, इसलिए इसके हल में कोई अगर-मगर की गुंजाइश नहीं है। अंत में फिर वही कठिन सवाल कि क्या हम बदलना चाहते हैं? क्योंकि सच्चाई यह है कि समाधान हमारे पास ही है, कमी केवल इच्छाशक्ति और ईमानदारी की है। नागरिक और प्रशासन, दोनों की। हर बार जब हम नियम तोड़ते हैं, हम केवल कानूनी नहीं तोड़ते, बल्कि हम किसी अनजान व्यक्ति की जिंदगी को जोखिम में डालते हैं। स्थिति की भयावहता को समझने के लिए हमें किसी दिन दुर्घटना के शिकार लोगों से मिलना चाहिए जिनका जीवन बर्बाद हो गया हो।

## 'राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस'


# तकनीकी नवाचार का समन्वय आवश्यक

**आज की बात**



**डॉ जितेंद्र सिंह**
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

> जैव-निर्माण विकसित भारत के लिए एक महत्वपूर्ण तकनीक है, जो जैविक प्रणालियों के माध्यम से उच्च-मूल्य वाले जैव-उत्पादों, टीकों, ईंधनों और सामग्रियों के उत्पादन द्वारा सतत नवाचार, स्वास्थ्य सुरक्षा तथा सशक्त जैव-अर्थव्यवस्था को सक्षम बनाती है



11 मई को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस -'विज्ञान टेक', भारत द्वारा 1998 में किए गए सफल पोखरण-II परमाणु परीक्षणों के जरिए प्राप्त ऐतिहासिक तकनीकी उपलब्धि का कीर्तिगान करता है। यह अवसर भारत की विकास यात्रा को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वैज्ञानिक नवाचार, तकनीकी प्रगति तथा विज्ञान, समाज और उद्योग के समन्वय के प्रति राष्ट्र की निरंतर प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है। पिछले एक दशक में, पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का तकनीकी इकोसिस्टम अभूतपूर्व विकास का साक्षी रहा है, जो त्वरित नवाचार, विस्तारित डिजिटल अवसंरचना तथा उभरते क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति से परिलक्षित होता है। आत्मनिर्भरता तथा वैज्ञानिक नवाचारों को वास्तविक दुनिया में प्रभावी रूप से लागू करने पर विशेष बल दिया गया है। क्वांटम संचार, अंतरिक्ष, जैव-प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, नवीकरणीय ऊर्जा तथा जलवायु के प्रति लचीली प्रणालियों जैसे अग्रणी प्रौद्योगिकी-आधारित क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। जैव-निर्माण विकसित भारत के लिए एक महत्वपूर्ण तकनीक है, जो जैविक प्रणालियों के माध्यम से उच्च-मूल्य वाले जैव-उत्पादों, टीकों, ईंधनों और सामग्रियों के उत्पादन द्वारा सतत नवाचार, स्वास्थ्य सुरक्षा तथा सशक्त जैव-अर्थव्यवस्था को सक्षम बनाती है। चंद्रयान-3 मिशन में भारत की सफलता तथा हाल की उपलब्धियाँ, जैसे कलपक्कम स्थित स्वदेशी प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर में क्रिटिकलिटी प्राप्त करना, रणनीतिक क्षेत्रों में देश की प्रगति और दीर्घकालिक तकनीकी आत्मनिर्भरता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को और अधिक रेखांकित करती हैं। यह प्रगति विभिन्न प्रमुख राष्ट्रीय मेट्रिक्स में भी परिलक्षित होती है। विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा जारी वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत ने अपनी स्थिति में उल्लेखनीय सुधार किया है और वर्ष 2015 में 81वें स्थान से बढ़कर 2025 में 38वें स्थान पर पहुँच गया है। देश में स्वीकृत पेटेंटों की संख्या भी 2014-15 में कुछ हजार से बढ़कर 2025 में लगभग 1.5 लाख तक पहुंच गई है। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम भी तेज़ी से विस्तारित हुआ है। विभिन्न क्षेत्रों में उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा मान्यता प्राप्त 1.5 लाख से अधिक स्टार्टअप कार्यरत हैं, जिनमें लगभग पंद्रह हजार स्टार्टअप कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रोबोटिक्स तथा एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग जैसे प्रौद्योगिकी के उभरते क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। यह परिवर्तन नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के विस्तार में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जहाँ गैर-जीवाश्म स्रोतों से ऊर्जा क्षमता 250 गीगावाट से अधिक हो चुकी है। साथ ही, देश की जैव-अर्थव्यवस्था ने भी एक दशक में 10 बिलियन डॉलर से बढ़कर 195 बिलियन डॉलर तक की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। पिछले एक दशक में सरकार द्वारा लागू किए गए नीतिगत सुधारों ने इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनमें स्टार्टअप और इनक्यूबेशन इकोसिस्टम का त्वरित विस्तार, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे रणनीतिक क्षेत्रों को निजी कंपनियों के लिए खोलना, तथा अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ), बायोई3 (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति तथा हाल ही में प्रारंभ किए गए 1 लाख करोड़ रुपये के अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआई) कोष जैसे सक्षम ढाँचों की स्थापना शामिल है। इन पहलों ने भारत की नवाचार संरचना को सुदृढ़ किया है और वैज्ञानिक उपलब्धियों को सामाजिक एवं आर्थिक प्रभाव में परिवर्तित करने पर फोकस को और मजबूत किया है। अब विज्ञान प्रयोगशालाओं से बाज़ारों तक और विचारों से वास्तविक प्रभाव तक पहुंच रहा है।

भारत में अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता को रणनीतिक दिशा प्रदान करने वाले केंद्रीय शीर्ष निकाय के रूप में अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) की स्थापना की गई है। इसका उद्देश्य भारत को ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था तथा नवाचार के क्षेत्र में ग्लोबल के रूप में स्थापित करना है। बीआरआईसी-राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान (एनआईआई) में 11 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रदर्शनी में भारत सरकार के 14 मंत्रालयों एवं विभागों के अंतर्गत आने वाले प्रमुख राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थानों और प्रयोगशालाओं द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित 350 से अधिक डीप-टेक प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। ये स्वदेशी प्रौद्योगिकियाँ विभिन्न प्रमुख विषयगत क्षेत्रों को समाहित करती हैं, जिनमें बायोफार्मा एवं स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी, जैव-औद्योगिक एवं हरित रसायन, अंतरिक्ष एवं भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी, जलवायु एवं कृषि-खाद्य प्रौद्योगिकी, डीप-टेक सामग्री एवं उन्नत अभियांत्रिकी प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर एवं ऊर्जा, तथा गहरे समुद्र एवं वायुमंडलीय प्रौद्योगिकियां शामिल हैं। इनमें से अनेक प्रौद्योगिकियां पहले ही लाइसेंस प्राप्त कर चुकी हैं या व्यावसायिक रूप से उपयोग में लाई जा चुकी हैं, जबकि अन्य शीघ्र ही लाइसेंसिंग और व्यापक उपयोग हेतु उपलब्ध होंगी। इन सभी नवाचारों में एक समान सूत्र यह है कि अनुसंधान अब अलग-थलग कार्यप्रणाली से आगे बढ़कर एकीकृत एवं पारिस्थितिकी-तंत्र आधारित दृष्टिकोण की ओर अग्रसर हो रहा है। सार्वजनिक अनुसंधान संस्थान अब स्टार्टअप्स और उद्योगों के साथ निकट सहयोग में कार्य कर रहे हैं, ताकि प्रौद्योगिकियां प्रयोगशालाओं से निकल कर शीघ्रता से बाज़ार तक पहुंच सकें।

भारत के तकनीकी विकास के अगले चरण के लिए अनुसंधान कार्यक्रमों के अवधारणा-निर्माण की प्रक्रिया से ही शिक्षा जगत, उद्योग जगत, स्टार्टअप्स और सरकार के बीच और अधिक गहन समन्वय की आवश्यकता होगी। उद्योग और अकादमिक संस्थानों के बीच मजबूत साझेदारी से अनुसंधान को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं, बाज़ार की आवश्यकताओं और सामाजिक चुनौतियों के अनुरूप बेहतर ढंग से जोड़ा जा सकेगा। राष्ट्रीय संस्थानों और प्रयोगशालाओं को भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, उन्नत सामग्री, क्वांटम प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष अन्वेषण तथा चिकित्सा प्रौद्योगिकी जैसे अग्रणी क्षेत्रों में उभरती चुनौतियों से निपटने हेतु अधिक सहयोगपूर्ण और मिशन-आधारित तरीके से कार्य करना होगा।

# प्रकाश की एक किरण भर उजाला फैला देने वाली होती है!

**अलग बात**



**राजीव थेपड़ा**

**संदर्भ : पश्चिम बंगाल**

हर हार के पीछे सबसे बड़ा कारण हारने वाले का झूठा अहंकार होता है, जो उसकी पिछली बार मिली लगातार जीतों से क्रमशः पुष्ट मजबूत होता चला जाता है। ऐसी अहंकारी चाहे सत्ता हो, चाहे संगठन, चाहे कोई एक व्यक्ति, अपनी सत्ता और शक्ति के मध्य में चूर यह लोग कभी भी अपने गिरेबान में झांक कर अपनी गलतियों को देख तक नहीं पाते, समझना तो दूर की बात है और ऐसे में वे लगातार वो सभी गलतियां करते चले जाते हैं, जो उन्हें अपने ही अहंकार के कारण सही प्रतीत होती हैं। सत्ता एक ऐसी चीज है, जो आपको धीरे-धीरे गहराई से सतही बना देती है और जब आम जनता को यह अच्छी तरह महसूस हो जाता है कि अब इसमें वह बात नहीं रही, तो उसकी समस्त उम्मीदों पर तुषारापात हो जाता है। जिस आशा और विश्वास के साथ वह लगातार उन तत्वों को सत्ता प्रदान करती है, वह आशा धीरे-धीरे छीजती चली जाती है। और तब एक दिन ऐसा भी आता है। जब जनता यह तय कर देती है की काठ की हांडी गलती से एक बार से ज्यादा चढ़ भी जाए, तो उसे उतारने में जनता को देर नहीं लगती। तृणमूल कांग्रेस अब नहीं लगता कि कभी सत्ता में वापस लौटेगी। किंतु इस परिदृश्य के क्षितिज पर एक नया और विकट प्रश्न आ खड़ा हुआ है और वह प्रश्न है 50 वर्षों की बंगाल के पतन की यात्रा के पश्चात पूरी तरह से वामपंथी सोच के गर्त में समा चुके बंगाल के अधिकाधिक लोगों की काहिली और सुस्ती और कुंठित तथा जड़ हो चुकी मानसिकता क्या इस वक्त परिवर्तन की वाहक बने को तैयार है? क्योंकि जहां तक मैं देख पाता हूं अपने अब तक के सैंकड़ों बार के कोलकाता प्रवास के दौरान वहां के लोगों के मानस को जिस प्रकार का मैंने पाया है, वह है काम को ठीक से न करने की प्रवृत्ति और छोटे से छोटे लोगों का एक भयानक अहंकार, जो उन्हें लड़ाकू प्रवृत्ति प्रदान करता है और उन्हें उनके काम को सही तरीके से या पूरे मन से न करने की मानसिकता को बिल्कुल सही ठहराता है और उन्हें अनुशासनबद्ध करने वाले किसी भी व्यक्ति को अत्यंत आक्रामक तरीके से गलत सिद्ध करने को तैयार रहता है। यहां तक कि लड़ने-मरने पर भी उतारू हो जाता है। बंगाल का एक बहुत बड़ा वर्ग इसी प्रवृत्ति में प्रवृत्त हो चुका है! क्योंकि अपनी वामपंथी सोच के चलते उन्हें सदैव यह प्रतीत होता है कि वह जो कर रहे हैं, वह बिल्कुल सही कर रहे हैं। वह जो कह रहे हैं, वह बिल्कुल सही कह रहे हैं और यह प्रवृत्ति किसी भी स्थान पर किसी भी भांति के उद्योग-धंधों को पनपने नहीं दे सकती। छोटे से छोटे स्तर से लेकर बड़े से बड़े स्तर तक बंगाल की सड़क से लेकर हर महकमे में भ्रष्टाचार का जहर इस सीमा तक भर चुका है कि उस जहर की काट इतनी आसानी से नहीं दिखाई देती। जैसे ही इस पर लगाम लगाने की चेष्टा की जाएगी, बंगाल के ऐसे तत्वों का खून उबल पड़ेगा और वे तत्व सड़क पर आने में तनिक भी देर नहीं लगाएंगे। जिसे संभालना सरकार के लिए सबसे बड़ी कठिनाई बन जाएगी। जैसा कि हम पिछले दिनों दिल्ली के शाहीन बाग में महीनों तक देख सके हैं। जब एक आंदोलन के चलते एक पूरी सरकार बेबस हुई पड़ी थी। उद्योग धंधों या किसी भी तरह के ऐसे विकास के लिए जहां कठोर श्रम की आवश्यकता होती है। वहां मजदूर यूनियन तरह-तरह के अड़ंगेबाजी करके और विभिन्न तरह की साजिशों के द्वारा ऐसे सभी प्रयत्नों को व्यर्थ न कर दे, जो बंगाल का विकास करने का मानस बना चुके हैं। बंगाल के लोगों की एक बहुत बड़ी प्रवृत्ति यह पाई जाती रही है कि उन्होंने यथास्थिति को जस का तस स्वीकार कर लिया है और यहां तक कि उससे बाहर निकलने का मानस भी उनका नहीं बन पाता। परिवर्तन की तो बात ही दूर है.. यद्यपि इस चुनाव में बंगाल के लोगों की वह व्याकुलता निश्चित तौर पर दिखाई पड़ती है कि वह एक ऐसे शासन से तंग आ चुके थे, जो उन्हें शेष देश की अपेक्षा पीछे बनाए रखे हुए था और ऐसे में बहुतों की पीड़ा भी स्पष्ट तौर पर दिखाई देती है। फिर भी यह पीड़ा कब अनुशासन और कर्मठता और कठोर श्रम में परिणत हो पाए, यह अपने आप में एक बहुत बड़ा प्रश्न है। और दूसरा प्रश्न यह भी है कि एक समुदाय विशेष के लोगों की अपने-अपने मोहल्लों और कस्बों में दबंगई की प्रवृत्ति इस कदर कदम-कदम पर पल्लवित और पुष्पित हो चुकी है कि आगे उनकी दबंगई को समाप्त करना भी अपने आप में एक विकट समस्या होगी। क्योंकि जिस किसी भी शासन ने ऐसा करने की "जुर्रत" की। उसके खिलाफ वह इस प्रकार का वातावरण निर्मित कर देंगे कि ऐसा लगेगा कि मानो इस संसार में इसी बंगाल में उनके साथ सबसे भयंकर अत्याचार हो रहा है और इस अत्याचार के झूठे वीडियो बनाकर वह इसका प्रोपेगेंडा बनाएंगे और आए दिन सरकार के समक्ष विकट स्थिति उत्पन्न करते रहेंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**आपकी बात**

## भेदभाव की परीक्षा



**लोकृती गुप्ता 'अनोखी'**

देखो न कैसी अनकही कहानी चल पड़ी,
मेरे भी मुख से
हो मुखर जुबानी
चल पड़ी।
सर्वधर्म-समभाव
का अभाव बन
गया,
परीक्षा के वक्त
भेदभाव स्वभाव बन गया।
कटी कंठी-मालाएं और कालावे
कट गए,
पोंछा गया ललाट से, तिलक भी
मिट गए।
नसीका पे लौंग जहां गंवारा नहीं था,
बुरखे पहन परीक्षा दे रहीं -
था नजारा वहीं का।
ये दृश्य देख मन में कई सवाल
आ गए,
ये मजहबी अन्याय क्यों - ख्याल
आ गए।
मन मानो कोई दम तोड़ता परिंदा
हो गया,
'समभाव' शब्द भी अब शर्म से
शर्मिंदा हो गया।

**राष्ट्रीय नवीन मेल**
**धर्म-अध्यात्म**

## हम जो कुछ कार्य करते हैं वह ईश्वर के चरणों में केवल हमारी भेंटें हैं



**स्वामी चिन्मयानंद**

मां कभी यह नहीं पूछती कि अपने बच्चों की सेवा करने के लिए उसे वस्तुतः क्या करना चाहिए। हम प्राणियों के लिए प्रेम उत्पन्न करें, और आन्तरिक आनन्द से प्रेरित होकर मनुष्य की सेवा करने में लग जाएं। मानव सेवा ही सबसे बड़ी माधव-सेवा है। यह हम अवश्य करें। समाज की सेवा करते समय हम यह स्मरण रखें कि हम अपनी सेवा से संसार का कुछ भला नहीं कर सकते। हम जो कुछ कार्य करते हैं वह ईश्वर के चरणों में केवल हमारी भेंटे हैं। सेवा का भाव हमारे प्रेम से उद्भूत होना चाहिए। सेवा करते समय हृदय विकसित होगा और हम देखेंगे कि उससे प्रेम प्लावित होकर सब ओर फैलेगा। दया, प्रेम, करुणा और उदारता की व्यापक और गहन भावना से हृदय कमल खिलता है। प्रेम प्रवाहित करने वाले खिले हृदय से ध्यान करने पर साधक अपने व्यक्तित्व के सबसे ऊंचे शिखर पर सहज ही पहुंच सकता है। भूत दया का भाव हमें अपने समस्त मानसिक अनुरोधों और बौद्धिक प्रतिबंधों से मुक्त कर देता है। एक बार अन्तःकरण जब अपनी प्रतिबद्धताओं से मुक्त हो जाता है तो साधक अपने अन्दर नई क्षमता पाता है चिन्तन करने की क्षमता। इस व्यक्ति के विचार धीरे-धीरे ध्यान की ओर बढ़ चलेंगे। वह आत्मा का ध्यान करता हुआ समस्त विश्व के मूल में विद्यमान परमात्मा तक पहुंच कर उसका दर्शन करेगा। आत्मज्ञान के इच्छुक हम लोगों के लिए कर्मयोग की सच्ची भावना से समाज की सेवा मन को शुद्ध करने वाली और ध्यान में सफलता प्रदान करने वाली है। हम श्रवण करना सीखें। हम आत्मविकास के लिए प्रेम के साथ सेवा करें। हम सत्य का दर्शन पाने के लिए ध्यान करें। हम यह अवश्य करें।

**-पुस्तक अवश्य करें से साभार**

## आज का दोहा


नकली सी मुसकान पर, लुटता सा घरबार।
नगर वधू सा क्यों लगे, रोज नया बाजार।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

**फेसबुक वॉल से**




**एक्स से**




# सोमनाथ से सिंदूर तक : पुनरुत्थानशील भारत की भावना

**देश की बात**



**पीयूष गोयल**
केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

75 वर्ष पहले किया गया भव्य सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण और प्राण-प्रतिष्ठा भारत के सभ्यतागत गौरव की पुनर्स्थापना का निर्णायक क्षण था। इस पवित्र उपलब्धि की 75वीं वर्षगांठ राष्ट्र को भारतीय सभ्यता की मजबूत नींव और शक्ति पर सर्वोच्च विश्वास प्रदान करती है, जो 1,000 वर्षों तक कट्टरपंथियों द्वारा मंदिर पर किए गए भीषण हमलों को झेलने के बाद भी और अधिक सशक्त होकर उभरी। गुजरात के शांत समुद्र तट पर स्थित यह मंदिर हर आक्रमण के बाद खंडहरों से अपनी पूरी भव्यता के साथ फिर उठ खड़ा हुआ। कई मायनों में इसका इतिहास भारत के अतीत का प्रतिबिंब है, जहाँ हमारे शांतिप्रिय लोगों ने अपनी आस्था, संस्कृति और विरासत पर हुए क्रूर हमलों के बाद फिर से मजबूती से वापसी की। जैसा कि पीएम ने कहा, जिस प्रकार सोमनाथ को नष्ट करने के लिए बार-बार षड्यंत्र और प्रयास हुए, उसी प्रकार विदेशी आक्रमणकारियों ने सदियों तक भारत को समाप्त करने की कोशिश की। फिर भी न तो यह पूजनीय तीर्थ नष्ट हुआ और न ही भारत। पीएम ने स्पष्ट किया कि सोमनाथ पर हमलों का उद्देश्य लूटपाट से ज्यादा खतरनाक था। उन्होंने कहा, "यदि हमले केवल लूट के लिए होते, तो एक हजार वर्ष पहले हुई पहली बड़ी लूट के बाद ही रुक गए होते। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सोमनाथ की पवित्र मूर्ति को अपवित्र किया गया, मंदिर के स्वरूप को बार-बार बदला गया।



और हमें यह सिखाया गया कि सोमनाथ को केवल लूट के लिए नष्ट किया गया था। घृणा, उत्पीड़न और आतंक का यह क्रूर इतिहास हमसे छिपाया गया।" स्वतंत्रता के बाद सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण के मिशन का नेतृत्व किया। यह नवस्वतंत्र भारत में राष्ट्रीय आत्मविश्वास की प्रारंभिक अभिव्यक्तियों में से एक था। लेकिन इस प्रयास की राह में भी मुश्किलें आईं। नेहरू ने इसके ऐतिहासिक लोकार्पण समारोह में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के शामिल होने का औपचारिक विरोध किया। इसके बावजूद राष्ट्रपति ने 11 मई 1951 को मंदिर का लोकार्पण किया। सदियों के क्रूर उत्पीड़न के बाद इस पुनर्निर्माण ने भारत में सांस्कृतिक पुनर्जागरण और सभ्यता पर गर्व के बीज बोए। काशी विश्वनाथ और उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के पुनरुद्धार से लेकर अयोध्या में भव्य राम मंदिर तक; केदारनाथ के पुनर्जीवन से लेकर असंख्य धरोहर स्थलों के संरक्षण तक -भारत अपनी सभ्यता की कहानी को गरिमा और उद्देश्य के साथ पुनः स्थापित कर रहा है। 2014 में जब देश भारी बहुमत से मोदी सरकार को सत्ता में लाया, तो संयुक्त राष्ट्र महासभा ने रिकॉर्ड 175 देशों के समर्थन से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव पारित किया। योग आज एक वैश्विक वेलनेस मुहिम बन चुका है, जिसने दुनिया की सभी संस्कृतियों के लोगों को लाभ पहुंचाया है। एक दशक बाद, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पश्चिम एशिया में संयुक्त अरब अमीरात सरकार द्वारा उपहार में दी गई भूमि पर बने एक भव्य मंदिर का लोकार्पण किया। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने बहरीन में 200 वर्ष पुराने मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य का शुभारंभ किया था। वह नियमित रूप से प्रवासी भारतीयों से संवाद करते हैं जिससे वे भारतीय सांस्कृतिक विरासत का गौरवशाली दूत बन जाते हैं। आयुष और योग का वैश्वीकरण-भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों से जुड़े पेशेवरों के लिए वैश्विक अवसरों का सृजन करना, हाल के वर्षों में भारत द्वारा विकसित देशों के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। हमारे कारीगरों, श्रमिकों, किसानों, मछुआरों, छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप्स के लिए लाभकारी वैश्विक अवसरों का सृजन करने के साथ-साथ ये समझौते प्रधानमंत्री के "विकास भी, विरासत भी" के विजन को आगे बढ़ाते हैं। हाल ही में न्यूजीलैंड के साथ संपन्न एफटीए पारंपरिक चिकित्सा और समग्र स्वास्थ्य सेवाओं में भारत की वैश्विक पहुँच में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कांग्रेस देश की सबसे बड़ी महिला विरोधी पार्टी: प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी। बेंगलुरु

● असम में तीसरी बार एनडीए सरकार बनी है जबकि पुडुचेरी में दूसरी बार एनडीए सत्ता में लौटा है



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को बेंगलुरु में कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए उसे "देश की सबसे बड़ी महिला विरोधी पार्टी" करार दिया। उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व से वंचित रखा। बेंगलुरु के एचएएल एयरपोर्ट परिसर में भाजपा के अभिनंदन समारोह में प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि महिला आरक्षण विधेयक पहले लागू हो गया होता तो देश में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी और अधिक मजबूत होती। उन्होंने कहा कि कर्नाटक से भी बड़ी संख्या में महिला विधायक और सांसद सामने आ सकती थीं, लेकिन कांग्रेस ने इसे रोककर महिलाओं के साथ अन्याय किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस निराशा में डूबी हुई पार्टी बन चुकी है और उसके पास अब कोई स्पष्ट विचारधारा नहीं बची है। जनता की समस्याओं को सुलझाने के बजाय सरकार आंतरिक कलह में उलझी हुई है। उन्होंने कहा, "पिछले तीन वर्षों में कर्नाटक की जनता कांग्रेस की गारंटियों की वास्तविकता देख चुकी है। राज्य सरकार इस चिंता में फंसी हुई है कि मुख्यमंत्री कितने दिन पद पर बने रहेंगे और दूसरे नेताओं को मौका मिलेगा या नहीं।" प्रधानमंत्री ने इस दौरान राज्य में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चल रही चर्चाओं पर परोक्ष टिप्पणी की। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजस्थान में भी कांग्रेस के भीतर इसी प्रकार की स्थिति देखने को मिली थी और अब केरल में भी पार्टी के अंदरूनी मतभेद सामने आने लगे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार केरल में भाजपा ने तीन सीटें जीती हैं और आने वाले समय में वहां भी भाजपा सरकार बनाने में सफल होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि असम में तीसरी बार एनडीए सरकार बनी है, जबकि पुडुचेरी में दूसरी बार एनडीए सत्ता में लौटा है। उन्होंने कहा कि गुजरात के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा ने नया इतिहास रचा है।

# तमिलनाडु के नए सीएम बनते ही एक्शन में 'थलपति' विजय



● 200 यूनिट बिजली फ्री समेत तीन फाईल पर किए साइन

**नई दिल्ली।** रविवार (10 मई) को चेन्नई में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद चंद्रशेखर जोसेफ विजय द्वारा अनुमोदित पहले निर्णयों में मुफ्त बिजली, नशीली दवाओं पर कड़ी कार्रवाई और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपाय शामिल थे। तमिलगा वेट्री कज़गम (टीवीके) प्रमुख ने नेहरू स्टेडियम में एक भव्य शपथ ग्रहण समारोह के बाद पदभार ग्रहण किया, जहां राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

औपचारिक रूप से कार्यभार संभालने के तुरंत बाद, विजय ने तीन महत्वपूर्ण फाइलों पर हस्ताक्षर किए। पहली फाइल में राज्य के प्रत्येक घर के लिए 200 यूनिट मुफ्त बिजली को मंजूरी दी गई। दूसरी फाइल में बढ़ते मादक पदार्थों के खतरे से निपटने के लिए एक विशेष कार्यबल के गठन को मंजूरी दी गई, जबकि तीसरी फाइल तमिलनाडु भर में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक समर्पित तंत्र बनाने पर केंद्रित थी।

मुख्यमंत्री के रूप में अपने पहले संबोधन में विजय ने कहा कि वे किसी शाही या राजनीतिक परिवार से नहीं आते और लोगों को उन्हें स्वीकार करने और समर्थन देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि इस भावुक क्षण में कैसे शुरुआत करूं या क्या कहूं। मैं किसी राजकुमार के परिवार से नहीं आया हूं। मैं आप लोगों के बीच से आपके परिवार के सदस्य की तरह, आपके भाई की तरह आया हूं। आपने मुझे प्यार से अपनाया और सिनेमा में मुझे एक महान स्थान दिया।

उन्होंने आगे कहा कि आप सभी ने मुझे राजनीति में आने के लिए प्रोत्साहित किया, यह कहते हुए कि 'हम आपके साथ हैं', और आज आपने मुझे तमिलनाडु का मुख्यमंत्री बनाया है। मैंने जिन भी कठिनाइयों और चुनौतियों का सामना किया, आपने उन्हें अपना समझा और इस पूरी यात्रा में मेरे साथ खड़े रहे। मैं भगवान का दूत नहीं हूं। मैं बस एक आम इंसान हूं। लेकिन जब लोग मेरे साथ खड़े होते हैं, तो मुझे विश्वास है कि हम सब कुछ हासिल कर सकते हैं और हर चुनौती का मिलकर सामना कर सकते हैं, चाहे वह कैसी भी हो।

उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार झूठे वादों से नागरिकों को गुमराह नहीं करेगी और जनता से परिणाम देने के लिए उचित समय मांगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं तमिलनाडु की जनता से वादा करता हूं कि मैं जनता के एक रुपये का भी दुरुपयोग नहीं करूंगा। मैं धन कमाने के लिए राजनीति में नहीं आया हूं, और आप सभी यह अच्छी तरह जानते हैं। मैं भ्रष्टाचार को कभी बर्दाश्त नहीं करूंगा और न ही किसी को भ्रष्ट तरीकों से धन कमाने की अनुमति दूंगा। यह सरकार जनता की होगी, और हम सब मिलकर एक मजबूत और बेहतर तमिलनाडु का निर्माण करेंगे।

पिछली द्रविड़ मुन्नेत्र कज़गम (डीएमके) सरकार पर निशाना साधते हुए विजय ने आरोप लगाया कि राज्य पर लगभग 10 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए तमिलनाडु के वित्त पर एक श्वेत पत्र जारी करने पर विचार कर रही है।

## हिमंता सरमा ने सरकार बनाने का दावा पेश किया

# असम की नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह कल

एजेंसी। गुवाहाटी

हिमंता बिस्वा सरमा ने रविवार को असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मुलाकात की और राज्य में भाजपा की अगुवाई वाली नई एनडीए सरकार बनाने का औपचारिक दावा पेश किया। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्यपाल बहुत जल्द हिमंता बिस्वा सरमा को अगली सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन मौजूद रहेंगे। पीएम मोदी के नेतृत्व में असम सरकार समर्पित भाव से कार्य करेगी। जेपी नड्डा ने कहा कि असम के लिए जो भी आवश्यक होगा, वह पहले भी किया गया है और आगे भी किया जाएगा। असम की जनता से जो वादे किए गए थे, उन्हें पूरा किया गया और जो नहीं कहा गया था, वह भी किया गया। अब जो कहा गया है, उससे कहीं अधिक पीएम मोदी के नेतृत्व में किया जाएगा। असम में हिमंता बिस्वा सरमा के विधायक दल का नेता चुने जाने पर भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने उन्हें बधाई दी। भाजपा अध्यक्ष नितिनqw नवीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि असम भाजपा एवं एनडीए विधायक दल का नेता चुने जाने पर हिमंता बिस्वा सरमा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने लिखा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में असम प्रगति, सुशासन और आत्मनिर्भरता की राह पर निरंतर आगे बढ़ते हुए राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देता रहेगा। नितिन नवीन ने लिखा कि सरमा के सफल एवं यशस्वी कार्यकाल के लिए पुनः हार्दिक शुभकामनाएं।

शपथ ग्रहण समारोह में पीएम रहेंगे मौजूद



## चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण के घर पहुंचे पीएम मोदी, परिजनों से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को हैदराबाद में एक जनसभा को संबोधित किया और सिंधु अस्पताल का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण के आवास पर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर मुलाकात की तस्वीरें भी शेयर कीं। उन्होंने कहा कि हैदराबाद में मैंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आवास पर जाकर उनसे और उनके परिवार से मुलाकात की। उनसे मिलना और इतने विविध विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान करना हमेशा सुखद होता है। उन्होंने आगे कहा कि मैंने आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण गारू के आवास पर जाकर उनसे और उनके परिवार से मुलाकात की। मैंने पवन कल्याण गारू के हालचाल पूछे और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। वहीं, पीएम मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि शनिवार को मैं बंगाल में था। वहां पहली बार भाजपा के मुख्यमंत्री ने शपथ ली। बंगाल में पहली बार भाजपा की सरकार भारी बहुमत से बनी है, और मैं देख रहा हूं कि इस ऐतिहासिक जीत का उत्साह तेलंगाना में भी साफ दिखाई दे रहा है। यहां हर भाजपा कार्यकर्ता जोश से भरा हुआ है।

## टीएमसी से निलंबित रिजु दत्ता ने आईपीएस अजय पाल शर्मा से माफी मांगी

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने के बाद टीएमसी से निलंबित रिजु दत्ता ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा से माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि यह मामला यही पर शांत हो जाएगा। रविवार को एक वीडियो पोस्ट के माध्यम से रिजु दत्ता ने कहा, मैंने आईपीएस अधिकारी के खिलाफ कुछ बातें की थीं, वह व्यक्तिगत नहीं, पार्टी लाइन के तहत थीं। मैंने तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता के रूप में आईपीएस अजय पाल शर्मा के बारे में एक वीडियो बनाया था। मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि मैंने वह वीडियो तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में तृणमूल मुख्यालय से पार्टी लाइन का पालन करते हुए बनाया था और वह वीडियो तृणमूल कांग्रेस के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स से भी जारी किया गया था। आईपीएस के खिलाफ मैंने कोई व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं की थी।

# मंत्रिमंडल विस्तार में पश्चिम से लेकर पूर्वांचल तक सामाजिक संतुलन का रखा गया ध्यान

● 2027 विधानसभा चुनाव से पहले योगी सरकार का बड़ा मंत्रिमंडल विस्तार

● राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने छह नए मंत्रियों को दिलाई शपथ



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027 से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दूसरे कार्यकाल का दूसरा मंत्रिमंडल विस्तार कर बड़ा राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की है। जन भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आठ नेताओं को मंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस विस्तार में भाजपा ने ब्राह्मण, ओबीसी, दलित और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सामाजिक समीकरणों को साधने पर विशेष फोकस किया है। पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और ऊंचाहार से विधायक मनोज कुमार पांडेय को कैबिनेट मंत्री बनाया गया। वहीं, मेरठ दक्षिण से विधायक डॉ. सोमेंद्र सिंह तोमर और सिकंदरा से विधायक अजीत पाल को प्रमोट कर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा, कृष्णा पासवान, कैलाश सिंह राजपूत, सुरेंद्र दिलेर और हंसराज विश्वकर्मा को राज्यमंत्री बनाया गया। मंत्रिमंडल विस्तार में सबसे ज्यादा चर्चा भूपेंद्र सिंह चौधरी और मनोज कुमार पांडेय की एंट्री को लेकर रही। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जाट राजनीति का बड़ा चेहरा माने जाने वाले भूपेंद्र चौधरी लंबे समय तक भाजपा संगठन की कमान संभाल चुके हैं। मुरादाबाद के किसान परिवार से आने वाले चौधरी ने विश्व हिंदू परिषद से सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की और 1991 में भाजपा से जुड़ने के बाद संगठन में लगातार महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर भी उन्होंने संगठन विस्तार में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं, रायबरेली की ऊंचाहार सीट से विधायक मनोज कुमार पांडेय को भाजपा की ब्राह्मण राजनीति का नया चेहरा माना जा रहा है। अखिलेश यादव सरकार में मंत्री रह चुके मनोज कुमार पांडेय ने लोकसभा चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी से दूरी बनाकर भाजपा का समर्थन किया था। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि रायबरेली-अमेठी बेल्ट में ब्राह्मण मतदाताओं और पारंपरिक सपा वोट बैंक में सेंध लगाने के लिहाज से भाजपा ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है।

## नीतीश के 'हनुमान' दे रहे निशांत को पॉलिटिकल ट्रेनिंग

एजेंसी। पटना



निशांत कुमार को जेडीयू में एक्टिव करना है। स्थापित करना है। इस उद्देश्य से जेडीयू का पूरा इकोसिस्टम लगा हुआ है। विधान पार्षद संजय सिंह उर्फ संजय गांधी पहले नीतीश कुमार के हर कागजी काम देखते थे। घर से लेकर दफ्तर तक उनकी मौजूदगी दिखती थी। अब वो साये की तरह निशांत कुमार के साथ रहते हैं। जेडीयू ऑफिस में निशांत के बगल में खड़े होकर एक-एक निर्देश देते हैं।

जिस दिन से निशांत कुमार मंत्री बने हैं, उसी दिन से तकरीबन रोजाना पार्टी ऑफिस पहुंच रहे हैं। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं। इस मुलाकात के दौरान सब चीजें ठीक रहें, इसकी सबकुछ संजय गांधी तय करते हैं। निशांत कुमार के ऑफिस पहुंचने से पहले ही संजय गांधी पहुंचते हैं। पीछे निशांत का काफिला आता है। तब तक संजय गांधी एक-एक चीज को बारीकी से दुरुस्त करते हैं। सब कुछ निशांत कुमार के मुताबिक रहें ये तय संजय गांधी ही करते हैं। मंत्री पद की शपथ ग्रहण के बाद निशांत ऑफिस पहुंचे थे। नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात किए थे। फिर स्वास्थ्य मंत्री का पदभार संभालने के बाद भी निशांत कुमार जेडीयू ऑफिस पहुंचे थे। कार्यकर्ताओं से लगातार मुलाकात कर रहे हैं। शनिवार को फिर से निशांत कुमार जेडीयू ऑफिस पहुंचे।

### चंद्रनाथ रथ हत्याकांड, बंगाल पुलिस का दावा

## 'बदमाशों ने झारखंड से मंगाई थी हत्या में इस्तेमाल कार'

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के निजी सहायक (पीए) चंद्रनाथ रथ की हत्या की जांच जारी है। जांचकर्ताओं का कहना है कि हत्या में इस्तेमाल की गई कार झारखंड से लाई गई थी और उसी कार से ऑनलाइन पैसे भेजे गए थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

इसी सुराग के आधार पर आरोपियों की तलाश जारी है। हालांकि, अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

चंद्रनाथ की हत्या की जांच के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस ने एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। टीम में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट (सीआईडी) के पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं। जांच टीम के सदस्य आरोपियों की तलाश में उत्तर प्रदेश गए हैं। जांचकर्ताओं को उम्मीद है कि इन सभी सुरागों के जरिए जल्द ही चंद्रनाथ के हत्यारे तक पहुंचा जा सकेगा और अपराधी पकड़े जाएंगे।

इसके साथ ही, पुलिस ने बाली टोल प्लाजा से सीसीटीवी फुटेज भी हासिल किए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। पैसों का भुगतान यूपीआई के जरिए ऑनलाइन किया गया था, इसलिए उस माध्यम से और अधिक जानकारी जुटाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, इस हत्या के मामले में कई लोगों से पूछताछ की जा रही है। चंद्रनाथ की हत्या 6 मई की रात को उत्तरी 24 परगना जिले के मध्यमग्राम में गोली मारकर कर दी गई थी। चंद्रनाथ की कार के सामने अचानक एक चार-पहिया वाहन आ गया, जिसके चलते उनकी कार रुक गई।

# आरजी कर मेडिकल कॉलेज में भावुक पल, छात्रा ने गीत गाकर विधायक बनी मां का किया स्वागत

एजेंसी। कोलकाता

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में रविवार को भावनात्मक माहौल देखने को मिला, जब एक छात्रा ने गीत के माध्यम से उस मां का स्वागत किया, जिसकी बेटी की दर्दनाक मौत ने कभी पूरे राज्य को झकझोर दिया था। हाल ही में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से विधायक निर्वाचित हुईं इस मां के कॉलेज पहुंचते ही छात्र-छात्राओं और उपस्थित लोगों के बीच गहरी संवेदना का माहौल बन गया।



मौके पर मौजूद पार्टी सहयोगी सोनिया जोसफ ने बताया कि कॉलेज परिसर में एक छात्रा ने गीत प्रस्तुत कर उनका स्वागत किया। गीत की पंक्तियों में संघर्ष, साहस और न्याय की मांग को प्रमुखता से उभारा गया। छात्रा ने गाया- "तुम सच हो, तुम आग हो, तुम लड़ाई का चेहरा हो, बंगाल तुम्हारे साथ है, बुराई के काले चेहरे को तोड़ दो। मैदान में उतर कर लड़ाई करो तुम मां हो, झूठ को मिटा दोगी और बेसहारों को न्याय मिलेगा।"

गीत आगे बढ़ते हुए मां के संघर्ष और शक्ति को समर्पित रहा। गीत की अन्य पंक्तियों में कहा गया- "तुम सत्य हो, तुम संध्या हो, तुम मां दुर्गा हो। असुरों का दमन तुम्हारे हाथों होगा मां। रत्ना मां की आंखों के आंसुओं का जवाब जनता देगी, अभया के साथ हुए अन्याय का बदला अब जनता लेगी।"

इन मार्मिक पंक्तियों को सुनते ही कॉलेज परिसर का माहौल भावुक हो उठा। बेटी की यादों से जुड़े उसी परिसर में मौजूद मां की आंखें नम हो गईं। वहां उपस्थित कई छात्र-छात्राएं और अन्य लोग भी इस दृश्य को देखकर भावुक हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ क्षणों के लिए परिसर में गहरी खामोशी छा गई, जिसके बाद तालियों की गूंज सुनाई दी। कई लोगों ने इस भावुक पल को अपने मोबाइल फोन में कैद किया। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि इसी कॉलेज में हुई छात्रा की मौत की घटना ने पूरे राज्य में न्याय की मांग को लेकर व्यापक बहस और आंदोलन को जन्म दिया था। रविवार को कॉलेज परिसर में गूंजे इस गीत ने एक बार फिर उस घटना की स्मृतियों को ताजा कर दिया और एक मां के संघर्ष को भावनात्मक रूप से लोगों के सामने प्रस्तुत किया।

# दृष्टिपात

## हुगली के गोघाट में तृणमूल नेता की हत्या, भाजपा पर लगाया आरोप



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में रविवार को तृणमूल कांग्रेस के नेता व पंचायत सदस्य के पति की हत्या कर दी गई। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी। हालांकि भाजपा ने इस आरोप का खंडन किया है। पुलिस के मुताबिक, तृणमूल नेता का शव रविवार सुबह पार्टी कार्यालय के पीछे से बरामद किया गया। वह शनिवार से लापता थे। पुलिस ने बताया कि शव पर चोट के निशान हैं और मौके से एक लाठी भी बरामद हुई है। पुलिस ने बताया कि मृतक तृणमूल नेता का नाम सहदेव बाग है। वह गोघाट के नकुंडा जिले के कोटा क्षेत्र के निवासी थे। मृतक की पत्नी चीना बाग कुंडा पंचायत से तृणमूल कांग्रेस की सदस्य है। परिवार का आरोप है कि चुनाव परिणाम आने के बाद से भाजपा कार्यकर्ता सहदेव को अगवा करने की धमकी दे रहे थे। सहदेव शनिवार रात घर से निकलने के बाद लापता हो गए थे। स्थानीय लोगों ने रविवार सुबह तृणमूल कार्यालय के पीछे नाले में उनका शव देखा। मृत तृणमूल नेता की पत्नी चीना ने कहा, "भाजपा नेता चुनाव के बाद से ही उन्हें धमका रहे थे। उन्हें अगवा करके मार डाला गया। मैं सभी आरोपियों को सजा दिलाना चाहती हूं।" मृतक की बेटी आगमोनी ने कहा कि मेरे पिता को भाजपा कार्यकर्ता धमका रहे थे। उन्होंने ही मेरे पिता की हत्या की है।

## राम मंदिर में दर्शन करना अब काफी आसान, हनुमान गैलरी शीध्र : नृपेंद्र मिश्रा

**अयोध्या।** राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने मंदिर के विकास कार्यों के बारे में रविवार को विस्तार से जानकारी दी। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि सबसे पहले राम मंदिर के शिखर पर लाइट लगाना प्राथमिकता है। हैवेल्स की टीम आई है। सबसे पहले



तार बिछाने का काम किया जाएगा। नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि मंदिर निर्माण पूरा हो चुका है। शहीद स्तंभ का निर्माण 15 जून तक पूरा हो जाएगा। अब केवल वही टोली रहेगी, जिसको देखरेख करना है। उन्होंने बताया कि अभी स्थानों पर लोग जा रहे हैं। मैंने कल खुद देखा कि कुबेर टीला पर लोग थे। सप्त मंदिर में लोग मौजूद थे। अब दर्शन करना बहुत सरल हो गया है। अभी चार किलो मीटर की बाउंडी वॉल बनने के लिए एक वर्ष का वक्त लगेगा। हमारी कोशिश है कि इस वर्ष उसको भी पूरा कर लिया जाए। एक ऑडिटोरियम, विश्राम गृह और ट्रस्ट के कार्यालय को सुरक्षा परिसर से बाहर रखा गया है। उसका निर्माण करना है। नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि सरयू नदी के तट पर बनने वाले म्यूजियम पर अब हमारा ध्यान है। हमारी कोशिश है कि इसको भी जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाए। हनुमान गैलरी के संचालन को लेकर उन्होंने कहा कि 20 गैलरी में एक गैलरी हनुमान जी की है। आईआईटी मद्रास ने इसको पूर्ण किया है। निर्णय लिया गया है कि म्यूजियम में एक गैलरी इस प्रकार की होगी कि लोगों को मंदिर में भ्रमण करने का अनुभव होगा।

### तेजस्वी ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा

## पीड़ित पक्ष की कोई सुनवाई नहीं

**पटना।** बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल विस्तार के बाद प्रदेश की सियासत में गर्माहट है। विपक्ष विभिन्न मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने में जुटी है। इस बीच, बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को मुजफ्फरपुर का एक कथित वीडियो



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा कर मुख्यमंत्री सहित एनडीए सरकार को घेरा है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने वीडियो के जरिए आरोप लगाया है कि भाजपा विधायक की मौजूदगी में मारपीट की घटना को अंजाम दिया जा रहा है, लेकिन पीड़ित पक्ष की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने यहां तक कहा है कि अपराधियों की जाति देखकर कार्रवाई की जा रही है। राजद के नेता ने मुजफ्फरपुर के एक कथित वीडियो को सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स के अपने आधिकारिक अकाउंट से साझा करते हुए न केवल सरकार को घेरा है, बल्कि मीडिया को भी आड़े हाथों लिया है। उन्होंने लिखा, "ये भाजपा का मुजफ्फरपुर का विधायक है, जो दो दर्जन गुर्गों के साथ वार्ड-48 में आम आदमी के घर में घुसकर मारपीट करता है, तांडव मचाता है, कानून की धज्जियां उड़ाता है। जो इसकी नहीं सुनता, उसका कुछ भी हो सकता है।" उन्होंने सवाल उठाते हुए आगे लिखा, "क्या बड़बोले मुख्यमंत्री में हिम्मत है कि गुंडे विधायक के खिलाफ कोई कार्रवाई करेंगे? सीएम में हिम्मत नहीं, क्योंकि वो पहले जाति देखेंगे, पीड़ित पक्ष की कोई सुनवाई नहीं।

## बंगाल के नए मुख्यमंत्री 'सबके लिए शासन' की संवैधानिक शपथ का पालन करें : जमीअत उलमा-ए-हिंद

**नई दिल्ली।** जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने पश्चिम बंगाल के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी से कहा है कि वे राज्यपाल और बंगाल की जनता के समक्ष ली गई



अपनी संवैधानिक शपथ की भावना और शब्दों का पूरी ईमानदारी के साथ पालन करें तथा बिना किसी भेदभाव के सभी नागरिकों के साथ समान न्याय सुनिश्चित करें। मौलाना मदनी ने कहा कि यह संवैधानिक शपथ केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि अपने पद के प्रति कानूनी और नैतिक जिम्मेदारी का सार्वजनिक स्वीकार है। इस शपथ के बिना कोई व्यक्ति मुख्यमंत्री नहीं बन सकता और न ही इसके विपरीत आचरण करते हुए उस पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार रखता है। मौलाना मदनी ने यह बातें मुख्यमंत्री के उस पूर्व बयान के संदर्भ में कहीं जिसमें उन्होंने खुलकर कहा था कि वे "सिर्फ हिंदुओं के लिए काम करेंगे।" उन्होंने कहा कि इस प्रकार के बयान भारत के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने, लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की भावना के विरुद्ध हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता किसी एक धर्म या राजनीतिक समूह की जागीर नहीं बल्कि पूरी जनता की अमानत है, जिसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई तथा सभी वर्ग शामिल हैं।

## पीएम मोदी ने शादी के लिए अपने हेलीकॉप्टर का रूट बदला

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रविवार का दिन काफी व्यस्त रहा, जिसमें तीन राज्य कर्नाटक, तेलंगाना और गुजरात में कई कार्यक्रम और आयोजन तय थे। इस दौरान हैदराबाद के हाईटेक सिटी में एक साख वाक्या हुआ, जिसने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। पीएम मोदी ने शादी में आए मेहमानों और परिवार की सुविधा के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ दिया। प्रधानमंत्री मोदी के दरियादिली कदम ने वहां मौजूद लोगों का दिल जीत लिया और विरोधी पार्टियों के विधायकों एवं जन प्रतिनिधियों ने भी इसकी तारीफ की। हैदराबाद इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एचआईसीसी)- जहां बेंगलुरु से प्रधानमंत्री मोदी के हेलीकॉप्टर को उतरना था– उसी जगह पर शादी की तैयारी चल रही थी।



# उर्विल पटेल ने 13 गेंदों में फिफ्टी जड़ रचा इतिहास

## तूफानी पारी की एबी डिविलियर्स का रिकॉर्ड हुआ चकनाचूर...

**एजेंसी । नई दिल्ली**

चेन्नई सुपर किंग्स की टीम अपने घर पर लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ आईपीएल 2026 का मुकाबला खेल रही है, जिसमें उसे 204 रनों का टारगेट मिला है। इस मैच में सीएसके की टीम ने 45 के स्कोर पर अपना पहला विकेट गंवा दिया था, जिसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे 27 साल के उर्विल पटेल ने ऐसी तूफानी पारी खेली जिससे उन्हें कई रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। इस मैच में उर्विल ने सिर्फ 23 गेंदों में 65 रनों की शानदार पारी खेली तो वहीं 13 गेंदों में अपनी फिफ्टी पूरी कर ली थी। उर्विल ने अपनी इस पारी के दम पर एबी डिविलियर्स का 11 साल पुराना एक बड़ा रिकॉर्ड भी चकनाचूर करने का काम किया।

### आईपीएल में लगाई संयुक्त सबसे तेज फिफ्टी

उर्विल पटेल ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मैच में अपनी पारी का आगाज काफी धमाकेदार अंदाज में किया जिसमें उन्होंने अधिकतर गेंदों को सीधे स्टैंड में पहुंचाया। उर्विल ने इस मैच में अपनी फिफ्टी सिर्फ 13 गेंदों में ही पूरी कर ली, जिसके साथ ही वह अब यशस्वी जायसवाल के साथ आईपीएल इतिहास में सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वहीं उर्विल पटेल आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से खेलते हुए सबसे तेज फिफ्टी लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम करने में कामयाब रहे जो पहले सुरेश रैना के नाम पर थी जिन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ साल 2014 में खेले गए मुकाबले में 16 गेंदों में फिफ्टी लगाई थी।

### उर्विल पटेल इस मामले में आईपीएल में बने पहले खिलाड़ी

आईपीएल के इतिहास में अभी तक एक से एक आक्रामक बल्लेबाज देखने को मिले हैं, लेकिन उर्विल पटेल ने एक ऐसा कारनामा किया जो इससे पहले कोई भी बल्लेबाज करने में कामयाब नहीं हो सका था। उर्विल पटेल आईपीएल में अब पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जो अपनी पारी की पहली 8 गेंदों में छह छक्के लगाने में कामयाब हुए हैं।

वहीं इसके अलावा पहली 10 गेंदों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी उर्विल पटेल बन गए हैं जिसमें उन्होंने एबी डिविलियर्स के रिकॉर्ड को तोड़ा है जिन्होंने साल 2015 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में अपनी पारी की पहली 10 गेंदों में 41 रन बनाए थे तो वहीं उर्विल ने इस मैच में अपनी पारी की पहली गेंदों में 42 रन बना दिए।

**लखनऊ से इंग्लिस ने अर्धशतक लगाया :** जोश इंग्लिस ने 85 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 33 गेंद की पारी में 10 चौके और 6 छक्के लगाए।

राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता

# खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य को लेकर योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन की आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को लेकर शनिवार को नटराज योग संस्थान, कचहरी में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक कार्यकारी अध्यक्ष पीपी तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें संगठनात्मक मजबूती, प्रतियोगिताओं की गुणवत्ता में सुधार तथा खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए रांची जिला से जाने वाले ऑफिशियल्स, टीम मैनेजर एवं कोचों की संख्या तथा उनके चयन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बताया गया कि चयनित प्रतिभागी आगामी 5, 6 और 7 जून को जामताड़ा में आयोजित सीनियर कैटेगरी की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में ट्रेडिशनल योगासन और इंडिविजुअल इवेंट शामिल रहेंगे। बैठक के दौरान जिला योगासन स्पोर्ट चैंपियनशिप के आयोजन में हुई कमियों और उनके समाधान पर भी गंभीरता से चर्चा की गई, ताकि भविष्य में प्रतियोगिताओं का संचालन और बेहतर तरीके से किया जा सके।

जिला सचिव डॉ. एस.के. घोषाल ने संगठन को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से अपने विचार रखे। वहीं मीडिया कमेटी और सोशल मीडिया के नए सदस्यों की नियुक्ति को लेकर भी चर्चा हुई।

जिला अध्यक्ष डॉ. संतोषी साहू ने जिला प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी पदाधिकारियों और सफल प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। बैठक में आर्य प्रहलाद भगत, आम्या अंशु, राहुल रंजन, पूजा सिंह, जगदीश सिंह, डॉ. अटल पाण्डेय, कोमल सिंह, मधु शर्मा, प्रदीप साहू, अजय महतो, ऋतिका जोशी, शिवराज, अनिष्का, आरती पाण्डे, बेबी और गंगाधर सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# वर्ल्ड कराटे यूथ लीग में भाग लेने सुनील किस्पोट्टा फिलिपीन्स रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** फ़िलिपीन्स की राजधानी मनीला में वर्ल्ड कराटे फेडरेशन के तत्वाधान में 14 मई से 17 मई तक कराटे यूथ लीग का आयोजन किया जा रहा है इस अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप कराटे इंडिया आर्गनाइजेशन के खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए कराटे इंडिया आर्गनाइजेशन के ट्राइबल



और माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेयरमैन रेंशी सुनील किस्पोट्टा फिलिपींस मनीला के लिए रवाना हुए वे आधिकारिक रूप से इस प्रतियोगिता का हिस्सा बनेंगे।

सेंशई सुनील किस्पोट्टा कहा कि कराटे इंडिया ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष हंशी भरत शर्मा के नेतृत्व में भारतीय कराटे खिलाड़ी विश्व भर में अपने प्रदर्शन से देश का परचम लहरा रहे हैं मनीला में भी आयोजित इस प्रतियोगिता में हमारे खिलाड़ियों का प्रदर्शन अच्छा होगा खिलाड़ियों की तैयारी पूरी हो चुकी है।

## मानशी की तूफानी बल्लेबाजी से रातू रोड क्रिकेट क्लब की शानदार जीत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आरडीसीए विमेंस क्रिकेट लीग 2025-26 के तहत गोलचक्कर मैदान में खेले गए मुकाबले में रातू रोड क्रिकेट क्लब ने साई धुर्वा को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए साई धुर्वा की टीम ने 30 ओवर में 7 विकेट खोकर 107 रन बनाए। टीम की ओर से प्रतीक्षा ने सर्वाधिक 48 रन की पारी खेली।



गेंदबाजी में रातू रोड क्रिकेट क्लब की आकांक्षा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 17 रन देकर 2 विकेट झटके, जबकि सृष्टि ने 29 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। 108 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रातू रोड क्रिकेट क्लब की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 11.1 ओवर में 1 विकेट खोकर 111 रन बना लिए। टीम की ओर से मानशी ने शानदार 59 रन की नाबाद पारी खेली, जबकि विजया ने 36 रन का योगदान दिया। दमदार बल्लेबाजी के दम पर रातू रोड क्रिकेट क्लब ने मुकाबला 9 विकेट से अपने नाम कर लिया।

## हॉकी इंडिया ने 31 सदस्यों वाली सीनियर महिला नेशनल कोचिंग कैंप की घोषणा की

**एजेंसी । नई दिल्ली**

देश में हॉकी की स्थिति मजबूत होती रहे, इसके लिए हॉकी इंडिया लगातार प्रयास कर रहा है। इसी के तहत हॉकी इंडिया द्वारा सीनियर महिला नेशनल कोचिंग कैंप की घोषणा की गई है। कैंप 11 से 20 मई 2026 तक आयोजित होगा और इसमें 31 खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा। भारतीय टीम को एफआईएच नेशंस कप में हिस्सा लेना है जिसका आयोजन 15 से 21 जून तक ऑकलैंड, न्यूजीलैंड में होना है। नेशंस कप से पहले टीम इंडिया एक्सपोजर टूर के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी। इन दौरों को देखते हुए नेशनल कोचिंग कैंप की घोषणा की गई है। 10 दिनों के लिए आयोजित होने वाला नेशनल कोचिंग कैंप भारतीय महिला टीम के लिए बहुत जरूरी है। इससे टीम को अहम टूर्नामेंट और दौरों से पहले अपनी ताकत का अंदाजा लगाने का मौका मिलेगा। आगामी बड़े टूर्नामेंटों में 15 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाला एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 और 19 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक जापान में होने वाले एशियन गेम्स 2026 शामिल हैं।

## आईएसएसएफ वर्ल्ड कप शॉटगन : ट्रैप मिक्स्ड टीम में नीरू व विवान ने साधा ब्रॉन्ज पर निशाना

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अल्माटी में आयोजित इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप शॉटगन में नीरू ढांडा और विवान कपूर की जोड़ी ने रविवार को ट्रैप मिक्स्ड टीम इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। नीरू और विवान ने फाइनल में पहले 30 टारगेट में से 24 पर निशाना साधा। सिल्वाना स्टांको और मौरो डी फिलिपिस की इटैलियन जोड़ी के बराबर स्कोर करने के बावजूद, उन्हें बेहतर पदक से चूकना पड़ा, क्योंकि क्वालिफिकेशन राउंड में वे रजत पदक जीतने वाली इतालवी जोड़ी से दूसरे स्थान पर रहे थे। चीनी ताइपे के कुन-पी यांग और वान-यू लियू ने फाइनल में 36 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ अपना दूसरा



वर्ल्ड कप गोल्ड जीता। विवान और नीरू ने क्वालिफिकेशन में 143 का स्कोर किया था, जो पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता सिल्वाना और इस इवेंट के पूर्व विश्व चैंपियन मौरो से सिर्फ दो अंक पीछे था। दोनों ने फाइनल में जगह पक्की करने के लिए तीसरे राउंड में 25-25 का परफेक्ट स्कोर किया।

## 'आपके दृढ़ संकल्प ने देश को गौरवान्वित किया : मनसुख

**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला रिकर्व टीम ने शंघाई में आयोजित तीरंदाजी वर्ल्ड कप स्टेज 2 में रविवार को मेजबान चीन के खिलाफ रोमांचक शूट-ऑफ में जीत



दर्ज करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इस उपलब्धि पर भारतीय टीम को बधाई दी है। मनसुख मांडविया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "सुनहरा हौसला, निडर जज्बा, पोडियम पर जीत। आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज 2 में गोल्ड जीतने के लिए दीपिका, अंकिता और कुमकुम को हार्दिक बधाई। भारत की दीपिका कुमारी, अंकिता भगत और कुमकुम मोहद ने फाइनल मुकाबले में अपना संयम बनाए रखते हुए शूट-ऑफ में चीन को 5-4 (28-26) से मात देकर 2021 के बाद भारत का पहला तीरंदाजी विश्व कप गोल्ड मेडल जीता।

व्यापार/लाइफ व साइंस

# तेल-कंपनियों को हर दिन ₹1,700 करोड़ का नुकसान

### 10-हफ्ते में ₹1 लाख करोड़ का घाटा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें 50% तक बढ़ चुकी हैं। इसके बावजूद भारतीय बाजार में पेट्रोल और डीजल की कीमतें पिछले दो साल के स्तर पर ही स्थिर बनी हुई हैं। सरकारी तेल कंपनियां देश के उपभोक्ताओं को ग्लोबल एनर्जी शॉक से बचाने के लिए भारी वित्तीय बोझ यानी नुकसान उठा रही हैं।

पिछले 10 हफ्तों में इन कंपनियों को 1 लाख करोड़ से ज्यादा का नुकसान हो चुका है। वहीं, इंडियन ऑयल), भारत पेट्रोलियम और




हिंदुस्तान पेट्रोलियम को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बिक्री पर रोज 1,600 से 1,700 करोड़ का नुकसान हो रहा है। कच्चे तेल की लागत बढ़ने के बाद भी पेट्रोल 94.77 और डीजल 87.67 प्रति लीटर के पुराने रेट पर ही मिल रहा है।

### सरकार ने ड्यूटी घटाकर कीमतों को काबू में रखा

भारत अपनी जरूरत का 40% कच्चा तेल, 90% एलपीजी और 65% नेचुरल गैस आयात करता है। युद्ध की वजह से सप्लाई लाइन बाधित हुई है और लागत बढ़ गई है। जापान और ब्रिटेन जैसे देशों ने ईंधन की कीमतें 30% तक बढ़ा दी हैं, लेकिन भारत में सरकार ने एक्साइज ड्यूटी घटाकर कीमतों को काबू में रखा है। पेट्रोल पर ड्यूटी 13 से घटाकर 3 और डीजल पर 10 से घटाकर जीरो कर दी गई है।

### पीयूष गोयल ने मातृ दिवस पर उत्तर मुंबई में बांटी गर्भवती पोषण किट

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को मातृ दिवस पर उत्तर मुंबई में गर्भवती पोषण किट का वितरण किया। इस दौरान गोयल ने कहा कि इस किट में हर उस जरूरत की चीज का ध्यान रखा गया है जो गर्भावस्था के आखिरी के दिनों में एक माता और बहन के लिए आवश्यक होती है। इसमें बच्चे के शुरुआती दिनों की जरूरी का ध्यान रखा गया है। इससे बच्चा और मां दोनों सेहतमंद रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि इस कल्पना को आगे बढ़ाते हुए हम पूरे उत्तर मुंबई के अलग-अलग इलाकों में इस किट को बांटेंगे, ताकि किसी भी निम्न-मध्यम परिवारों की मां और बहनों को कोई समस्या न हो। गोयल ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हम निम्न-मध्यम परिवारों की मां और बहनों को पोषण के आधार पर तैयार की हुई किट दे रहे हैं।

## भारत में अन्य देशों की अपेक्षा न्यूक्लियर एनर्जी क्षमता कम सरकार के प्रयासों से विस्तार को मिलेगा बढ़ावा : रिपोर्ट

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वैश्विक निवेश फर्म मॉर्गन स्टेनली ने कहा कि देश में रिन्यूएबल एनर्जी में न्यूक्लियर एनर्जी एक रणनीतिक महत्व रखती है, जो जीवाश्म ईंधन की कीमतों में अस्थिरता से प्रभावित हुए बिना स्थिर, कम कार्बन उत्सर्जन वाली ऊर्जा प्रदान कर सकती है। साथ ही कहा कि भारत में न्यूक्लियर एनर्जी क्षमता 8.2 गीगावाट की है और कुल स्थापित ऊर्जा क्षमता में इसकी हिस्सेदारी करीब 2 प्रतिशत और जेनरेशन में 3 प्रतिशत के आसपास की है। यह अन्य देशों की अपेक्षा कम है और सरकार के न्यूक्लियर एनर्जी क्षेत्र में प्रयासों से विस्तार को बढ़ावा मिलेगा। रिपोर्ट में बताया गया कि सरकार का लक्ष्य वित्त वर्ष 32 तक 22 गीगावाट न्यूक्लियर एनर्जी



क्षमता हासिल करना है, जिसका दीर्घकालिक लक्ष्य 2047 तक 100 गीगावाट है। छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों के डिजाइन, विकास और स्थापित करने के लिए 200 अरब रुपए आवंटित करने वाले एक समर्पित न्यूक्लियर एनर्जी मिशन की घोषणा, अधिक लचीली, विस्तार योग्य और संभावित रूप से निजी क्षेत्र के अनुकूल परमाणु तैनाती की दिशा में एक बदलाव का संकेत देती है। शांति फ्रेमवर्क के तहत प्रस्तावित सुधारों सहित समानांतर विधायी प्रयासों का उद्देश्य नियामक वातावरण का आधुनिकीकरण करना और नियामक निगरानी के तहत निजी भागीदारी को बढ़ाना है। रिपोर्ट में मॉर्गन स्टेनली ने कहा, "हमारा मानना है कि इस रणनीति की सफलता क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी, विशेष रूप से वित्तपोषण, नियामक सुधार और आपूर्ति श्रृंखला विकास में। क्षमता विस्तार को आकार देने में वैश्विक साझेदारियां महत्वपूर्ण बनी रहेंगी।" विभिन्न देशों में, कनाडा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा क्योंकि वह एक नए दीर्घकालिक समझौते के तहत भारत को यूरेनियम की आपूर्ति कर रहा है। भारत की परमाणु यात्रा में अमेरिका की भूमिका ईंधन-केंद्रित होने के बजाय अधिक संभावित और प्रौद्योगिकी-केंद्रित है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका-भारत नागरिक परमाणु ढांचा महत्वपूर्ण बना हुआ है, और हमारा मानना है कि एसएमआर प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और व्यापक वाणिज्यिक हितों से संबंधित हालिया कदम बताते हैं कि यदि देयता और नियामक सुधार लागू होते हैं, तो रिएक्टर प्रौद्योगिकी, उपकरण और परियोजना भागीदारी में अमेरिका अधिक प्रासंगिक हो सकता है।

## भारत का निजी पूंजीगत खर्च 67 प्रतिशत बढ़कर 7.7 लाख करोड़ हुआ : सीआईआई

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत का निजी पूंजीगत खर्च सितंबर 2025 में सालाना आधार पर 67 प्रतिशत बढ़कर 7.7 लाख करोड़ रुपए हो गया है। यह देश के निवेश साइकिल में पिछले एक दशक में सबसे मजबूत रिकवरी है। यह जानकारी भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने रविवार को दी। सीआईआई के मुताबिक, इससे पहले सितंबर 2024 में पूंजीगत खर्च 4.6 लाख करोड़ रुपए था। सीआईआई द्वारा सीएमआईई प्रॉवेस डेटाबेस से लगभग 1,200 कंपनियों के विश्लेषण से पता चला कि इसमें विनिर्माण क्षेत्र का हिस्सा 3.8 लाख करोड़ रुपए था, जो कुल निजी निवेश का लगभग आधा है। इसमें धातु, ऑटोमोबाइल और रसायन जैसे क्षेत्रों का योगदान सबसे अधिक रहा। सेवा क्षेत्र का योगदान 3.1 लाख करोड़ रुपए रहा, जिसमें व्यापार, संचार और आईटी/आईटीईएस उद्योगों का योगदान सबसे अधिक रहा।

## पाकिस्तान में उद्योगों की हालत खराब, बजट से पहले टैक्स सुधारों की मांग तेज : रिपोर्ट

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पाकिस्तान में बजट 2026-27 से पहले उद्योगों ने संरचनात्मक टैक्स सुधार की मांग को तेज कर दिया है और कहा है कि देश छोटी अवधि के टैक्स सुधारों पर भरोसा नहीं कर सकता। निवेशकों और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए बड़े टैक्स सुधार आवश्यक हैं। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। बिजनेस रिकॉर्ड की रिपोर्ट में बताया गया कि प्रमुख उद्योग निकाय में से एक ओवरसीज इन्वेस्टर्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (ओआईसीसीआई) ने टैक्स सुधारों को लेकर नया प्रस्ताव सरकार को दिया है। इसमें देश के टैक्स बेस को बड़ा करना और डिजिटलीकरण बढ़ाने जैसे सुधार शामिल हैं। रिपोर्ट में बताया है कि यह मांग ऐसे समय पर उठाई गई हैं जब देश बड़े राजकोषीय दबाव, निवेश के धीमी होने और कमजोर औद्योगिक प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहा है।

### अमित चड्डा का वेतन वित्त वर्ष 26 में 17.4 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली ।** एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर अमित चड्डा को वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी द्वारा 14.96 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। इसमें पिछले साल के मुकाबले 17.4 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। यह जानकारी कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि चड्डा के वेतन पैकेज में 5.77 करोड़ रुपए का मूल वेतन, 2.62 करोड़ रुपए का कमीशन और 1.68 करोड़ रुपए का वेरिएबल भुगतान शामिल था।

## अदाणी ग्रुप मध्य प्रदेश में सीमेंट से लेकर पावर सेक्टर में देगा 1,20,000 नई नौकरियां : प्रणव अदाणी

**एजेंसी । गुना (मध्य प्रदेश)**

अदाणी एंटरप्राइजेज के निदेशक प्रणव अदाणी ने रविवार को कहा कि अदाणी ग्रुप मध्य प्रदेश में 2030 तक सीमेंट से लेकर पावर सेक्टर में 1,20,000 नई नौकरियों के अवसर पैदा करेगा। प्रणव अदाणी ने यह बयान मध्य प्रदेश में अदाणी ग्रुप के नए सीमेंट प्लांट के उद्घाटन के दौरान दिया। इस दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मौजूद थे। पिछले साल भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर समिट को याद करते हुए प्रणव अदाणी ने कहा कि उस दौरान ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने मध्य प्रदेश में 1,10,000 करोड़ रुपए के निवेश का ऐलान किया था। उन्होंने आगे कहा कि यह निवेश जल विद्युत भंडारण, सीमेंट, खनन, स्मार्ट मीटर और तापीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों के लिए निर्धारित किया गया है। वर्ष 2030 तक, इस पहल से 1,20,000 लोगों के लिए नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। प्रणव अदाणी ने कहा, "आज का शिलान्यास समारोह उस वादे को हकीकत में बदलने की दिशा में एक ठोस कदम है।

# ट्रेन लूट की योजना हुई फेल, कुख्यात राजन तिवारी समेत सात अपराधी गिरफ्तार

- चार देशी कट्टा, जिंदा गोली, मोबाइल और बाइक बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने एक बड़ी आपराधिक घटना को समय रहते रोक दिया। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर को मिली गुप्त सूचना के आधार पर नगवां मोहल्ला के सरसतिया नदी किनारे एक अर्धनिर्मित मकान में छापेमारी की गई, जिसमें कुख्यात अपराधी ज्ञान प्रकाश तिवारी उर्फ राजन तिवारी समेत सात अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। सूचना के अनुसार राजन तिवारी जेल से बाहर आने के बाद किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था। एसपी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, उपाधीक्षक चिरंजीव कुमार मंडल, थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी और सशस्त्र जवानों की विशेष टीम गठित की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राजन तिवारी, प्रिंस कुमार, आकाश कुमार दुबे, पवन कुमार चंद्रवंशी, इनायत सिद्दीकी उर्फ ढिबरी, वैभव केशरी और संतोष सोनी को गिरफ्तार किया। उनके पास से चार देशी कट्टा, चार जिंदा 8 एमएम गोली, छह मोबाइल फोन और दो मोटरसाइकिल बरामद हुई। पूछताछ में अपराधियों ने पुलिस को बताया कि वे ट्रेन से उतरने वाले किसी व्यक्ति को लूटने की योजना बना रहे थे, लेकिन पुलिस की कार्रवाई ने उनकी योजना विफल कर दी। पुलिस सभी से उनके आपराधिक इतिहास और गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

### मुख्य सड़क पर बह रहा नाली का गंदा पानी, राहगीर परेशान

**रमना।** प्रखंड के भगत सिंह पंचमुहान चौक स्थित मुख्य सड़क पर घरों का गंदा नाली पानी बहाए जाने से राहगीरों और दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे जलजमाव और गड्ढों के कारण दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मार्ग नगर गढ़वा सहित कई पंचायतों को जोड़ने वाला मुख्य रास्ता है, जहां सुबह से देर रात तक लोगों और वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। सड़क पर बहते गंदे पानी से बदबू फैल रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। ग्रामीणों और दुकानदारों ने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी रोज इस रास्ते से गुजरते हैं, लेकिन समस्या के समाधान की दिशा में कोई पहल नहीं की जा रही है। लोगों ने जल्द नाली निर्माण और सड़क की सफाई कराने की मांग की है।

## अज्ञात बाइक की टक्कर से दो नाबालिग गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता**



**भवनाथपुर।** खरौंधी थाना क्षेत्र के अमरोरा गैस गोदाम के समीप बीती रात अज्ञात बाइक की टक्कर से दो नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को परिजनों की मदद से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही खरौंधी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और फरार बाइक चालक की तलाश शुरू कर दी है। घायलों में अमरोरा निवासी 12 वर्षीय जितेंद्र कुमार, पिता सभी सिंह तथा 14 वर्षीय किशन भूईया, पिता लालजी राम शामिल हैं। बताया जाता है कि दोनों किशोर रात में गैस गोदाम की ओर से मुख्य सड़क पर पैदल अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही एक बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और परिजनों को जानकारी देते हुए दोनों घायलों को निजी वाहन से भवनाथपुर सीएचसी पहुंचाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार बाइक चालक की पहचान में जुटी हुई है।

## जमीन सर्वे में गड़बड़ी के खिलाफ भाजपा करेगी आंदोलन

- पंचायत चुनाव 2027 की तैयारी को लेकर जिला बैठक आयोजित
- जिले में चल रहे जमीन सर्वे के दौरान कई अनियमितताएं सामने आ रही हैं

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी लातेहार जिला इकाई की मासिक बैठक रविवार को जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जमीन सर्वे में कथित गड़बड़ी, राज्य सरकार की नीतियों और पंचायत चुनाव 2027 की तैयारी को लेकर चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बंसी यादव ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री मनीर उरांव मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बंसी यादव ने कहा कि जिले में चल रहे जमीन सर्वे के दौरान कई अनियमितताएं सामने आ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों पहले बिक चुकी जमीनों को फिर से पुराने रैयतों के नाम पर दर्ज किया जा रहा है, जिससे गांवों में विवाद की स्थिति बन रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन जल्द सुधार नहीं करता है तो भाजपा आंदोलन करेगी। प्रदेश मंत्री मनीर उरांव ने कहा कि राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। उन्होंने पंचायत चुनाव 2027 को ध्यान में रखते हुए बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता की समस्याओं, खासकर जमीन, बिजली और पानी जैसे मुद्दों पर सक्रिय रहने को कहा। बैठक को पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राजधानी प्रसाद यादव, पंकज सिंह और अधिवक्ता राजीव रंजन पांडेय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अमलेश सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री छोटू राजा ने किया। बैठक में महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और विभिन्न मंडलों के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### फर्जी कागजात के सहारे बेची गई चोरी की 17 बाइक बरामद

# दो नामजद आरोपी पर प्राथमिकी दर्ज, गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में छापेमारी जारी

**नवीन मेल संवाददाता**









**बारियातू।** पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले एक बड़े गिरोह का खुलासा करते हुए चोरी की 17 बाइक बरामद की है। गिरोह के सदस्य विभिन्न इलाकों से बाइक चोरी कर फर्जी कागजात बनाने का झांसा देकर बारियातू थाना क्षेत्र के गांवों में कम कीमत पर ग्रामीणों को बेच रहे थे।

शनिवार को थाना परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता में थाना प्रभारी रंजन कुमार पासवान ने बताया कि ग्रामीणों को धोखे में रखकर चोरी की बाइक बेचे जाने की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की। इस मामले में बारियातू थाना में विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। कौआखाप निवासी साजिद अंसारी और ककराईगढ़ा निवासी रोहित कुमार को नामजद आरोपी बनाया गया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जानकारी लातेहार एसपी को दी गई, जिसके बाद बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने बारियातू थाना क्षेत्र के कई गांवों में सघन जांच और सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीणों ने भी पुलिस का सहयोग किया।

जांच और पूछताछ के दौरान आरोपियों से खरीदी गई कुल 17 बाइक जब्त कर थाना लाई गई। पुलिस अब बाइक के इंजन और चेचिस नंबर के आधार पर असली मालिकों की पहचान करने में जुटी है। थाना प्रभारी ने कहा कि मामले में आगे भी लगातार जांच और छापेमारी जारी रहेगी।

उन्होंने बताया कि नामजद आरोपी साजिद अंसारी (40) और रोहित कुमार (22), जो लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र के कौआखाप गांव का है, को पूर्व में घाघरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर गुमला मंडल कारा भेजा जा चुका है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी रंजन कुमार पासवान, पुलिस अवर निरीक्षक अनुप कुमार, जितेंद्र कुमार, छोटू पंडा, कमलाकांत हजाम, सुशिला कुमार सिंह, दिनेश कुमार सहित थाना और मनातु पिकेट के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### महुआडांड़ में नियमों को ताक पर रख दौड़ रहे ट्रैक्टर

**महुआडांड़।** प्रखंड क्षेत्र में परिवहन नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। बिना व्यावसायिक निबंधन, फिटनेस और प्रदूषण प्रमाण पत्र के सैकड़ों ट्रैक्टर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इन ट्रैक्टरों का उपयोग मुख्य रूप से बालू के अवैध परिवहन में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार अधिकांश ट्रैक्टर कृषि कार्य के नाम पर पंजीकृत हैं, लेकिन उनका उपयोग व्यवसायिक कार्यों में हो रहा है। तकनीकी रूप से अनफिट ये वाहन सड़क पर लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं।

साथ ही इनसे प्रदूषण और राजस्व नुकसान की समस्या भी बढ़ रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि कई ट्रैक्टर नाबालिग और बिना लाइसेंस वाले युवक चला रहे हैं। बिना प्रशिक्षण के तेज रफ्तार में वाहन चलाने से दुर्घटना का खतरा लगातार बना रहता है। बाजार और स्कूल क्षेत्रों में इन ट्रैक्टरों की आवाजाही से स्थानीय लोग परेशान हैं। इस मामले में एसडीओ बिपिन कुमार दुबे ने कहा कि क्षेत्र में लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मईंया सम्मान योजना व पेंशन सत्यापन के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद (पलामू)।** राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना और पेंशन योजनाओं में पारदर्शिता लाने के लिए चलाए जा रहे सत्यापन अभियान पर सवाल उठने लगे हैं। प्रखंड के बेल बिगहा पंचायत स्थित धावाबार केंद्र की एक आंगनबाड़ी सेविका पर लाभुकों से अवैध वसूली करने का आरोप लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के लाभुकों से सत्यापन के नाम पर 200 रुपये तथा पेंशनधारियों से 100 रुपये लिए जा रहे हैं। आरोप है कि जो लोग पैसे नहीं दे रहे हैं, उनका सत्यापन रोकने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार द्वारा पेंशन योजनाओं में गड़बड़ी रोकने और मृत लाभुकों के खातों में जा रही राशि की जांच के लिए फिजिकल वेरिफिकेशन कराया जा रहा है। इसी प्रक्रिया का फायदा उठाकर कुछ लोग लाभुकों से पैसे वसूल रहे हैं। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं हुसैनाबाद बीडीओ सह सीडीपीओ सुनील वर्मा ने बताया कि मामले की शिकायत मिली है।

## आंधी-बारिश से सतबरवा में अफरा-तफरी

**नवीन मेल संवाददाता**



**सतबरवा।** शनिवार देर शाम सतबरवा और आसपास के क्षेत्रों में अचानक तेज आंधी और हल्की बारिश से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कुछ ही मिनटों में मौसम बदलने से बाजार और ग्रामीण इलाकों में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज हवाओं के कारण कई दुकानों के करकट और तिरपाल उड़ गए। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में कई घरों में बारिश का पानी घुस गया। जोड़ा गांव निवासी विश्वनाथ प्रजापति के घर पर लगा टीना का करकट तेज हवा में क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि काफी मेहनत से घर में करकट लगवाया था, लेकिन आंधी में सब बर्बाद हो गया। इधर सतबरवा बाजार में एक दुकान के ऊपर लगा बड़ा टीना का शेड काफी देर तक हवा में लहराता रहा। इससे बाजार में मौजूद लो गों के बीच दहशत फैल गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यदि करकट किसी राहगीर पर गिर जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। करमा गांव में आंधी के साथ ओलावृष्टि भी हुई। सामाजिक कार्यकर्ता जुम्मन मियां के घर में पानी और ओले घुस गए। वहीं रामघाट क्षेत्र में एक बड़ा पेड़ 11 हजार वोल्ट बिजली तार पर गिर गया।

## सात माह से बंद पड़ी है मलय नहर 105 गांवों की खेती पर संकट

**नवीन मेल संवाददाता**



**सतबरवा।** पलामू जिले की जीवनरेखा मानी जाने वाली मलय नहर पिछले सात माह से टूटकर बंद पड़ी है। अब तक उसकी स्थायी मरम्मत नहीं हो सकी है, जिससे सतबरवा, मेदिनीनगर और लेस्लीगंज प्रखंड के 105 गांवों के हजारों किसानों के सामने गंभीर सिंचाई संकट खड़ा हो गया है। धान रोपनी का समय नजदीक आने से किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही है। भाजपा नेता आशिष कुमार सिन्हा ने शनिवार को पलामू उपायुक्त को आवेदन देकर मलय नहर की जल्द मरम्मत कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि 18 दिसंबर 2025 को भी प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष बरसात के दौरान मलय डैम का फाटक समय पर बंद नहीं किए जाने से लगातार पानी नहर में बहता रहा। इसी दौरान 10 नवंबर 2025 को सतबहिनी मुरमा स्थित चेन संख्या-18 के पास नहर टूट गई। आरोप है कि विभागीय लापरवाही के कारण डैम का करीब 20 फीट पानी व्यर्थ बह गया और आज तक नहर की मरम्मत नहीं हो सकी। मलय डैम से तीन प्रखंडों के 105 गांवों की लगभग 1 लाख 55 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होती है।

## खरीफ सीजन से पहले प्रशासन अलर्ट कांडी में पांच खाद दुकानों की जांच

**कांडी।** आगामी खरीफ मौसम को देखते हुए किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने और कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के निर्देश पर शुक्रवार को कांडी प्रखंड क्षेत्र की पांच खाद दुकानों की सघन जांच की गई। जांच अभियान का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने किया। जांच के दौरान खाद दुकानों में लाइसेंस की स्थिति, पीओएस मशीन, स्टॉक रजिस्टर, वितरण पंजी एवं गोदाम व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने दुकानदारों को सख्त निर्देश दिया कि किसानों को निर्धारित सरकारी दर पर ही खाद उपलब्ध कराई जाए और किसी भी प्रकार की कृत्रिम कमी या कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जांच टीम ने सभी खाद विक्रेताओं को अपने प्रतिष्ठान के बाहर उपलब्ध खाद का स्टॉक एवं मूल्य सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। साथ ही रिकॉर्ड को अद्यतन रखने एवं वितरण प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बनाए रखने की हिदायत दी गई।

## कुएं से युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के अरसली दक्षिणी पंचायत अंतर्गत बहेरवाखाड़ी टोला निवासी 35 वर्षीय कालिका भुइयाँ का शव रविवार को मकरी गांव के कड़िया टोला स्थित एक कुएं से बरामद किया गया। शव मिलने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह कुछ बच्चे कुएं के पास खेल रहे थे। इसी दौरान बच्चों ने कुएं के अंदर बड़े मेंढक को देखकर पत्थर फेंका। तभी उन्हें कुएं में एक शव दिखाई दिया। बच्चों ने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों द्वारा मामले की जानकारी भवनाथपुर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रजनी रंजन एवं एसआई नारायण प्रसाद पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने बताया कि कालिका भुइयाँ बीते 7 मई की शाम से लापता थे। उसी दिन गांव में एक बारात में उन्होंने डांस भी किया था।

## पेज एक के शेष

### करोड़ों की ठगी...

इसके बाद उसे एक वेबसाइट के जरिए निवेश करने के लिए कहा गया। शुरुआत में ठगों ने फर्जी मुनाफा दिखाकर पीड़ित का भरोसा जीता। जब भरोसा बन गया तो अलग-अलग तारीखों में विभिन्न बैंक खातों में निवेश के नाम पर बड़ी रकम जमा करवाई जाने लगी। धीरे-धीरे यह रकम बढ़ती गई और आखिरकार पीड़ित से करीब 8 करोड़ 52 लाख रुपये की ठगी कर ली गई।

### आकाशीय बिजली गिरने...

परिजन उसे इलाज के लिए रांची ले जा रहे थे,लेकिन रास्ते में उसकी हालत और बिगड़ गई। रांची पहुंचने पर परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अमन महतो गांव स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुकुरहुटू में सातवीं कक्षा का छात्र था। वहीं उसका छोटा भाई अमित महतो इसी विद्यालय में पांचवीं कक्षा में पढ़ाई करता है। अमन की मौत की खबर मिलते ही गांव में मातम पसर गया। माता-पिता एवं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने भी इस घटना पर गहरा दुख जताया है। घटना की सूचना मिलते ही रविवार को पुलिस गांव पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया।

### एनसीईआरटी की नकली...

जांच के दौरान अधिकारियों ने दुकानों में रखी एनसीईआरटी की किताबों की बारीकी से पड़ताल की। इस दौरान कई किताबों पर असली पहचान वाला होलोग्राम नहीं पाया गया। इसके अलावा किताबों के पन्नों की गुणवत्ता, प्रिंटिंग और बाइंडिंग भी मानक के अनुरूप नहीं मिली। प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक, शुरुआती जांच में किताबों के नकली होने की आशंका मजबूत हुई है।

### दुकानदारों पर कॉपीराइट...

या धोखाधड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे बच्चों के लिए किताबें केवल अधिकृत और विश्वसनीय दुकानों से ही खरीदें। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना प्रशासन को देने को कहा गया है।

### जनगणना का दूसरा...

अधिकारियों ने बताया कि प्रथम चरण में स्व-गणना का कार्य 15 मई तक पूरा करना है। हर जानकारी रहेगी गोपनीयजिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नागरिकों द्वारा दी गई सभी जानकारियां पूरी तरह गोपनीय रखी जाएंगी। जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत किसी भी व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी साझा नहीं की जाती है। सभी आंकड़े सुरक्षित सर्वर पर एन्क्रिप्टेड रूप में संग्रहित किए जाते हैं और प्रकाशित रिपोर्ट में केवल सामूहिक आंकड़े ही प्रदर्शित किए जाते हैं। जनगणना से प्राप्त जानकारी का उपयोग टैक्स, पुलिस या किसी जांच संबंधी कार्य में नहीं किया जाएगा।

### हजारीबाग के गोरहर...

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग भेज दिया। पहली घटना के कुछ ही समय बाद सुबह करीब 10 बजे गोरहर गांव के समीप एक और सड़क हादसा हो गया। यहां एक के बाद एक चार वाहन आपस में टकरा गए। इस श्रृंखलाबद्ध दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

### गृह मंत्रालय ने...

पूरी जनगणना प्रक्रिया की नींव हैं। इन कार्यों को तय समय सीमा के भीतर पूरा करना बेहद जरूरी है। निदेशक ने आगामी आत्म गणना और मकान सूचीकरण कार्यों में भी निगम से इसी तरह सहयोग बनाए रखने की अपेक्षा जताई है।

**डिजिटल तकनीक व टीमवर्क से मिली सफलता :** नगर निगम प्रशासन ने इस उपलब्धि का श्रेय निगम के अधिकारियों, सुपरवाइजरों, फील्ड कर्मियों और तकनीकी टीम को दिया है। निगम के मुताबिक डिजिटल तकनीक और बेहतर समन्वय के जरिए सभी कार्य समय पर पूरे किए गए।

**मॉडल के रूप में काम करेगा निगम :** नगर निगम ने कहा कि यह प्रशंसा पत्र केवल सम्मान नहीं, बल्कि आगे के कार्यों को और अधिक दक्षता के साथ पूरा करने की प्रेरणा है। निगम प्रशासन ने दावा किया कि रांची नगर निगम भविष्य में भी राज्य और देश के लिए मॉडल के रूप में अपनी भूमिका निभाता रहेगा।

### जीआईएस मैपिंग पर...

इसके तहत निगम की विभिन्न परिसंपत्तियों, भवनों, बाजारों, कार्यालयों, बस टर्मिनलों, सामुदायिक भवनों और अन्य शहरी संपत्तियों को जीआईएस प्लेटफॉर्म पर डिजिटल रूप से चिन्हित एवं मैप किया गया। भारत सरकार द्वारा किए गए मूल्यांकन में इस पहल को शहरी शासन सुधार के अंतर्गत सराहा गया। इसी आधार पर झारखंड राज्य को 5 करोड़ की प्रोत्साहन राशि के लिए पात्र माना गया। यह राशि नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार को प्रदान की जाएगी। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार इस पहल से भविष्य में शहरी परिसंपत्तियों के बेहतर प्रबंधन, निगरानी, राजस्व वृद्धि, योजना निर्माण और पारदर्शी प्रशासन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही जीआईएस आधारित डेटा स्मार्ट सिटी और डिजिटल गवर्नेंस से जुड़ी आगामी परियोजनाओं के लिए भी उपयोगी साबित होगा। रांची नगर निगम ने इस उपलब्धि के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार, झारखंड स्पेस एप्लीकेशन सेंटर तथा इस कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### रोलिंग ब्लॉक का...

रेलवे ने बताया कि 18036 हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस 13 मई और 16 मई को हटिया से 120 मिनट की देरी से खुलेगी। इसके अलावा 18601 टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस 12 मई को चांडिल-पुरुलिया-कोटशिला-मुरी मार्ग के बजाय चांडिल-गुंडा बिहार-मुरी मार्ग से चलेगी।




# आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूरे, पीएम मोदी ने ध्यान मंदिर का किया उद्घाटन

एजेंसी। बेंगलुरु

## पीएम मोदी-गुरुदेव मिलन में झलका सशक्त भारत का संकल्प



- आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य समारोह आयोजित
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ध्यान मंदिर का उद्घाटन किया
- गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के 70वें जन्मदिवस पर विशेष आयोजन
- देशभर में नौ राष्ट्रव्यापी सेवा पहलों की शुरुआत

आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर शनिवार को एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक आयोजन का साक्षी बना, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संस्था के 45 वर्ष पूर्ण होने और इसके संस्थापक गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के 70वें जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में भाग लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने अत्याधुनिक ध्यान मंदिर का उद्‌घाटन किया और शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य सेवा, डिजिटल साक्षरता, ग्रामीण विकास और जेल सुधार से जुड़ी नौ राष्ट्रव्यापी सेवा पहलों की शुरुआत की। समारोह में देश-विदेश से आए लाखों साधकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी ने आयोजन को वैश्विक स्वरूप प्रदान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की बहुप्रतीक्षित मुलाकात कार्यक्रम का सबसे खास क्षण रही। दोनों के बीच आत्मीयता, स्नेह और राष्ट्र निर्माण को लेकर साझा संकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में गुरुदेव को भारत की 'देने' की सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक बताते हुए कहा कि वे दुनिया भर में ज्ञान, शांति और आशा का संदेश फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवा भाव और स्पष्ट संकल्प के साथ किया गया हर कार्य सफल होता है। प्रधानमंत्री ने नवनिर्मित ध्यान मंदिर को आने वाली पीढ़ियों के लिए शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में अध्यात्म, मानसिक स्वास्थ्य, योग और ध्यान की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि भारत को ऐसे युवाओं की जरूरत है जो मानसिक रूप से शांत, सामाजिक रूप से जिम्मेदार और संवेदनशील हों। उन्होंने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग जैसे संगठन समाज में जुड़ाव, अपनापन और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी सरकार तभी सफल हो सकती है जब समाज राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाए। भारत की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में वैश्विक नेता बन चुका है और स्टार्टअप के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम है।

उन्होंने कहा कि भारत के युवा आज अंतरिक्ष तक अपनी पहुंच बना रहे हैं और नई तकनीकों के माध्यम से देश को नई दिशा दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन उपलब्धियों के पीछे युवाओं की ऊर्जा और आर्ट ऑफ लिविंग जैसी संस्थाओं का सकारात्मक योगदान है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुरुदेव श्री श्री रविशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भारत आज आत्मविश्वास और गर्व के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश और विदेश में शांति स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। गुरुदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत मांगने वाला नहीं बल्कि दुनिया को देने वाला देश बन गया है। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि देश पहले की तुलना में अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और आत्मविश्वास से भरा हुआ दिखाई देता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जिन सेवा पहलों का शुभारंभ किया, उनमें मिशन ग्रीन अर्थ प्रमुख रहा। संस्था ने पिछले एक वर्ष में 19 राज्यों और 121 जिलों में 90 लाख से अधिक पौधे लगाने की जानकारी दी। अब संगठन ने 45 लाख मोरिंगा पौधे और 87,500 पवित्र वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा है।

## पाकिस्तान में बड़ा हमला : विद्रोहियों के हमले में 21 पुलिसकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद** । पाकिस्तान के लिए शनिवार खूनी साबित हुआ है। इस दिन उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में एक पुलिस चौकी पर हुए विद्रोहियों के हमले में 21 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हो गए। बताया जा रहा है कि विद्रोहियों ने पहले पुलिस चौकी पर कार बम धमाका किया। इसके बाद उन्होंने जोरदार गोलीबारी की। इससे पुलिसकर्मियों को संभलने और जवाबी कार्रवाई का मौका ही नहीं मिला। हमले के बाद विद्रोही पुलिसकर्मियों के हथियारों को लूटने के बाद मौके से फरार हो गए। इस हमले की जिम्मेदारी हथियारबंद गुटों के एक गठबंधन 'इत्तेहाद-उल-मुजाहिदीन पाकिस्तान' ने ली है। यह हमला शनिवार देर रात खैबर पख्तूनख्वा के एक जिले बन्नू में किया गया। बन्नू अफगानिस्तान सीमा से जुड़ा हुआ पाकिस्तान का जिला है।

## खार्ग आइलैंड एक्सपोर्ट हब के पास तेल लीक की खबरें बेबुनियाद : ईरान

**तेहरान** । ईरान ने अपने प्रमुख व्यापारिक केंद्र के तौर पर पहचाने जाने वाले खार्ग द्वीप में तेल रिसाव की खबरों का खंडन किया है। सेटेलाइट इमेज के आधार पर तेल लीक का दावा किया गया था। अब रॉयटर्स के मुताबिक, ईरान की ऑयल टर्मिनल्स कंपनी ने तेल लीक की खबरों को बेबुनियाद बताया है। दरअसल, सैटेलाइट इमेजरी में खाड़ी में देश के मुख्य तेल एक्सपोर्ट हब के पश्चिम में एक चिकनी परत दिखी थी इसी आधार पर रिसाव का दावा किया गया था। कंपनी के चीफ एग्जीक्यूटिव ने कहा कि निरीक्षण में द्वीप के पास स्थित स्टोरेज टैंक, पाइपलाइन, लोडिंग फैसिलिटी या टैंकर से लीक के कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। उन्होंने आगे कहा कि मरीन इमरजेंसी म्यूचुअल एड सेंटर (एमईएमएसी), जो एक रीजनल मरीन पॉल्यूशन बॉडी है।

# बलात्कार पीड़ित नाबालिग मांओं के बच्चों की नीति पर सवाल

## आरोपी को कठोर दंड नहीं, सजा दिलाना भी आसान नहीं




कृष्णमोहन सिंह

**नई दिल्ली।** भारत में हर साल बलात्कार का शिकार हजारों नाबालिग बालिकाएं गर्भवती हो जाती हैं और कानून की मजबूरी में बच्चे को जन्म देना पड़ता है। लेकिन समाज, परिवार व सरकार तीनों तरफ से इन पीड़िताओं और उनके अनचाहे बच्चों पर दोहरा अत्याचार होता है। सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसलों में इस मुद्दे पर गहन बहस हुई है, जहां अदालत ने बलात्कार से हुई गर्भावस्था में समय सीमा हटाने और पीड़िता के अधिकार की बात कही है।एनसीआरबी आंकड़ों के अनुसार, 2023 में बच्चों के खिलाफ अपराध के एक लाख सतहत्तर हज़ार तीन सौ पैंतीस (1,77,335) मामले दर्ज हुए, जो 2022 से 9.2% अधिक हैं। इनमें बाल बलात्कार (पास्को एक्ट के तहत) के 40,434 मामले थे — 2017 के 17,557 से दोगुने से अधिक।भाजपा शासित महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में सबसे ज्यादा मामले।इनमें 97% से अधिक मामलों में आरोपी पीड़िता को जानने वाला होता है — रिश्तेदार, पड़ोसी या भरोसेमंद व्यक्ति।ये आंकड़े सिर्फ दर्ज मामले हैं। वास्तविक संख्या कहीं ज्यादा है क्योंकि डर, शर्म और सामाजिक दबाव से कई मामले रिपोर्ट ही नहीं होते।

डेटा चार्ट: बाल बलात्कार के बढ़ते मामले-
(स्रोत: NCRB रिपोर्ट्स)

| वर्ष | बाल बलात्कार मामले |
|---|---|
| 2017 | 17,557 |
| 2020 | 28,065 |
| 2023 | 40,434 |

एक साधारण बार चार्ट जिसमें वर्षों के साथ मामले तेजी से बढ़ते दिख रहे हैं।ये आंकड़े सिर्फ दर्ज मामले हैं। वास्तविक संख्या कहीं ज्यादा है क्योंकि डर, शर्म और सामाजिक दबाव से कई मामले रिपोर्ट ही नहीं होते।

### पीड़िताओं की दुर्दशा और न्याय की ढिलाई-

नाबालिग पीड़िताएं अक्सर लक्षण समझ नहीं पातीं। जब पता चलता है तो देर हो चुकी होती है। परिवार का सहयोग नहीं मिलता, बल्कि उपेक्षा और आरोप झेलने पड़ते हैं। पढ़ाई छूट जाती है, अवसाद और आत्महत्या की नौबत आ जाती है। गरीब परिवार की बच्ची के पास बेहतर वकील या केस लड़ने का पैसा नहीं होता। पुलिस द्वारा रिपोर्ट लिखने में देरी, जांच में लापरवाही और अदालत में सालों लंबी सुनवाई आम है।और सज़ा तो बलात्कार मामलों में मात्र 27-28% के आसपास है।पोस्को मामलों में भी सजा बहुत कम, लंबित केसों का ढेर। अपराधी घूमते रहते हैं, पीड़िता जीवन भर त्रासदी झेलती है।

### सरकार की योजनाएं

जैसे निर्भया फंड के तहत शेल्टर ,लीगल एड आदि — कागजों तक सीमित रह जाती हैं। मुआवजा मिल भी जाए तो पालन-पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक स्वीकृति कहां से आए? लखनऊ जैसी घटनाओं में पीड़िता परिवार नवजात को लेने से इनकार कर देता है। ऐसे बच्चे अनाथाश्रमों या समाज की दया पर निर्भर रहते हैं — भविष्य में स्टिग्मा, आईडेंटिटी क्राइसिस और मानसिक समस्याओं का शिकार होते हैं।कानून के अनुसार बलात्कार पीड़िता को गर्भपात का विकल्प सीमित है। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में 15 वर्षीय पीड़िता को 30 सप्ताह की गर्भावस्था समाप्त करने की अनुमति दी और केंद्र से कानून में संशोधन की सिफारिश की। अदालत ने साफ कहा — अनचाहा गर्भ थोपना आर्टिकल 21 का उल्लंघन है।

### दुत्कार व मजबूरी का दुश्चक्र

पीड़िता की कोई गलती नहीं, फिर भी समाज उसे दोषी ठहराता है।ज्यादातर मामले में गरीबी और बेसहारा या परिचित होने का फायदा उठाकर बलात्कार होता है, फिर बच्चा पैदा करने की मजबूरी। सरकार क्यों इन बच्चों को पालने की जिम्मेदारी नहीं लेती, या बालात्कारी की संपत्ति कुर्क करके ऐसे बच्चों का पालन - पोषण की नीति बनाती है? हालत यह है कि विशेष नीति, शिक्षा, स्वास्थ्य व पुनर्वास की कमी साफ दिखती है। कई उच्च न्यायालयों ने मां को अलग मुआवजा या दोषी की संपत्ति में अधिकार की बात कही, लेकिन अमल कहां होता है? ऐसे में कड़ी सजा का अभाव अपराधियों को बढ़ावा देता है। मौत की सजा या केमिकल बधिया करण जैसे प्रावधानों की चर्चा होती है, लेकिन रोकथाम नहीं दिखता। जबकि संघ -भाजपा "राम राज्य" का दावा करते हैं, हकीकत में नाबालिगों की सुरक्षा और न्याय की स्थिति चिंताजनक है।समाज को संवेदनशीलता व कानून को व्यावहारिक बनाना जरूरी है। सिर्फ मुआवजा या घोषणाएं काफी नहीं। नाबालिग मांओं और उनके बच्चों के लिए समग्र नीति, तेज न्याय, सामाजिक बदलाव और अपराधियों को कड़ी सजा की मांग हर स्तर पर कुछ दिन उठती है , बाद में सब ठंडा पड़ जाता है। फिर कोई नाबालिग बालात्कार केस , फिर पीड़िता व उससे पैदा हुए बच्चे की नरक वाली ज़िंदगी । क्या राम राज्य में भी यह दुश्चक्र कई कमजोर ,गरीब , जिसकी कोई गलती नहीं हो, ऐसी बालात्कार पीड़ित नाबालिक बच्चियों , लड़कियों व महिलाओं व उनकी पीढ़ियों को नष्ट करता रहेगा?


हंता वायरस संकट

## एमवी होंडियस क्रूज जहाज पहुंचा स्पेन के टेनेरिफ द्वीप

**मैड्रिड** । हंता वायरस प्रकोप के कारण चर्चा में आया एमवी होंडियस क्रूज जहाज रविवार को पोर्ट ऑफ ग्रैनाडिला पहुंचा। इसमें 140 से ज्यादा लोग सवार हैं। स्पेन की स्वास्थ्य मंत्री मोनिका गार्सिया ने बताया कि मेडिकल टीमों ने जहाज पर सवार यात्रियों और चालक दल सदस्यों की जांच की, इसके बाद यात्रियों को एक-एक कर सावधानी से उतारने का अभियान चलाया गया। मोनिका गार्सिया ने द्वीप पर पहुंचकर कहा, "14 स्पेनिश यात्रियों को सबसे पहले जहाज से उतारा जाएगा। उन्हें एफपीपीपी2 मास्क पहना कर ले जाया जाएगा। वहीं, बस ट्रांसफर और लॉजिस्टिक्स से जुड़े सभी लोगों के लिए भी मास्क पहनना अनिवार्य किया गया।

## झुकेंगे नहीं बातचीत का अर्थ आत्मसमर्पण नहीं : ईरानी राष्ट्रपति

**तेहरान** । ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने अमेरिका के साथ चल



रही शांति वार्ता को उसकी कमजोरी न समझने की हिदायत दी है। रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट में पेजेश्कियन ने अपनी बात रखी। एक्स पोस्ट में उन्होंने कहा, "हम दुश्मन के सामने सिर नहीं झुकाएंगे। अगर बातचीत या मोलभाव की बात उठती है, तो इसका मतलब सरेंडर (आत्मसमर्पण) या पीछे हटना नहीं है। बल्कि, इसका मकसद ईरान के अधिकारों को बनाए रखना और पूरी मजबूती के साथ राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना है।

# भविष्य की सबसे बड़ी ताकत वह होगी, जो सूचना को नियंत्रित करेगी

कृष्णमोहन सिंह

**नई दिल्ली।** "भविष्य की सबसे बड़ी ताकत वह होगी, जो सूचना को नियंत्रित करेगी।" युवाल नोआ हरारी की पुस्तक 'नेक्सस' का यह विचार आज भारतीय राजनीति के सबसे विवादित और बेचैन कर देने वाले प्रश्नों के केंद्र में खड़ा दिखाई देता है। सवाल सिर्फ चुनाव जीतने का नहीं रह गया है, बल्कि उस पूरी व्यवस्था का है, जहाँ सत्ता, तकनीक, एआई, डिजिटल मीडिया और संस्थागत ताकत मिलकर लोकतंत्र की दिशा तय करने लगे हैं। पश्चिम बंगाल के हालिया चुनावों को लेकर उठ रहे आरोप इसी बड़े संकट की ओर इशारा करते हैं। विपक्षी दलों और कई राजनीतिक विश्लेषकों का आरोप है कि पश्चिम बंगाल में चुनाव केवल लोकतांत्रिक प्रक्रिया नहीं रहे, बल्कि उन्हें "पूरी तरह नियंत्रित राजनीतिक अभियान" में बदल दिया गया। मतदाता सूची पुनरीक्षण और कथित तौर पर नाम काटे जाने को लेकर सवाल उठे। चुनाव शुरू होने से पहले ही पूरे राज्य में केंद्रीय सुरक्षा बलों की व्यापक तैनाती को लेकर भी बहस छिड़ी रही। आरोप लगे कि मतदान से लेकर मतगणना तक केंद्रीय संस्थाओं और कर्मचारियों की भूमिका असामान्य रूप से बढ़ा दी गई, जिससे चुनाव की निष्पक्षता प्रभावित हुई।राजनीतिक हलकों में सबसे अधिक चर्चा इस बात को लेकर हुई कि लंबे समय तक बंगाल की राजनीति की केंद्रीय धुरी रहीं ममता बनर्जी को सत्ता से बाहर होना पड़ा, जबकि भाजपा ने भारी बहुमत के साथ सरकार बना ली। दूसरी पार्टी से भाजपा में आए सुवेन्दु अधिकारी को मुख्यमंत्री बनाए जाने को विपक्ष ने "राजनीतिक इंजीनियरिंग" का उदाहरण बताया। आलोचकों का आरोप है कि यह केवल चुनावी जीत नहीं, बल्कि सत्ता व संसाधनों के केंद्रीकृत इस्तेमाल का परिणाम था। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम का सबसे खतरनाक पहलू डिजिटल और एआई आधारित प्रचार को माना जा रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर बड़े पैमाने पर लक्षित राजनीतिक संदेश, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण वाले वीडियो, ट्रोल नेटवर्क, एडिटेड क्लिप और डेटा आधारित प्रचार अभियानों ने चुनाव को "मनोवैज्ञानिक युद्ध" में बदल दिया। हरारी अपनी पुस्तक में चेतावनी देते हैं कि एआई अब सिर्फ इंसानों के आदेश मानने वाली तकनीक नहीं रही, बल्कि वह एक "स्वतंत्र एजेंट" की तरह काम कर सकती है — ऐसा एजेंट जो इंसानी भावनाओं, डर और सामाजिक विभाजनों को समझकर उन्हें राजनीतिक हथियार में बदल दे। बंगाल चुनाव में यही आशंका सबसे गहरी दिखाई दी। विपक्ष का कहना है कि गोदी मीडिया और डिजिटल प्रचार मशीनरी ने लगातार ऐसा माहौल बनाया, जिसमें जनता तक एकतरफा राजनीतिक नैरेटिव पहुँचाया गया। टीवी चैनलों की बहसों से लेकर सोशल मीडिया ट्रेंड तक, हर जगह चुनाव को राष्ट्रवाद, धर्म और भावनात्मक ध्रुवीकरण के फ्रेम में पेश किया गया। लोकतंत्र का मूल प्रश्न — जनता की वास्तविक समस्याएं — पीछे छूटता चला गया। इसी बीच भाजपा और संघ परिवार की कथनी और करनी को लेकर भी नए सवाल उठ खड़े हुए। आलोचक कहते हैं कि राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक गौरव की राजनीति करने वाली ताकतें खुद अपने तय प्रतीकों को राजनीतिक सुविधा के हिसाब से इस्तेमाल करती दिखाई देती हैं। पश्चिम बंगाल में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान "वंदे मातरम्" को लेकर उठी बहस हो या फिर 10 मई 2026 को तमिलनाडु में विजय के शपथ समारोह में पहले "वंदे मातरम्" और बाद में राष्ट्रगान गाए जाने का घटनाक्रम — विपक्ष इसे भाजपा और संघ के "दोहरे चरित्र" का उदाहरण बता रहा है। सवाल उठ रहे हैं कि क्या राष्ट्रवाद अब संवैधानिक मूल्य नहीं, बल्कि राजनीतिक रणनीति बन चुका है? लोकतंत्र केवल चुनाव कराने से नहीं बचता; वह संस्थाओं की निष्पक्षता, मीडिया की स्वतंत्रता और जनता की स्वतंत्र चेतना से बचता है। लेकिन जब चुनाव आयोग, जांच एजेंसियों, मीडिया व डिजिटल प्लेटफॉर्मों की निष्पक्षता पर लगातार सवाल उठने लगें, तब लोकतंत्र के भीतर अविश्वास गहराने लगता है। हरारी की "नेक्सस" इसी खतरे की ओर संकेत करती है — सूचना पर कब्ज़ा ही भविष्य की सबसे बड़ी सत्ता होगी। भारत आज उसी मोड़ पर खड़ा दिखाई देता है, जहाँ चुनावी लोकतंत्र और "डिजिटल लोकतंत्र" के बीच संघर्ष तेज़ हो चुका है। अगर सत्ता, तकनीक और संस्थागत ताकत का यह गठजोड़ इसी तरह बढ़ता रहा, तो आने वाले समय में जनता केवल वोट डालेगी, लेकिन फैसले डेटा, एल्गोरिद्म और प्रचार मशीनों के जरिए पहले ही तय कर दिए जाएंगे। लोकतंत्र का सबसे बड़ा संकट अब समाज व जनता को रात दिन प्रभावित कर रहे मोबाइल स्क्रीन व डिजिटल नेटवर्कों के भीतर जन्म ले चुका है।

